CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

मेरठ, बुधवार 14 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 225 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'प्रगति' पोर्टल से सुशासन को मिली नई गति, 97 फीसद मामलों का हुआ समाधानः योगी पेज 2



भारत की नजरें न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज जीतने पर खेल टाइम्स



गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं सम्पादकीय



ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाया पेज 12

# भारत ने संभाली 10 देशों के समूह ब्रिक्स 2026 की कमान

शाह टाइम्स ब्यूरो




- विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने लॉन्च किए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट
- 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष करेगा पूरे

**नई दिल्ली।** भारत ने 10 देशों के समूह 'ब्रिक्स' की अध्यक्षता औपचारिक रूप से संभालते हुए वर्ष 2026 के लिए आधिकारिक लोगो व वेबसाइट लॉन्च की।

इस वर्ष के अंत में भारत 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कमल के आकार वाले लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता और इस लोगो के माध्यम से 'मानवता प्रथम और जन-केंद्रित दृष्टिकोण' को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत का प्रयास ब्रिक्स देशों की क्षमता को वैश्विक कल्याण के लिए एकजुट करना होगा। डा. जयशंकर ने कहा कि जब भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालने की तैयारी कर रहा है, तो यह इस समूह की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने कहा कि 2026 में ब्रिक्स अपनी स्थापना के 20 वर्ष पूरे कर लेगा। इन वर्षों में यह समूह उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि बीते सालों में ब्रिक्स ने बदलती वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अपने एजेंडे और सदस्यता का विस्तार किया है। साथ ही आम जनता को केंद्र में रखने वाला विकास इस समूह की प्राथमिकता रहा है, जिससे बातचीत और व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा मिला है। डा. जयशंकर ने कहा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण जटिल और परस्पर जुड़ी चुनौतियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक विषमताओं, जलवायु जोखिमों और तकनीकी परिवर्तनों से घिरा है। ऐसे में ब्रिक्स एक महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है, जो अलग-अलग समय पर अलग-अलग देशों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए संवाद, सहयोग और व्यावहारिक समाधनों को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने लोगो की विशेषता बताते हुए कहा कि इसमें परंपरा और आधुनिकता का समावेश है। इसकी पंखुड़ियों में सभी ब्रिक्स सदस्य देशों के झंडों के रंग शामिल हैं, जो विविधता में एकता और साझा उद्देश्य की भावना को दर्शाते हैं।

# उत्तराखंड में झरना जमा यूपी में दो लोगों की मौत

- राजस्थान में तापमान माइनस एक डिग्री

**नई दिल्ली।** पहाड़ी राज्यों में बढ़ती सर्दी ०बर्फबारी के असर से मध्य प्रदेश, उप्र, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली में तेज सर्दी जारी है।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने का पानी जम गया है। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और रुद्रप्रयाग के केदारनाथ धाम में तापमान लगातार दूसरे दिन -16 डिग्री सेल्सियस रहा। हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में कोल्ड डे की स्थिति है। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सर्दी से 2 लोगों की मौत हुई। मंगलवार को 23 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। बरेली का तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सर्दी के कारण 8वीं तक के स्कूल नोएडा में 15 जनवरी, झांसी में 14 और गोरखपुर-आगरा-बिजनौर में 13 जनवरी तक बंद रखे गए हैं। गाजियाबाद में 5वीं तक के स्कूल 15 जनवरी तक बंद रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 'जन नायकन' फिल्म पर रोक लगाना मोदी का तमिल संस्कृति पर हमला : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि तमिल फिल्म 'जन नायकन' पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगाया है और ऐसा कर उसने तमिल संस्कृति पर हमला किया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म पर रोक लगाकर पीएम मोदी ने तमिल संस्कृति पर हमला करने का काम किया है और तमिल लोगों की आवाज दबाने का प्रयास किया है, लेकिन वह इस प्रयास में कभी सफल नहीं होंगे।

### गुजरात हाईकोर्ट ने केजरीवाल की याचिका की खारिज

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गुजरात यूनिवर्सिटी डिग्री से जुड़े मानहानि मामले में 'आप' प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने इस मामले में पार्टी नेता संजय सिंह से अलग ट्रायल चलाने की मांग की, जिसे अदालत ने स्वीकार करने से इन्कार कर दिया। जस्टिस एमआर मेंगदे ने मंगलवार को आदेश सुनाते हुए कहा कि यह याचिका खारिज की जाती है। हालांकि, कोर्ट के आदेश की पूरी प्रति आना बाकी है।

### NIA को सौंपा गया 'बांग्लादेशी घुसपैठ साजिश' मामला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को कथित तौर पर सुविधाएं देने का मामला दिल्ली पुलिस से लेकर एनआईए के हवाले कर दिया गया है। दिल्ली पुलिस की ओर से दर्ज की गई कम से कम दो बड़ी साजिशों वाली प्राथमिकियों में से एक प्राथमिकी से संबंद्ध यह कार्रवाई इन कथित नेटवर्क को निशाना बनाने वाले अभियान का एक महत्वपूर्ण कदम है।

### बागेश्वर में लगे भूकंप के झटके

**बागेश्वर।** उत्तराखंड के बागेश्वर में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल के अनुसार मंगलवार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर आए भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3.5 मापी गई है। इसकी गहराई 10 किमी पर रही, जबकि भूकंप का केंद्र बागेश्वर रहा है। भूकंप से जनपद में फिलहाल जान माल के नुक़सान की कोई सूचना नहीं है।

# कुत्ते के काटने पर भारी मुआवजा होगा तय: SC

## अदालत की दो टूकः जो आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित, वे अपने घर ले जाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बेंच ने कहा: उन्हें ऐसे नहीं छोड़ सकते, कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज संभव नहीं है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि बच्चों या बुजुर्गों को कुत्तों के काटने, चोट लगने या मौत के हर मामले में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 सालों में नियमों को लागू करने के लिए कुछ नहीं किया।

कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी, अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कुत्तों में एक खास तरह का वायरस होता है, जिसका कोई इलाज नहीं है। अब तक चार दिन की सुनवाई में इमोशन सिर्फ कुत्तों के लिए ही दिख रही है। जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्या हम इस पर आंखें मूंद लें। इस मामले में अब अगली सुनवाई 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से होगी। जस्टिस संदीप मेहता ने महिला वकील की दलील पर कहा कि क्या आप सच में ऐसा कह रही हैं? एक वकील ने अभी-अभी हमें सड़कों पर रहने वाले अनाथ बच्चों के आंकड़े दिखाए। शायद कुछ वकील उन बच्चों को गोद लेने की पैरवी कर सकते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि 2011 में प्रमोशन के बाद से मैंने इतनी लंबी बहसें कभी नहीं सुनीं और अब तक किसी ने भी इंसानों के लिए इतनी लंबी बहस नहीं की है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार की सुनवाई खत्म कर दी। अब 20 जनवरी को दोपहर 2 बजे से अगली सुनवाई होगी। एक अन्य महिला वकील ने अपनी दलीलें पेश करते हुए कहा कि जब रेलवे स्टेशन पर एक छोटी बच्ची के बगल में कोई आवारा कुत्ता सो रहा होता है, तो उसके साथ रेप नहीं होगा। एक महिला होने के नाते, मुझे दिल्ली में उन कुत्तों के साथ चलने में सुरक्षित महसूस होता है। अगर मुझ पर कोई हमला करेगा, तो वे भौंकेंगे। वकील ने आगे कहा कि जब किसी शेल्टर होम में कोई कुत्ता बीमार पड़ जाता है, तो उनमें से जो वायरस पैदा होते हैं, उन पर दवाओं का असर नहीं होगा। मुझे बुरा लगता है जब आरडब्ल्यूए कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने के लिए और अधिक फंड की मांग करते हैं। सबसे पहले बच्चों को सड़कों से हटाना होगा, कुत्तों को नहीं। बच्चों को शेल्टर होम की ज्यादा जरूरत है। वकील ने कहा कि मैं एक 80 -शेष पृष्ठ दो पर

## भ्रष्टाचार कानून पर बंटे सुप्रीम कोर्ट के जज, CJI के पास भेजा गया मामला

- जस्टिस नागरत्ना बोलीं: धारा 17ए असंवैधानिक
- जस्टिस विश्वनाथन बोले: प्रावधान खत्म करना नहाने के पानी के साथ बच्चा फेंकने जैसा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को भ्रष्टाचार के मामलों में सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच से पहले परमिशन लेने की अनिवार्यता पर सुनवाई हुई।

जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने इस पर स्प्लिट वर्डिक्ट (बंटा हुआ फैसला) सुनाया। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीएक्ट) की धारा 17ए की संवैधानिक वैधता से जुड़ा है। इसमें किसी भी सरकारी कर्मचारी के खिलाफ जांच करने से पहले सरकार की परमिशन लेना जरूरी है। इसी को लेकर विवाद है। सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि धारा 17ए असंवैधानिक है। किसी भी जांच के लिए पहले परमिशन लेना जरूरी नहीं। वहीं, जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है। इस प्रावधान को खत्म करने मतलब 'नहाने के पानी के साथ बच्चे को फेंकने' -शेष पृष्ठ दो पर

# पाकिस्तान बॉर्डर पर आठ आतंकी कैंप एक्टिवः आर्मी चीफ



- शिविरों में करीब 150 आतंकी सक्रिय, ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है
- किसी भी दुस्साहस का जवाब दिया जाएगा: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को कहा कि नियंत्रण रेखा के पार अभी भी आठ से 10 आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। जनरल द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि जम्मू-कश्मीर के भीतरी इलाकों में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं, लेकिन आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में अभी भी आतंकवादियों के आठ से 10 शिविर सक्रिय हैं, जिनमें से छह नियंत्रण रेखा के पार और दो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पार के क्षेत्र में हुर्रियत पूरी तरह सक्रिय है और इन आतंकवादियों को बढ़ावा तथा समर्थन दे रहा है। इन्हें पाकिस्तान की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। सेना को उनकी गतिविधियों की जानकारी है और अगर किसी तरह की हरकत की जाती है, तो इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। जनरल द्विवेदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के हिटरलैंड में भी करीब 140 आतंकवादी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि यह आतंकवादी पहले से ही अलग-अलग जगह पर छिपे हुए हैं और पिछले काफी समय से कोई नई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सेना का ऑपरेशन सिंदूर अभी भी खत्म नहीं हुआ है और किसी भी आतंकवादी हरकत का सेना करारा जवाब देगी। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर है, लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी है।

## चौथे दिन तीनों सेनाओं की गतिविधियों की भनक लगते ही पाक ने घुटने टेक दिए

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मध्यस्थता और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों और दावों के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि इस अभियान के दौरान दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाकिस्तान की समझ में आ गया कि अब युद्ध को रोकने का समय आ गया है। सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए भी तैयार थी और पाकिस्तान को इसकी भनक भी लग गई थी।

सेना प्रमुख ने मंगलवार को 78 वें सेना दिवस से पहले यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि इस ऑपरेशन में दो निर्णायक मोड़ थे। पहला निर्णायक मोड़ सात मई की रात का 22 मिनट का हमला था जो सेना ने आतंकवादी ठिकानों पर किया। इस हमले से पाकिस्तान की निर्णय लेने की व्यवस्था हिल गई और अफरा-तफरी मचने से उन्हें यह समझने में समय लगा कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरा निर्णायक मोड़ 10 मई की सुबह उस समय आया जब शीर्ष स्तर से तीनों सेनाओं को कुछ निर्देश दिए गए थे कि यदि यह युद्ध और बढ़ता है, तो क्या होगा। उन्होंने कहा जिन्हें (पाकिस्तान) यह समझना था, उन्होंने इसे समझ लिया। उन्हें (पाकिस्तान को) उपग्रहों के माध्यम से इस बारे में पूरी जानकारी मिल रही थी कि कौन सा युद्धपोत, कौन सा हमला या रणनीतिक मोड़, कौन सी मुख्य इकाई या कौन सा विमान कब और कहां जा रहा है।

# शीर्ष अदालत ने अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर की सुनवाई



**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत ने मंगलवार को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोटों के दोषी अबू सलेम की समय से पहले रिहाई की याचिका पर सुनवाई करते हुए उसके इस दावे पर स्पष्टीकरण मांगा कि उसने पहले ही 25 साल की जेल की सजा पूरी कर ली है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सलेम से उसकी जेल की सजा के हिसाब को सही ठहराने को कहा और उसे महाराष्ट्र राज्य के संबंधित नियम रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया, ताकि यह पता लगाया जा सके कि आतंकी और विघटनकारी गतिविधियां अधिनियम (टाडा) के तहत सजा पाए दोषी को छूट दी जा सकती है या नहीं। पीठ ने इस दावे पर सलेम के वकील से पूछा कि आप 2005 से 25 साल की सजा की गणना कैसे करते हैं, जब यह बताया गया कि सलेम ने पुर्तगाल से अपने प्रत्यर्पण के दौरान दिए गए भरोसे के अनुसार जेल की ज्यादा से ज्यादा सजा पूरी कर ली थी। अबू सलेम को 11 नवम्बर, 2005 को पुर्तगाल से एक लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद प्रत्यर्पित किया गया था। यह तब हुआ जब भारत ने पुर्तगाली अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि पुर्तगाल के घरेलू कानून और अंतर्राष्ट्रीय जिम्मेदारियों के मुताबिक उसे न तो मौत की सजा दी जाएगी और न ही 25 साल से ज्यादा जेल में रखा जाएगा। इसके बाद जून 2017 में सलेम को 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में एक स्पेशल टाडा अदालत ने उसे दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। इससे पहले सलेम ने प्रत्यर्पण के भरोसे के तहत समय से पहले रिहाई के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय का रुख किया था कि साथ ही यह भी साफ किया था कि उसने अभी तक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्वता के मुताबिक उच्चतम न्यायालय द्वारा तय 25 साल की सजा पूरी नहीं की है।

# चीन सीमा पर स्थिति स्थिर, सतर्कता जरूरी: जनरल द्विवेदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन का निर्माण कार्य अवैधः सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा है कि उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता बनाए रखने की जरूरत है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में कमी विशेषज्ञ तथा कार्य समूहों के निर्देश के आधार पर लिया जाएगा।

उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी में चीन के निर्माण पर विरोध जताते हुए कहा कि चीन और पाकिस्तान के बीच 1963 के समझौते को भारत ने कभी नहीं माना और यह गैर कानूनी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की ओर से परस्पर विश्वास बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जाने से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। सेना प्रमुख ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब में कहा कि उत्तरी मोर्चे पर स्थिति स्थिर बनी हुई है, लेकिन निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है। शीर्ष स्तर की बातचीत, संपर्क बढ़ने और विश्वास बढ़ाने के उपायों से स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है। इसके परिणामस्वरूप उत्तरी सीमाओं से लगते क्षेत्रों में पशुओं के चराने, हाइड्रोथेरेपी शिविरों और अन्य गतिविधियों को भी संभव बनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर निरंतर बातचीत से वास्तविक नियंत्रण रेखा सैनिकों की तैनाती संतुलित और मजबूत बनी हुई है। साथ ही संपूर्ण सरकार के दृष्टिकोण के तहत क्षमता विकास और अवसंरचना कार्य भी आगे बढ़ रहा है। सेना प्रमुख ने कहा कि दोनों पक्ष धीरे-धीरे अपनी उपस्थिति बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2024 में बनी समझ और उससे पहले दोनों देशों के शीर्ष नेताओं के बीच कजान में मुलाकात, इसके बाद तियानजिन बैठक और विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठकें भी होती रहीं। इसके अलावा हमारे रक्षा मंत्री ने उनके रक्षा मंत्री से दो बार मुलाकात की है। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की भी बात हुई है। इन सबका परिणाम यह हुआ है कि दोनों पक्षों में सीमाओं को यथासंभव शांत और स्थिर बनाए रखने को लेकर एक तरह की तात्कालिकता और स्वीकार्यता बनी है और यह भी समझ बनी है कि इसे कैसे किया जाए। इस दिशा में सबसे पहले बातचीत के स्तर को बढ़ाया गया है। दोनों सेनाओं के बीच छोटे से लेकर बड़े स्तर पर बातचीत होती है और यह कोशिश की जाती है कि समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही हो जाए। शक्सगाम घाटी में चीन की निर्माण गतिविधियों पर जनरल द्विवेदी ने भारत और पाकिस्तान दोनों को स्पष्ट संदेश दिया कि यह भारत का हिस्सा है और भारत पाकिस्तान तथा चीन के बीच के समझौते को अवैध मानता है। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह कहा था कि यह भारत का अभिन्न क्षेत्र है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू ने फसल उत्सवों पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने फसलों के उत्सव लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के मौकों पर देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि ए त्योहार भारत की समृद्ध कृषि विरासत और राष्ट्रीय एकता की भावना के प्रतीक हैं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा, ष्मैं लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के शुभ अवसर पर भारत और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई देती हूं।

### शुभेंदु हमला मामले में सीबीआई जांच की मांग मंजूर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और पश्चिमी मिदनापुर जिले में उनके काफिले पर हुए कथित हमले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने इस मामले की जांच की स्वीकृति दी है। सप्ताह के अंत में सुनवाई हो सकती है।

### ताजमहल में शाहजहां का 371 वां उर्स 15 जनवरी से

**आगरा।** विश्व प्रसिद्ध ताज. महल पर मुगल बादशाह शाहज. हां का 371 वां उर्स 15 से 17 जनवरी के बीच मनाया जाएगा। उर्स के लिए 1720 मीटर लंबी चादर तैयार की गई है, जिसे उर्स के आखिरी दिन 17 जनवरी को शाहजहां की कब्र पर चढ़ाया जाएगा। इस चादर को बनाने में करीब एक महीने का वक्त लगा है। इस चादर को बनाने के लिए आम लोग अपनी मर्जी से रेशमी कपड़ा देते हैं। उर्स कमेटी के लोग जिनमें सभी धर्मो के लोग शामिल हैं वो लोग चादर को तैयार करते हैं।

# शक्सगाम घाटी पर चीन के दावे का जवाब दें मोदी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि चीन लगातार भारत की सीमाओं को अपना बताकर वहां ढांचागत बुनियादी सुविधा विक. सित करने को सही बता रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसका करारा जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस ने कहा है कि चीन अब जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना हिस्सा बता रहा है। उसके विदेश मंत्रालय ने इस क्षेत्र में बुनियादी ढांचा के विकास को सही ठहराया है। पार्टी ने श्री मोदी से सवाल किया है इस बारे में वह चुप क्यों हैं। उनको इसका जवाब देना चाहिए। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पेज एक्स पर मंगलवार को लिखा कि मोदी सरकार की विदेश नीति वेंटिलेटर पर पड़ी है। अब चीन ने जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी को अपना बताया है। चीन के विद. ेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निग ने कहा- शक्सगाम घाटी चीन का इलाका है, यहां बुनियादी ढांचा बनाना गलत नहीं है।

### खड़गे-राहुल ने दी लोहड़ी की बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोहड़ी के अवसर पर देशवासियों को मंगलवार को बधाई दी और सबके जीवन में खुशहाली की कामना की। श्री गांधी ने कहा कि आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाईयां।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को मिल रहा व्यापक समर्थन

## लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए आज कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि ऐतिहा. सिक मनरेगा के स्थान पर 'वीबी-जी राम जी' कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की। देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी



केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है। कर्नाटक कांग्रेस ने भी 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत प्रदर्शन किया और सोशल मीडिया एक्स पर बताया ष्आज कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में और उपमुख्यमंत्री तथा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने ग्रामीण श्रमिकों की जीवन रेखा-मनरेगा पर मोदी सरकार के हमले के खिलाफ देशव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक मजबूत विरोध प्रदर्शन किया। हम काम के अधिकार और प्रत्येक श्रमिक के सम्मान की रक्षा के लिए लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मनरेगा बचाओ संग्राम को देशव्यापी अभियान बताते हुए सबसे इसमें शामिल होने का आग्रह करते हुए लिखा कि मनरेगा बचाओ संग्राम' देश के 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और करोड़ों लोगों तक पहुंच रहा है। भारत के करोड़ों लोगों की जीवनरेखा बन चुकी मनरेगा योजना पर सरकार ने बुलडोज़र चला दिया है।

इसी के खिलाफ यह देशव्यापी संघर्ष काम के अधिकार, मज़दूरी के अधिकार और जवाबदेही के संवैधानिक अधिकार की बहाली के लिए है। आप भी इस आंदोलन से जुड़िए। इसके साथ ही उन्होंने एक्स पर मनरेगा से जुड़ने का आग्रह करते हुए एक बैनर भी पोस्ट किया, जिसमें लिखा है ष्ग्रामीण भारत में लाखों भारतीयों के 'संवैधानिक काम के अधिकार की रक्षा के लिए संघर्ष। मनरेगा की मूल भावना और दृष्टि को बचाने के इस आंदोलन में हमारे साथ जुड़िए। इस मुहिम से जुड़ें और 987301060 पर मिस्ड कॉल करें और दूसरों को भी जागरूक करे।

# उप्र बना देश का इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन:योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन (प्रगति) केवल बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा का मंच नहीं, बल्कि नए भारत की नई कार्यसंस्कृति का सशक्त प्रतीक है।

इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं, जिसके कारण उत्तर प्रदेश आज देश का प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। मंगलवार को आयोजित विशेष प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति उस प्रशासनिक मॉडल को दर्शाता है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए रखी थी और वर्ष 2014 के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती मिली। यह प्लेटफॉर्म आज डिजिटल गवर्नेंस और कोऑपरेटिव फेडरलिज्म को



■ द इंटेंट, टेक्नोलॉजी और अकाउंटेबिलिटी के समन्वय से ठोस और समयबद्ध परिणाम सुनिश्चित हो रहे हैं: मुख्यमंत्री

सुदृढ़ करते हुए अंतर-मंत्रालयीय और अंतर-विभागीय समन्वय का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रगति ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नीयत स्पष्ट हो, तकनीक का प्रभावी उपयोग हो और जवाबदेही तय हो, तो परिणाम स्वत: सामने आते हैं। यह केवल एक रिव्यू मैकेनिज्म नहीं, बल्कि व्यापक गवर्नेंस रिफॉर्म है, जिसने शासन को फाइल-केंद्रित संस्कृति से फील्ड-आधारित परिणामों की दिशा में आगे बढ़ाया है। इससे निर्णय प्रक्रिया तेज हुई है, समय और लागत की बर्बादी रुकी है तथा केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। योगी ने बताया कि प्रगति मॉडल की अवधारणा वर्ष 2003 में गुजरात में 'स्वागत' द्धस्टेट वाइड अटेंशन ऑन ग्रीवांसेज बाई एप्लिकेशन ऑफ टेक्नोलॉजीत्रू के रूप में शुरू हुई थी, जिसका उद्देश्य नागरिक शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। यही मॉडल आगे चलकर राष्ट्रीय स्तर पर 'प्रगति' के रूप में विक. सित हुआ और मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं, सामाजिक योजनाओं तथा सिस्टम रिफॉर्म के क्षेत्र में टीम इंडिया अप्रोच को मजबूती मिली।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रगति के प्रभाव का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके माध्यम से 86 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को गति मिली है। प्रधानमंत्री द्वारा 377 प्रमुख परियोजनाओं की प्रत्यक्ष समीक्षा की जाती है, जबकि कुल 3162 मुद्दों में से 2958 का समाधान किया जा चुका है, जो शासन की विश्वसनीयता और कार्यकुशलता को दर्शाता है। उत्तर प्रदेश के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति मॉडल राज्य के लिए एक गेम-चेंजर साबित हुआ है। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, सर्वाधिक शहरों में मेट्रो सेवाएं, व्यापक एयर कनेक्टिविटी, देश की पहली रैपिड रेल, अंतर्देशीय जलमार्ग और रोपवे जैसी परियोजनाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ी हैं। इन सभी परियोजनाओं के पीछे निरंतर समीक्षा और समस्या-समाधान का सशक्त मंच प्रगति रहा है।

### सीएम ने लोहड़ी पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और अन्नदाताओं के परिश्रम को समर्पित पावन पर्व लोहड़ी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी का पर्व परिश्रम, ऊर्जा और समृद्धि का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में खुशियां, सकारात्मक ऊर्जा और नई उमंग लेकर आए तथा समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूत करे। उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से पर्व को हर्षोल्लास, शांति और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। गौरतलब है कि लोहड़ी मूल रूप से सूर्य, अग्नि और प्रकृति की आराधना का पर्व है। अग्नि को साक्षी मानकर लोग पुरानी नकारात्मकताओं को त्यागते हैं और नई शुरुआत का संकल्प लेते हैं। यह पर्व सिखाता है कि जीवन में गर्माहट रिश्तों से आती है।

# कफ सिरप मामले के मास्टर माइंड का भाई सींखचों के पीछे

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप मामले में कोतवाली पुलिस ने सोमवार को 75 हजार रुपये के इनामी मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के मौसेरे भाई आदित्य जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया है। आदित्य जायसवाल की सप्तसागर मंडी में 'स्वस्तिक फार्मा' नाम से फर्म है। शुभम जायसवाल को लाभ पहुंचाने की नियत से आदित्य जायसवाल द्वारा 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म में नगदी जमा करने का काम किया जाता था। पुलिस के अनुसार, स्वस्तिक फार्मा फर्म के प्रोप्राइटर आदित्य जायसवाल द्वारा पालीकोठी स्थित एक बैंक की शाखा में एक करोड़ रुपये नगद जमा किए गए थे। बैंक में पैसा जमा करते समय एक स्लिप पर आदित्य जायसवाल द्वारा अपना नाम और नंबर लिखा गया था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि वह करीब सात-आठ वर्षों से यह फर्म चला रहा है। करीब दो वर्ष पहले शुभम जायसवाल द्वारा षड्यंत्र के तहत फर्जी टैक्स, इनवॉइस और ई-बिल बनाने के लिए कई फर्मो को खोली गई थी। इसी योजना के तहत 'शिव इंटरप्राइजेज' नामक फर्म खोली गई, जिसमें नगदी रुपये आदित्य जायसवाल द्वारा जमा किए जाते रहे। आदित्य जायसवाल धीरे-धीरे शुभम जायसवाल और उसके पिता भोला प्रसाद के काले कारोबार से जुड़ गया और रिश्तेदार से राजदार बन गया। आदित्य ने पूछताछ में यह भी बताया कि कई लोग इस नेटवर्क से जुड़े हैं, जो नगदी को फर्मों और बैंकों में जमा करने का काम शुभम जायसवाल के लिए करते रहे हैं।



सेंसेक्स 83627.69
निफ्टी 25732.30



सोना रु. 145000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 271000
प्रति किलो



# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 250 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता

**मुंबई।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई का सेंसेक्स 250.48 अंक द्ध0.30 फीसदीत्र टूटकर 83,627.69 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत गिरकर 25,732.30 अंक पर रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, फार्मा, तेल एवं गैस, ऑटो और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे।

आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट और एलएंडटी में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज और इंडिगो के शेयर भी लगभग दो फीसदी टूटे। मारुति सुजुकी, आईटीसी, अडानी पोर्ट्स और बीईएल के शेयर एक प्रतिशत से ज्यादा गिरे। एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। इटरनल का शेयर सवा तीन फीसदी की बढ़त में बंद



■ आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रसायन समूहों के सूचकांक हरे निशान में बंद हुए

हुआ। टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक चढ़े। टीसीएस में भी लगभग एक प्रतिशत की तेजी रही। एनएसई में मझौली कंपनियों के सूचकांकों में गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.30 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.60 प्रतिशत की तेजी रही।

### ईरान के साथ मात्र 168 करोड़ डॉलर है भारत का द्विपक्षीय व्यापार

**नई दिल्ली।** ईरान के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार महज 168.30 करोड़ डॉलर है, और इसमें व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में ईरान को 124.12 करोड़ डॉलर का निर्यात किया। यह भारत के कुल निर्यात का 0.14 प्रतिशत है। दूसरी तरफ ईरान से भारत का आयात 44.18 करोड़ डॉलर रहा जो देश के कुल आयात का महज 0.06 प्रतिशत है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार के स्तर में पिछले कुछ समय से लगातार गिरावट आ रही है। पिछले चार वित्त वर्षों में से तीन में व्यापार घटा है। इसमें 2023.24 में 20.75 प्रतिशत और 2024.25 में 8.90 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे पहले, 2020.21 में भी यह 9.10 फीसदी घटा था जबकि 2022.23 में 21.77 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई थी। पिछले साल जहां ईरान से आयात में 29.32 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई।

# चावल, गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों के दाम बढ़े, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़े। चावल के साथ जहां गेहूं, चीनी और खाद्य तेलों में भी तेजी रही। वहीं, दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 21 रुपये बढ़कर 3,863 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गई।

गेहूं सात रुपये महंगा हुआ और 2,864 रुपये प्रति क्विटंल पर रहा। आटे की कीमत भी पांच रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल औसतन नौ रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं, मसूर दाल के दाम 42 रुपये और मूंग दाल के 35 रुपये बढ़ गए। चना दाल सात रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा



मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 27 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,063 रिंगिट प्रति टन रह गया। मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 50.47 डॉलर के भाव बोला गया। सरसों तेल की औसत कीमत 97 रुपये क्विटंल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 59 रुपये और पाम ऑयल में 39 रुपये की तेजी रही। वनस्पति 37 रुपये और मूंगफली तेल 15 रुपये प्रति क्विटंल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :. दाल-दलहन : दाल चना 7794.80 रुपये, मसूर काली 8153.88 रुपये, मूंग दाल 10113.35 रुपये, उड़द दाल 10417.34 रुपये, तुअर दाल 10616. 70 रुपये प्रति क्विटंल। अनाज : (भाव प्रति क्विटंल ) गेहूं दड़ा 2863.69 रुपये और चावल 3863.55 रुपये प्रति क्विटंल। आटा (गेहूं) 3309.42 रुपये प्रति क्विटंल। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4302.79 रुपये और गुड़ 5009.09 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17685.67 रुपये, मूंगफली तेल 17912.81 रुपये, सूरजमुखी तेल 15946.03 रुपये, सोया तेल 13793. 57 रुपये, पाम ऑयल 12499.89 और वनस्पति 14511.98 रुपये प्रति क्विटंल के स्तर पर रहा।

# यात्री वाहनों की बिक्री बढ़ी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में यात्री वाहनों की थोक बिक्री दिसम्बर में 26-8 प्रतिशत बढ़कर 3,99,216 इकाई पर पहुंच गई। यात्री वाहनों में कारें, उपयोगी वाहन और वैन शामिल होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर द्धजीएसटीत्र में नई पीढ़ी के सुधारों और रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दरों में कटौती से ऋण पर ब्याज कम होने के कारण अक्टूबर-दिसम्बर की पूरी तिमाही में मांग मजबूत बनी रहने से तिमाही और सालाना बिक्री का भी नया रिकॉर्ड बना है।

वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में दुपहिया वाहनों की बिक्री 39.4 फीसदी बढ़कर 15,41,036 इकाई दर्ज की गई।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कुत्ते के...**साल की महिला का प्रतिनिधित्व कर रही हूं, जो सड़क पर रहती है। वह 200 कुत्तों की देखभाल करती है। दिल्ली में उन्हें डॉग अम्मा के नाम से जाना जाता है। कुत्तों गोद लेने की पॉलिसी पर विचार किया जाना चाहिए। एक राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जा सकता है। यहां कई वकील हैं, जिनके घर में 8-10 देसी कुत्ते हैं। जस्टिस मेहता ने कहा कि अगर कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला कर दे, तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? इस पर वकील ने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाओं के लिए जिम्मेदारी तय की जा सकती है। जस्टिस मेहता ने कहा कि आवारा कुत्ता किसी के कब्जे में नहीं होना चाहिए। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लें।

**भ्रष्टाचार कानून...**जैसा होगा। जस्टिस विश्वनाथन ने यह भी कहा कि इस प्रावधान को खत्म करनाऔर इसका इलाज बीमारी से भी ज्यादा नुकसानदेह साबित होगा। बशर्ते जांच की मंजूरी लोकपाल या राज्य लोकायुक्त के जरिये तय की जाए। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस विश्वनाथन की अलग-अलग राय के चलते अब मामला सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चीफ जस्टिस इस मुद्दे पर सुनवाई के लिए बड़ी बेंच गठित करेंगे, जो अंतिम फैसला देगी। दरअसल एनजीओ सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (सीपीआईएल) एनजीओ ने जनहित याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट ने दलील दी कि यह प्रावधान भ्रष्टाचार विरोधी कानून को कमजोर करता है, क्योंकि सरकार से अक्सर जांच की मंजूरी नहीं मिलती। वहीं केंद्र सरकार की ओर से तुषार मेहता ने पक्ष रखा था।

# सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स पर नियंत्रण की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए उनके लिए सस्ते ऋण और ई-कॉमर्स की अनुचित प्रतिस्पर्धा सुरक्षा की मांग की। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक सीट से लोकसभा सांसद प्रवीन खंडेलवाल मंगलवार को बताया कि कैट ने वित्त मंत्री के समक्ष ऐसे सुझाव रखे हैं, जो व्यापार के लिए सम्मान, सरलता, सुरक्षा और समता से परिपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कारोबार की आसानी, लोकल के लिए वोकल, वैश्विक बाजार के लिए लोकल, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों से देश के व्यापारिक वातावरण को नई दिशा दी है। अब आगामी बजट में इन पहलों को और मजबूत करने की जरूरत है। कैट ने छोटे व्यापारियों के लिए सिगल विडो अनुपालन तंत्र, अनावश्यक नोटिस और निरीक्षण पर रोक तथा व्यापारिक




■ खुदरा व्यापारियों के हितों का ध्यान रखते हुए अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ ने वित्त मंत्री के सामने रखे सुझाव

कानूनों से आपराधिक प्रकृति को हटाने में तीव्रता की मांग की है। उसने कहा है कि प्रत्येक जिले में अधिकारियों और व्यापारियों की संयुक्त समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है जिससे व्यापारिक समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही हो सके। श्री खंडेलवाल ने ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स में भारी छूट, बाजार पर कब्जा करने के उद्देश्य से बेहद कम मूल्य निर्धारण और विदेशी फंडिग से होने वाली अनुचित प्रतिस्पर्धा पर तत्काल नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया ताकि छोटे खुदरा व्यापारियों के हित सुरक्षित रह सकें। कैट ने ईमानदार करदाता को प्रोत्साहन देने के लिए करदाता रेटिग प्रणाली, कम छानबीन, रिफंड में तेजी और सस्ते ऋण की सुविधा देने की भी मांग की है। भाजपा सांसद ने कहा कि व्यापारिक समुदाय देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में यदि व्यापारियों को सम्मान, सुरक्षा, सरलता और समान अवसर मिलते हैं, तो भारत को पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत 2047 बनने से कोई नहीं रोक सकता।

### एक किलो चांदी 2.71 लाख के पार, 10 ग्राम सोना 1.45 लाख पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों ने अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। मंगलवार को दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में 6,000 रुपये का जोरदार उछाल देखा गया। चांदी 2,71,000 प्रति किलोग्राम के नए लाइफटाइम हाई पर पहुंच गई है। इसी तरह, सोने ने भी अपनी चमक बढ़ाते हुए 1,45,000 प्रति 10 ग्राम का नया ऐतिहा. सिक स्तर छू लिया है। चांदी की कीमतों में आई यह तेजी बाजार में स्टसकहोल्डर्स की निरंतर लिवाली का परिणाम है। ऑल इंडिया सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी में पिछले तीन कारोबारी सत्रें से लगातार बढ़त जारी है। पहले सोमवार को चांदी 15,000 रुपये की छलांग लगाकर 2,65,000 पर पहुंची थी।

# रोहित कश्यप हत्याकांडः गांव ज्वालागढ़ में हालात गरमाए

## विपक्षी दलों के नेताओं के पहुंचने के बाद परिजनों और पुलिस के बीच हुई तीखी नोकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुए सुनीता हत्याकांड और रूबी अपहरण प्रकरण की आंच अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि ठाकुर चौबीसी क्षेत्र के गांव ज्वालागढ़ में रोहित कश्यप हत्याकांड ने माहौल को फिर से गरमा दिया। मंगलवार को इस मामले को लेकर गांव ज्वालागढ़ में हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए, जब विपक्षी दलों के नेताओं के पहुंचने के बाद परिजनों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। मामला बढ़ता देख गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

गौरतलब है कि मृतक रोहित कश्यप मूल रूप से मुजफ्फरनगर का निवासी था और ज्वालागढ़ में अपनी मौसी के यहां आया हुआ था। पिछले सप्ताह उसकी हत्या कर शव को जलाने की घटना सामने आई थी, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। मंगलवार को इस हत्याकांड को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गांव ज्वालागढ़ पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों ने पुलिस की अब तक की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच न होने का आरोप लगाया। बताया गया है कि गांव में पंचायत होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने और हटाने का प्रयास किया गया, जिसको लेकर परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। इसी दौरान पुलिस और परिजनों के बीच तीखी झड़प हो गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने मामले में सिर्फ एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर खानापूर्ति की है, जबकि रोहित की हत्या के पीछे लूट समेत कई गंभीर पहलुओं की अनदेखी की जा रही है। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार और थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और हालात को संभालने का प्रयास किया। अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया, जिसके बाद हालात कुछ हद तक नियंत्रित हुए। फिलहाल गांव ज्वालागढ़ में पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

रोहित कश्यप हत्याकांड को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है और परिजन लगातार पूरे मामले की निष्पक्ष व गहन जांच की मांग कर रहे हैं।



पुलिस के साथ होती परिजनों की नोंकझोंक व इनसेट में राहुल का फाइल फोटो।

### विपक्ष ने उठाया था रोहित हत्याकांड का मुद्दा

अक्खेपुर के रोहित की हत्याकांड को एक सप्ताह बाद विपक्ष ने जोर शोर से उठाते हुए मामले को नई हवा दे दी है, इस प्रकरण में बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने एक्स के माध्यम से ट्वीट करते हुए घटना की आलोचना की थी, साथ ही आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व सांसद चन्द्रशेखर ने मामले में अपनी प्रतिक्रिया दी थी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस हत्याकांड को लेकर सोसल मीडिया पर पोस्ट करते हुए पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उठाएं थे।

## सपा ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा देने की रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी ने मंगलवार को कमिश्नरी पर एक प्रेसवार्ता कर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये का मुआवजा देने व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग रखी है। इसके अलावा सपा नेताओं ने कहा कि पीड़ित परिवार चाहता है कि रोहित मामले में निष्पक्ष जांच की जाए जिससे परिवार को न्याय मिल सके और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। मृतक के भाई ने कहा कि एक हफ्ते पहले डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में दूसरे पक्ष के लोगों ने मृतक को पहले शराब पिलाकर रुपये छीन लिये उसके बाद उसे जलाकर मार डाला। उनका कहना था कि इस मामले में पुलिस निष्पक्ष काम नहीं कर रही है। पुलिस द्वारा एक नाबालिग को उठाकर केस खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि यह मामला नाबालिग का नहीं ब्लकि कई लोगों का है। सपा ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।





## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तोपचीवाड़ा निवासी नसीम ने एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि दो वर्ष से उसकी पुत्री अल्फिशा फरदीन नाम की युवक के झांसे में आ गई थी। वह उससे लगातार फोन पर बात कर रहा था और शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म कर चुका है। इसकी शिकायत पीड़िता की मां ने फरदीन के पिता इरशाद से की तो दोनों की शादी तय हो गई। बता दें कि फरदीन ने दहेज में बुलेट बाइक की मांग कर दी जिसको देने में पीड़िता असमर्थ रही तो फरदीन आग बबूला हो गया और उसने अल्फिशा की गंदी वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी। आरोप है कि फरदीन ने अपने दोस्त फैजान के साथ मिलकर पीड़िता की बेटी को ब्लैकमेल किया और उसके साथ गंदा काम भी किया है। पीड़िता ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में शाहजहांपुर के लाल का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिले के शाहजहांपुर कस्बे के होनहार छात्र मोहम्मद अली ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड (आईईओ) में बेहतरीन प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सेना में कार्यरत जमशेद फौजी के पुत्र मोहम्मद अली वर्तमान में आर्मी पब्लिक स्कूल, बीकानेर में कक्षा 4 के छात्र हैं। 2025-26 सत्र के घोषित परिणामों में मोहम्मद अली ने कुल 40 अंकों में से 30 अंक प्राप्त कर 75 प्रतिशत स्कोर हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने अपने विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### रैंकिंग में भी बनाई खास पहचान

मोहम्मद अली का प्रदर्शन केवल स्कूल स्तर तक ही सीमित नहीं रहा परसेंटाइल 80.45, क्षेत्रीय रैंक 321वीं, अंतरराष्ट्रीय रैंक 424वीं इन आंकड़ों से साफ है कि अली ने देश-विदेश के हजारों प्रतिभागियों के बीच अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

### जमशेद फौजी के कस्बे में जश्न का माहौल

मोहम्मद अली की इस सफलता से उनके पैतृक कस्बे शाहजहांपुर में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, रिश्तेदारों और स्थानीय लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की और अली के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मेहनत और मार्गदर्शन का नतीजा

पिता नायाब सूबेदार जमशेद फौजी ने बताया कि मोहम्मद अली शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती और अनुशासित रहे हैं। अंग्रेजी विषय में उनकी विशेष रुचि है और यह सफलता उनकी निरंतर मेहनत व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। क्षेत्र के शिक्षाविदों का कहना है कि मोहम्मद अली जैसे छात्र आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं।



# छठे दिन भी कपसाड़ गांव पूरी तरह सील, पुलिस की सख्त निगरानी में सीमित हुई आवाजाही

**रूबी की सुरक्षित वापसी के बाद भी कपसाड़ गांव पर कड़ा पहरा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महिला हत्या और बेटी अपहरण कांड के बाद कपसाड़ गांव में मंगलवार को भी पूरी तरह कड़ा पहरा बना रहा। घटना के छह दिन बाद भी प्रशासन ने गांव की सभी सीमाओं को सील रखा और किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी। गांव के मुख्य मार्ग, खेतों से गुजरने वाले रास्ते और पगडंडियों पर पुलिस की निगरानी लगातार बनी रही।

सोमवार देर रात पुलिस ने अपहृत रूबी को आशा ज्योति केंद्र से सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के हवाले किया। पुलिस बल और जवानों की कड़ी सुरक्षा में रूबी को गांव तक पहुंचाया गया। रास्ते में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अतिरिक्त जवान तैनात किए गए। मंगलवार को भी गांव में किसी को प्रवेश नहीं दिया गया, न ही रिश्तेदार और न ही मीडिया कर्मियों को। प्रशासन का कहना है कि माहौल अभी भी संवेदनशील और तनावपूर्ण है, इसलिए सुरक्षा में कोई ढील नहीं दी जा रही। पीड़िता रूबी और उसके परिवार की सुरक्षा के लिए पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। रूबी को महिला इंस्पेक्टर के सीधे संरक्षण में रखा गया है, ताकि वह पूरी तरह सुरक्षित महसूस कर सके। इसके साथ ही परिवार के घर के आसपास अतिरिक्त पुलिस तैनात है और निगरानी लगातार जारी है। गांव में छठे दिन भी तनावपूर्ण शांति का माहौल बना रहा। अधिकांश ग्रामीण अपने घरों में ही सीमित रहे, जबकि पुलिस और प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जब तक हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाते, सुरक्षा व्यवस्था में ढील नहीं दी जाएगी।



# आपराधिक घटनाओं से सहमा सरधना, सलावा में दलित महिला से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** अक्खेपुर गांव में रोहित उर्फ रोनू की हत्या और कपसाड़ गांव में दलित युवती के दिनदहाड़े अपहरण व उसकी मां की नृशंस हत्या के बाद पूरे सरधना क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। इन गंभीर घटनाओं की कड़ी में अब थाना सरधना क्षेत्र के गांव सलावा में एक दलित महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है, जिससे ग्रामीणों में दहशत के साथ-साथ आक्रोश भी बढ़ गया है।

गांव सलावा निवासी जगबीरी पत्नी ने थाना सरधना में दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह करीब नौ बजे वह घर से जंगल की ओर घास लेने जा रही थी। जैसे ही वह सलावा बंबे के पीछे पहुंची, वहां पहले से मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर महिला के साथ बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी। इस

**घटना के वक्त पुलिस चौकी पर मौजूद थे एसएसपी, ग्रामीणों दहशत**

हमले में महिला के चेहरे और पसलियों में गंभीर चोटें आई, जबकि मारपीट के दौरान उसके कान के कुंडल भी गिर गए। पीड़िता के अनुसार हमला अचानक हुआ, जिससे वह घबरा गई और आरोपी का चेहरा ठीक से नहीं देख सकी। महिला के शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी नशे की हालत में था और उसने उसे पकड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन वह भागने में सफल रहा।

घटना के बाद घायल महिला सलावा पुलिस चौकी पहुंची। खास बात यह रही कि जिस समय यह घटना हुई, उसी दौरान एसएसपी विपिन टांडा सलावा पुलिस चौकी पर ही मौजूद थे। उन्होंने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल घायल महिला को पुलिस की गाड़ी से उपचार के लिए भिजवाया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर गहरा रोष है कि जिस स्थान पर यह घटना हुई, वहां से महज करीब दो किलोमीटर की दूरी पर सलावा गंगनहर पुल पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है। इसके बावजूद अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने सरेआम इस तरह की वारदात को अंजाम दे दिया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं के चलते महिलाएं और कमजोर वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी उठाई है।



घायल दलित महिला।

## 22 जनवरी को होगा खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण का शुभांरभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण का शुभांरभ 22 जनवरी को किया जा रहा है। डॉ. संदीप कुमार मुख्य पशुचिकित्साधिकारी मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मेरठ में गोवंशीय/महिषवंशीय पशुओं में खुरपका-मुंहपका की 635583 डोज प्राप्त हुई है, जिसे जनपद के समस्त 12 विकास खण्डों में प्रत्येक गोवंशीय/महिषवंशीय पशुओं में (8 माह से ऊपर गर्भित एवं 4 माह से कम आयु के बच्चे को छोड़कर) टीका लगाया जायेगा। टीम द्वारा टीकाकरण पशुपालक के द्वार पर जाकर निःशुल्क किया जायेगा एवं पशुओं को चिन्हित करने के लिए उनकी टैगिंग की जायेगी। उक्त अभियान की प्रकिया 22 जनवरी से 10 मार्च (गणतंत्र दिवस व होली पर्व का सार्वजनिक अवकाश छोड़कर) तक कुल 45 दिन की रहेगी। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका काफी घातक बीमारी है इसमें पशु को तीव्र बुखार आता है जिसकी रोकथाम हेतु खुरपका-मुंहपका का अभियान संचालित किया जा रहा है।

# यूपीकेएल विजेता काशी किंग्स के हीरो पहुंचे भलसोना, गांव में जश्न का माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग (यूपीकेएल) के दूसरे सीजन की विजेता टीम काशी किंग्स के हेड कोच सनोज चौधरी और खिलाड़ी गौरव कुमार का मंगलवार शाम उनके पैतृक गांव भलसोना में जोरदार स्वागत किया गया। टीम की शानदार जीत ने पूरे गांव में उत्सव और खुशी का माहौल पैदा कर दिया।

कोच और खिलाड़ी के गांव पहुंचने के साथ ही ढोल-नगाड़ों की गूंज ने पूरे क्षेत्र को गूंज उठा दिया। सैकड़ों युवाओं ने बाइक रैली निकालकर उनका अभिनंदन किया। सनोज चौधरी और गौरव कुमार खुली जीप में सवार होकर गांव की गलियों से गुजरे, जहां ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां वितरित कीं।

**काशी किंग्स की शानदार जीतः** उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग के फाइनल में काशी किंग्स ने लखनऊ लायंस को 38-32 के कड़े मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में टीम का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें हेड कोच सनोज चौधरी की रणनीति और नेतृत्व ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और भोज का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, सुशील प्रधान, राजवीर मास्टर, बृजेश चौधरी, ओंकार, जोगेंद्र दरोगा, सुभाष शर्मा, ओमवीर सिंह, अमित कुमार प्रधान और अजय कुमार सहित कई ग्रामीण मौजूद रहें।




# 15 जनवरी को राष्ट्रीय चिंतन शिविर प्रयागराज माघ मेले में जाएंगे हजारों कार्यकर्ता, संगम ट्रेन से करेंगे यात्रा

## स्पेशल ट्रेन एवं अतिरिक्त कोच की मांग को लेकर मांग पत्र स्टेशन अधीक्षक एवं रेलवे पुलिस के थाना अध्यक्ष को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन का प्रयागराज में 15 जनवरी से 18 जनवरी तक राष्ट्रीय चिंतन शिविर आयोजित होता हे जिसमें भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के नेतृत्व इस वर्ष हजारों कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे जिसमें जनपद मेरठ के किसान संगम रेल से प्रयागराज कूच करेंगे। भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने स्टेशन अधीक्षक और रेलवे पुलिस के थाना अध्यक्ष से मिलकर इस आशय का मांग पत्र सौंपा कि रेल में सफर करने वाले यात्रियों को किसानों की वजह से कोई परेशानी न हो और राष्ट्रीय चिंतन शिविर माघ मेले में जाने वाले किसानों को भी कोई असुविधा न हो और सभी का सफर सुगम हो सके, किसी भी प्रकार की परेशानी न रेल यात्रियों को और न किसानों को और न ही रेलवे को हो। अनुराग चौधरी ने कहा कि जिस प्रकार पिछले वर्ष स्पेशल रेल लगाई गई थी इस बार भी स्पेशल ट्रेन की व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे सबका सफर सुगमता से हो सकेगा। जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने 21 दिसंबर की गन्ना भवन पंचायत में प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी वीके सिंह की अनुमति पर अपर जिलाधिकारी शहर बृजेश सिंह द्वारा किए गए वायदे पूरे न होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि किसानों को प्रमुख सचिव गन्ना एवं मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल के रूप के मुलाकात एक सप्ताह में कराने का वायदा करके महापंचायत और धरना स्थगित कराया गया था और आज तक इस वायदे पर कोई सकारात्मक पहल जिलाधिकारी वीके सिंह द्वारा नहीं की गई जिससे किसान असंतोष में है और बेहद नाराज है। इस वादाखिलाफी को लेकर भाकियू कार्यकर्ता और किसानों ने प्रयागराज जाने से पहले एक पंचायत सिटी रेलवे स्टेशन पर 5.30 बजे करने का आह्वान किया है और सर्वसम्मति से पंचायत में इस वादाखिलाफी के विरोध में कठोर निर्णय लिए जाएंगे और इस वादाखिलाफी के विरोध में स्टेशन से संघर्ष का आह्वान किया जाएगा। भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी के अनुसार किसान एडीएम सिटी बृजेश सिंह द्वारा जिलाधिकारी वीके सिंह के फोन वार्ता पर जनपद में सरकारी परीक्षा के आयोजन में व्यस्त होने कारण और सरकारी परीक्षा के मद्देनजर जिला कलेक्ट्रेट में होने वाली पंचायत को गन्ना भवन में किया था और प्रतिनिधिमंडल को प्रमुख सचिव गन्ना और मुख्यमंत्री से मिलाने के वायदे अनुसार ही स्थगित किया था। किसान किसी व्यवस्था के बाधक नहीं है परंतु वादाखिलाफी के विरोध में हैं। इसी वादाखिलाफी के विरोध में किसान सिटी रेलवे स्टेशन पर 15 जनवरी को पंचायत करके कठोर निर्णय लेने के लिए मजबूर होंगे। गन्ना किसान भाड़े और अस्वीकृत प्रजाति को लेकर परेशान हैं। इस मुद्दे पर शासन से वार्ता चाहते हे जिसे जिला प्रशासन नजरअंदाज कर रहे जो कि किसान के विरूद्ध गलत कदम है। सिटी रेलवे स्टेशन पर कठोर निर्णय लिए जाएंगे।



# बहसूमा थाना पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ विपिन ताड़ा क्षेत्राधिकारी मवाना पंकज लवानिया के निर्देश पर थाना पुलिस ने संघन चेकिंग अभियान किया। जिसमें दो पहिया वाहन एवं फोर व्हीलर वाहनों की चेकिंग की। जिसमें पुलिस ने दर्जनों चालान काटे। थाना प्रभारी प्रतिभा सिंह ने बताया कि मंगलवार को उच्चाधिकारियों के आदेश पर कस्बे में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए और वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं ओवरलोड बानो के संचालकों को भी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परिवार निगम के निर्देशों का पालन करना अति आवश्यक है। वाहन चेकिंग अभियान में वरिष्ठ उप निरीक्षक ओवैस खान, कस्बा इंचार्ज राकेश कुमार, उप निरीक्षक सोनू चौधरी, ओपन निरीक्षक शुभम यादव मुन्सी राम प्रवेश आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# होटल संचालक के पेट में गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

## अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की परिजनों ने रखी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सुभारती बाईपास स्थित सनराइज होटल संजय मीठा पुत्र उदय राज निवासी घाट ने किराए पर होटल लेकर इसका संच. ालन कर रहा है अभी दो दिन पहले ही अज्ञात बदमाशों ने होटल के बाहर फायरिंग शुरू कर दी थी जिसमें तीन गोलियां संजय को मारी गई। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया और सीसीटीवी की फुटेज से बदमाशों की तलाश जारी रखी इसी के चलते मंगलवार को जानी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया।

आरोपी की पहचान आयुष पुत्र वीरेंद्र निवासी टीपी नगर मेरठ के रूप में हुई। पुलिस ने बताया कि दो आरोपी अभी फरार है। जल्द ही गिरफ्तार किए जाएंगे। वहीं संजय



की हालत लगातार नाजुक चल रही है। परिजनों ने दिन निकलते ही सुभारती चौकी पर जाकर हंगामा भी किया था उनका कहना था कि पुलिस जल्द बाकी फरार आरोपियों भी पकड़कर जेल भेजे।

# धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी पर्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को ऋषभ एकेडमी के प्रांगण में लोहड़ी पर्व का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, अध्यापक व अध्यापिकाओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य शरद त्यागी ने इस त्योहार के विषय में बताते हुए कहा कि यह त्योहार हमें एकता, समृद्धि और उत्साह का संदेश देता है।

इस अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्षा पूनम जैन ने सभी को लोहड़ी पर्व के विषय में बताते हुए दुल्ला भट्टी की कहानी सुनाई और इस समय पर होने वाली फसलों के विषय में भी बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में लकड़ियां एकत्रित करके अग्नि जलाई गई। सभी अध्यापक, अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों ने अग्नि के चारों ओर परिक्रमा लगाई व पूजा की। कुछ विद्यार्थियों व अध्यापिकाओं ने भांगड़ा कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए व सभी को मूंगफली, रेवड़ी व पॉपकॉर्न का प्रसाद वितरित किया गया। अंत में विद्यालय सचिव डाक्टर संजय कुमार जैन, अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन व प्रधानाचार्य शरद त्यागी ने सभी को लोहड़ी पर्व की बधाई दी।

# हनुमान मंदिर के पास मीट की दुकान खोलने का विरोध, डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में गोरखनाथ कामधेनु गौ सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील वर्मा ने एक ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया है कि लिसाड़ी गेट क्षेत्र में प्राचीन हनुमान मंदिर के पास हाजी शादाब ने मीट की दुकान खोली है जिसका कोई लाइसेंस भी नहीं है सनातनियों एवं हनुमान भक्तों की भावनाओं को आहत करने का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि इस मीट की दुकान को तत्काल यहां से



हटाया जाए। इस दौरान भूपेंद्र मीणा, देवेंद्र शर्मा, सचिन, नितिन सैनी, उमेश कुमार, योगेश उपाध्याय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद सरधना की बैठक में विकास और कर सुधार के महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना की बोर्ड बैठक मंगलवार को पालिका सभागार में आयोजित की गई। बैठक में नगर विकास, स्वच्छता, जल आपूर्ति और कर सुधार से जुड़े दस प्रमुख प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक की शुरुआत पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि से हुई और इसके बाद गणतंत्र दिवस 2026 पर पालिका परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव मंजूर हुआ। नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में 15वें वित्त आयोग की टाईड ग्रांट के तहत 2.29 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव सक्षम स्तर पर भेजने पर भी सहमति बनी, जिससे नगर में आधारभूत सुविधाओं के विकास को गति मिलने की उम्मीद है। कर सुधार के तहत डेयरियों, पावरलूम, बैंक एटीएम, पेट्रोल पंप, व्यवसायिक गोदाम और गैस एजेंसियों पर गृहकर व जलकर का निर्धारण एग्रीमेंट किराये के आधार पर करने का निर्णय लिया गया। जल आपूर्ति व्यवस्था के लिए प्रचलित जलमूल्य नियमावली 2012 के अनुसार अधिकतम दर लागू करने का प्रस्ताव पारित किया गया। स्वच्छता व्यवस्था में व्यावसायिक भवनों पर 30 रुपये प्रति माह यूजर चार्ज लगाने का निर्णय लिया गया, जबकि आवासीय भवनों पर चार्ज नहीं लगाया जाएगा। इसके अलावा मोबा. इल टावरों के लाइसेंस शुल्क और अन्य करों के लिए नई उपविधि बनाने तथा कार्यालय परिसर में अधिशासी अधिकारी के आवास निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में ईओ दीपिका शुक्ला, चेयरपर्सन शकीला अंसारी और सभी सभासद उपस्थित रहे।

# लोहिया नगर में सीवर उफान पर, गंदे पानी से सड़क बनी नाला

## अधिकारियों की लापरवाही से जनता हो रही है बेहाल, बच्चों की सेहत पर खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लोहिया नगर एल ब्लॉक स्थित सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल के समीप मुख्य सड़क पर सीवर और नालियों की समुचित निकासी न होने से हालात बद से बदतर हो गए हैं। गंदा पानी सड़क पर फैलकर लगभग आधा किलोमीटर तक बह रहा है। जिससे पूरा इलाका जलभराव, दुर्गंध और संक्रमण की चपेट में आ गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि राहगीरों के साथ-साथ स्थानीय निवासियों का सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन मेरठ विकास प्राधिकरण (मेड़ा) के अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहने से आवागमन लगभग ठप हो गया है।

दुर्गंध के कारण क्षेत्र में रहना दूभर हो गया है, वहीं बीमारी फैलने का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। सबसे अधिक परेशानी सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को उठानी पड़ रही है। स्कूली बच्चे गंदे पानी और फिसलन भरी सड़क से बचते हुए स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। इससे न केवल बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है।



स्थानीय निवासियों का कहना है कि बदबू और जलभराव के कारण घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस संबंध में सहायक अभियंता मेरठ विकास प्राधिकरण मनीष तिवारी को पिछले चार दिनों से लगातार सूचना दी जा रही है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, जूनियर इंजी. नियर नरेंद्र कुमार मारकंडे को भी एक सप्ताह से लगातार समस्या से अवगत कराया जा रहा है, बावजूद इसके हालात जस के तस बने हुए हैं। लोहिया नगर के सुपरवाइजर टीटू कौशल मौके पर आकर स्थिति देखकर लौट जाते हैं, लेकिन कोई ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। लेकिन सवाल यह है कि आखिर प्रशासनिक लापरवाही के चलते जनता को इस गंदगी और नारकीय हालात में क्यों रहना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन कुंभकरणी नींद में सोया हुआ है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों ने मेड़ा प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सीवर और नालियों की सफाई कराने, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# डीएवी में लोहड़ी पर आशीर्वाद समारोह विद्यार्थियों ने लिया सफलता का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डीएवी शास्त्री नगर, मेरठ में लोहड़ी के पावन अवसर पर आशीर्वाद समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ एवं हवन के साथ हुआ, जिसमें कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने आहुतियां देकर अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया। विद्यार्थियों ने उत्तम चरित्र निर्माण एवं परिश्रम के माध्यम से सफलता के शिखर को प्राप्त करने का प्रण किया।

इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अल्पना शर्मा डीएवी स्कूल, यूपी जोन-ए ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए प्रेरित करते हुए सफलता का मंत्र दिया। समारोह हर्षोल्लास व उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।







# डीसीएम और ट्रैक्टर की टक्कर में बुलेट सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** मवाना मार्ग पर एक डीसीएम व ट्रैक्टर की भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार व ट्रैक्टर चालक को मेरठ भर्ती कराया है जहां दोनों की हालत खतरे से बाहर है। वहीं डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। परीक्षितगढ़ मवाना मार्ग पर सीएनजी प्लांट के सामने परीक्षितगढ़ की तरफ से जा रही डीसीएम गाड़ी तथा मवाना की तरफ से ग्राम कुंडा निवासी ललित अपना ट्रैक्टर लेकर आ रहा था, दोनों वाहनों की टक्कर हो गई जिसकी चपेट में आकर ग्राम खानपुर निवासी बुलेट सवार सैफुल इस्लाम भी गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं तीनों वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गये। मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार व ट्रैक्टर सवार को सीएचसी मवाना भेजा जहां से उन्हें मेरठ रैफर कर दिया। एक्सीडेंट के बाद सड़क पर दोनों तरफ जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवा कर जाम खुलवाया। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने बताया कि दोनों घायलों को मेरठ भर्ती कराया गया है जहां दोनों के परिजन पहुंच गये है तथा दोनों की हालत खतरे से बाहर है। वहीं डीसीएम चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है तीनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।



# वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. अजय शर्मा की 76वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** पूर्व कांग्रेस नेता स्वर्गीय डॉ. अजय शर्मा की 76वीं जयंती के अवसर पर हवन एवं प्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः विधि-विधान से हवन के साथ हुई, जिसमें परिवारजनों व क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. अजय शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने डॉ. शर्मा को जनसेवा, सादगी और सिद्धांतों पर चलने वाला व्यक्तित्व बताया। इस अवसर पर स्वर्गीय डॉ. शर्मा के पुत्र एडवोकेट आदेश शर्मा ने अपने पिता को याद करते हुए भावुक शब्दों में कहा कि उनके पिता ने हमेशा सच्चाई, ईमानदारी और जनहित को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि पिताजी के आदर्श और संस्कार ही हमारे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर




समाज की सेवा करते रहें। कार्यक्रम के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में परिवार के सदस्य, शुभचिंतक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय डॉ. अजय शर्मा को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अमित मोहन गुप्ता पूर्व अध्यक्ष किला परीक्षितगढ़, डॉ. नरेश चंद्र पूर्व अध्यक्ष मवाना नगर पालिका डॉ. राकेश सेन, अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष हस्तिनापुर भाजपा हरि ओम शर्मा, सतीश त्यागी, संदीप रस्तोगी, अक्षत शर्मा एडवोकेट दीपक आदि मौजूद रहे।

**NOTICE**

My name was RIHAN S/O ABDUL ALI and my Passport No. is N3994821. After today I known as MOHD. REHAN SIDDIQUI.

# स्मार्ट मीटर के साथ अब चेक मीटर लगाएगा विभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उपभोक्ताओं के घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर को लेकर अब विभाग चेक मीटर भी लगाएगा ताकि सभी शंकाओं का समाधान हो सके। और यह बताया जा सके कि दोनों ही मीटर के यूनिट में कोई अंतर नहीं है और उपभोक्ता की संतुष्टि के बाद विभागीय टीम पुराने मीटर को हटाकर स्मार्ट मीटर लगा रहने देगी। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चेक मीटर की सुविधा स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के मन में चल रहे शंकाओं के दूर करने के लिए दी गई है। यह उपभोक्ताओं की मांग पर स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करने वाली टीम बिजली उपभोक्ताओ के पुराने मीटर के साथ स्मार्ट मीटर इंस्टॉल करती है। ताकि, उपभोक्ता के मन में कोई संदेह न रह जाए। यह चेक मीटर मोहल्ले या सोसायटी में किसी एक या दो उपभोक्ता के घर पर ही लगाया जाएगा। क्योंकि, इसका उद्देश्य सिर्फ शंकाओं का समाधान करना है।

# एईएसआई चेयरमैन बने प्रोफेसर सुभाष गौतम, संस्थान में जश्न

**हापुड़।** जनपद के शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, हापुड़ के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर (डॉ.) सुभाष गौतम को एसोसिएशन फॉर इंग्लिश स्टडीज ऑफ इंडिया (।म्ैप्) के त्रिवार्षिक चुनाव में भारी मतों से चेयरमैन चुना गया है।

यह चुनाव महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी के गांधी अध्ययन पीठ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 68वें त्रिवार्षिक चुनाव का आयोजन चुनाव अधिकारी एवं लोकल सेक्रेटरी प्रोफेसर निशा सिंह की देखरेख में हुआ, जिसमें देशभर से आए अंग्रेजी भाषा और साहित्य से जुड़े प्रोफेसरों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। मतगणना के उपरांत प्रो. सुभाष गौतम को चेयरमैन पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रो. गौतम एक प्रख्यात उपन्यासकार हैं और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के अंग्रेजी विभाग के प्रोफेसर विकास शर्मा के प्रथम शोधार्थी भी रहे हैं, जिसे शिक्षा जगत में एक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। चुनाव के दौरान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी ने प्रो. सुभाष गौतम को जीत प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर बधाई दी। अपने संबोधन में प्रो. गौतम ने कहा कि वे एसोसिएशन के माध्यम से



अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के अध्ययन, शोध और नवाचार को नई दिशा देंगे तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच अकादमिक सहयोग को और मजबूत करेंगे। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी विद्वान आचार्यों, डेलिगेट्स और विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इस उपलब्धि पर जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, जे.एम.एस.आई.टी. गाजियाबाद, भगवती इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद और जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल में हर्ष का माहौल रहा। संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल, वाइस चेयरमैन डॉ. हिमांशु सिंघल, सचिव डॉ. रोहन सिंघल, प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष सिंघल सहित निद. शक, प्राचार्य, शिक्षक और स्टाफ सदस्यों ने प्रो. गौतम का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया।

**VASTU HOUSING FINANCE**

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, 'ए' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंडर रोड, सेवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र, सीआईएन नंबर: U65922MH2005PLC272501

**2002 के प्रतिभूतिकरण अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

जबकि, वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपने मुख्य कार्यालय मुंबई के माध्यम से, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने वीएचएफसीएल से उनके द्वारा प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और कहा है कि नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स सुविधाएं खराब हो गई हैं, उन्हें वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे, हालांकि वे बिना तामील हुए वापस आ गए हैं और इस प्रकार उन्हें इसके माध्यम से सूचित किया जाता है और उसी के बारे में सार्वजनिक सूचना है।

| उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना की तिथि एवं राशि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| नूर आलम (आवेदक), रवीना (सह-ऋणकर्ता)<br>एलपी0000000109536 | 15/12/2025<br>12/12/2025 तक<br>रू. 664495/- आगे के साथ ब्याज और उस पर शुल्क | गाटा नम्बर 539 मील, ग्राम असरथा, परगना-डिक्सिर, जिला गोंडा, उत्तरा असरथा, गोंडा, उत्तर प्रदेश, 271403, क्षेत्रफल 350 वर्ग फीट, उत्तर में-शेष चक मुकीर से घिरा, दक्षिण में-उप मार्ग 5 मीटर नीचे, पूर्व में-चक सत्य नारायण, पश्चिम में-शेष चक मुकीर |
| रावसन मल्लिक (आवेदक), जिन्नारा बेगम (सह)<br>एलपी0000000183598<br>एलपी0000000276268 | 15/12/2025<br>12/12/2025 तक<br>रू. 553302/- आगे के साथ ब्याज और उस पर शुल्क | वह सभी भाग और पार्सल पर निर्मित संपत्ति नम्बर 6, और 7 तथा हाल नम्बर 5, मोहल्ला-सराय लाल दास, मेरठ, मेरठ, मेरठ, उत्तर प्रदेश, 250002 में स्थित, क्षेत्रफल 42 वर्ग मीटर है, उत्तर दिशा में-शोराज सिंह का मकान, दक्षिण दिशा में - शेख किरामत अली और अन्य का प्लॉट, पूर्व दिशा में - 5 फुट चौड़ा रास्ता और पश्चिम दिशा में- आबचक |
| शादीक हुसैन (आवेदक), अर्शी (सह-उधारकर्ता)<br>एलपी0000000166359<br>एलपी0000000135433 | 16/12/2025<br>12/12/2025 तक<br>रू. 1219955/- और रू. 2201878 को 16/12/2025 आगे के साथ ब्याज और उस पर शुल्क | गाटा नम्बर 552, वांके मौजा फतहुल्लागंज ठाकुरदा, संपत्ति का क्षेत्रफल 103 वर्ग मीटर, अतुल पेट्रोल पंप, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, ठाकुरद्वारा, उत्तर प्रदेश - 244601 उत्तर-श्री लियाकत की दुकान, दक्षिण-रास्ता 20 फीट चौड़ा, पूर्व-दोनार की दुकान, पश्चिम-ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद रोड |

नोटिस की प्रतिस्थापित सेवा के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं, सह-उधारकर्ताओं और या उनके गारंटरों (जहां भी लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करें, अन्यथा 60 दिनों की समाप्ति के बाद आगे कदम उठाए जाएंगे। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधान के अनुसार इस नोटिस की तारीख।

कृपया सूचित रहें कि उक्त नोटिस भी धारा 13(13) के तहत उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं को सूचित करता है कि उक्त बंधक संपत्ति को बेचा/पट्टा/स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

दिनांक: 14.01.2026
स्थान: गोंडा, मेरठ, ठाकुरद्वारा

प्राधिकृत अधिकारी,
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि0

# जनपद में 10398 वोटरों को किए जाएंगे नोटिस जारी: डीएम

## अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मत देय स्थलों के लिए किए गए नियुक्त कर दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प और भविष्य की दिशा में मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और अद्यतन बनाने के लिये विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण SIR अभियान का अगला कदम भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया है जिसके क्रम में आज जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति की गई है और उन्हें आज प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया गया है। जनपद बागपत के अंतर्गत तीन विधानसभा है। छपरौली, बड़ौत, बागपत जिसके अंतर्गत जनपद में कुल मतदान केंद्र 511 हैं और मतदेय स्थलों की संख्या 1081 है। जनपद में ऐसे 10398 वोटरों को नोटिस जारी किये जाएंगे उनके लिए समय 11 से 4 बजे तक होगा प्रतिदिन एक सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 150 नोटिस जारी करेंगे। 1 जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत में जन्म हुआ हो उसके लिए स्वयं के लिए कोई भी अभिलेख उपलब्ध कारण जो जन्मतिथि और या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो और माता या पिता में से कोई भी एक अभिलेख अवश्य उपलब्ध कारण जिसमें उनकी जन्मतिथि और या जन्म स्थान को प्रमाणित करता हो।



यदि 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में जन्म हुआ हो उसे नागरिक के लिए वह स्वयं का कोई भी अभिलेख उपलब्ध कराएगा जिसमें उसकी जन्म तिथि या जन्म स्थान प्रमाणित हो यह और माता-पिता दोनों के अभिलेख उपलब्ध कराएगा जिसमें जन्म स्थान और जन्म तिथि प्रमाणित हो।

यदि माता-पिता अभिभावक में से कोई भी भारतीय नहीं है तो अपने जन्म के समय उनके भेद पासपोर्ट और वीजा की एक प्रति उपलब्ध कराये। अभिलेखों की सांकेतिक (संपूर्ण नहीं) सूची (यदि ऊपर उल्लेखित है, तो स्वयं, पिता और माता के लिए अलग-अलग स्व-सत्यापित अभिलेख जमा किये जाने हैं) 1.किसी भी केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी/पेंशनभोगी को जारी किया गया।

कोई भी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश। 2. 01.07.1987 से पहले सरकार/स्थानीय प्राधिकरणों / बैंकों/डाकघर/एलआईसी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भारत में जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/ प्रमाणपत्र / अभिलेख। 3.सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र। 4. पासपोर्ट। 5. मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन / शैक्षणिक प्रमाण पत्र ।. 6. वन अधिकार प्रमाण पत्र। 7. सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र। 8 सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी / एससी/एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र। 9. राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहाँ भी हो)। 10. राज्य / स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर। 11. सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि / मकान आवंटन प्रमाण पत्र।12. आधार के लिए, आयोग के पत्र संख्या 23/2025-ईआरएस/खंड 09.09. 2025 (अनुलग्नक ) द्वारा जारी निर्देश लागू होंगे। 13. बिहार एसआईआर की मतदाता सूची का अंश, 01.07.2025 की संदर्भ तिथि के अनुसार। होना आवश्यक है इन दस्तावेजों के साथ एसटीडी के अंतर्गत आने वाले मतदाता अपना फार्म अवश्य भरे BLO उनको सूचना अवश्य दें कोई भी नागरिक छूटे ना। इस अवसर पर यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत उपाध्याय सहित समस्त एसडीएम, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

# घने कोहरे के कारण अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गागनौली निवासी सावेज व हारुण पुत्र बिट्टू दोनों भाई अपने गांव से बाइक पर सवार होकर बडौत मजदूरी करने के लिए रोजाना की तरह जा रहे थे।

बावली गांव के निकट सुबह सवेरे अधिक कोहरा होने के कारण अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें दोनों भाई सड़क पर गिर गए। टक्कर मारकर वाहन चालक तेज गति दिखाते हुए फरार हो गया। अधिक कोहरा होने के कारण अज्ञात वाहन की पहचान नहीं हो पाई। यह हादसा दिल्ली सहारनपुर रोड बावली गांव के पास हुआ जिसमें मौके पर हारून पुत्र बिट्टू की मौत हो गई। उसका भाई सावेज गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक हारून व घायल सावेज को एंबुलेंस के जरिए सीएचसी में लाया गया। गंभीर हालत में सावेज को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सूचना मिलते ही गागनोली गांव में मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर परिजन एवं गांव के लोग बडौत सीएचसी में पहुंचे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार चाहल ने बताया कि मृतक को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है जल्दी चालक को पकड़ लिया जाएगा।



मृतक का फाइल फोटो

# ब्यूटी पार्लर व्यवसाय व ई-रिक्शा चालक सर्विस प्रोजेक्ट का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को उ.प्र.अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. लखनऊ द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना के घटक गान्ट इन एड के अन्तर्गत बुटीक व्यवसाय आधारित प्रोजेक्ट, ब्यूटी पार्लर व्यवसाय आधारित प्रोजेक्ट एवं ई.-रिक्शा चालक सर्विस प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया।

उक्त योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को विस्तृत आजीविकापरक परियोजनाओं, जिनमें आयजनित योजनायें, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचनाये सम्मिलित है के द्वारा अनुसूचित जाति को गरीबी रेखा से ऊपर उठाना है।

उक्त योजना अन्तर्गत आवेदक को प्रशिक्षण प्रदान कर परियोजना स्थापित करने के लिये प्रति व्यक्ति रू. 50,000/-अथवा प्रोजेक्ट धन. राशि का 50 प्रतिशत जो भी कम हो, सहायता अनुदान के रूप में प्रदान किया जायेगा तथा परियोजना लागत की अवशेष धनराशि बैंक ऋण के रूप में देय होगी। योजनान्तर्गत 50 अभ्यार्थियों को बुटीक व्यवसाय आधारित प्रोजेक्ट, 99 अभ्यार्थियों को ब्यूटी पार्लर व्यवसाय आधारित प्रोजेक्ट एवं 50 अभ्यार्थियों को ई.-रिक्शा चालक सर्विस प्रोजेक्ट का प्रशिक्षण बडौत में दिया जायेगा।

जनपद बागपत के ग्राम खेडा इस्लामपुर में बुटीक व्यवसाय आधारित क्लस्टर के प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ डा.राजकुमार सांगवान, सासंद के द्वारा किया गया जिसमें 47 अभ्यार्थियों का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

# राष्ट्र रक्षा सम्मेलन में वैदिक विद्वानों ने किया चिंतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** सिरसली के वैदिक निकेतन में चल रहे चार दिवसीय अथर्ववेद पारायण महायज्ञ के तीसरे दिन राष्ट्र रक्षा सम्मेलन हुआ, जिसमें वैदिक विद्वानों ने राष्ट्र निर्माण व रक्षा के लिए चिंतन मंथन किया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व गन्ना मंत्री एवं विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि माता समाज की निर्माता है। आज माताओं को अपनी संतानों को संस्कारित करना होगा। हमारी युवा पीढ़ी राष्ट्र की रीढ़ हैं। युवा पीढ़ी स्वस्थ, संस्कारित व शिक्षित होगी तभी राष्ट्र मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि आज समाज में बुराइयों व नशाखोरी के चलते तमाम विकृतियां पनप रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में महर्षि दयानंद की वैदिक विचारधारा को आत्मसात करने पर ही राष्ट्र की रक्षा संभव है। गुरुकुल वेद कुलम के हरिद्वार के अधिष्ठाता आचार्य डा.सुनील आर्य ने कहा कि आर्य समाज की विचारधारा ही समाज को जागृत व राष्ट्र को उन्नत बना सकती है। वैदिक विद्वान प्रोफेसर सुरेंद्र पाल आर्य ने कहा कि तीन मौलिक अंग कृति, प्रकृति व संस्कृति है। यदि किसी राष्ट्र ये तीनों अंग ठीक हैं तो वह राष्ट्र हर तरह से सशक्त उन्नत होगा। साध्वी डा.प्राची दीदी, कन्या भुरुकूल शामली की आचार्य प्रगति भारती, आचार्य स्वाति व डा.हर्षिता ने भी विचार व्यक्त किए। प्रसिद्ध भजनोपदेशक सहदेव सिंह बेधड़क, पंडित राजवीर सिंह आर्य, मुकेश आर्य व विदुषी सविता आर्य ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत भजन प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

## एक नजर

# 25 समोशरण विधान की तैयारी शुरू, सभा का किया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर मे ऋषभदेव सभागार, मान स्तंभ परिसर, गांधी रोड बड़ौत में भावलिंगी संत परम पूज्य श्रमनाचार्य विमर्श सागर महामुनिराज ससंघ 35 पिछी के सानिध्य में किया जाएगा। कार्यक्रम भारत के प्रसिद्ध विद्वान डा.श्रेयांस जैन के निर्देशन में पंडित आशीष जैन भोपाल द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया जाएगा। संगीतकार केशव म्यूजिकल ग्रुप भोपाल विधान में मधुर संगीत देंगे।

कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए अजितनाथ सभागार में जैन समाज की सभा का आयोजन आचार्य विमर्श सागर महाराज के सानिध्य में किया गया, जिसमें कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट जितेंद्र जैन द्वारा की गई। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 8 फरवरी को चौबीस तीर्थंकर भगवान की रथयात्रा और पालकी यात्रा से होगा। रथयात्रा अजितनाथ मंदिर से चलकर महावीर मार्ग, नेहरू मूर्ति से होते हुए ऋषभ सभागार पहुंचेगी। जहां पर आदिनाथ भगवान के भव्य समोशरण के साथ चौबीस तीर्थंकर भगवान के चौबीस समोशरण का भी निर्माण किया जाएगा। भारत के अनेकों प्रदेशों से जैन श्रद्धालु विधान में उपस्थित होंगे। सभा में प्रशासनिक व्यवस्था धनेंद्र जैन सचिव दिगंबर जैन हाई स्कूल एसोसिएशन को जुलूस व्यवस्था नमोकार महामंत्र प्रचार समिति को शुद्ध भोजन व्यवस्था जैन मिलन नगर को, वस्त्र वितरण व्यवस्था जैन मिलन वर्धमान को कूपन व्यवस्था विमर्श जागृति मंच को सामग्री व्यवस्था अतिथि भवन पुजारी संघ को,पांडाल व्यवस्था जैन मिलन बड़ौत को और आवास व्यवस्था युवा भारत विकास परिषद को दी गई है। कार्यक्रम हेतु 11 संयोजक मनोनीत किए गए हैं। आचार्य विमर्श सागर महाराज ने समस्त जैन समाज को एकजुट होकर विधान में सम्मिलित होने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जिनेंद्र भगवान की भक्ति सभी संकटों को दूर करने वाली और पुण्य बढ़ाने वाली है। हमे विधान के माध्यम से जिनेंद्र भगवान की भक्ति करके अपने मनुष्य जन्म को सफल बनाना है। सभा में अजितनाथ साधु सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र जैन, कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश जैन, महामंत्री प्रदीप जैन, राज. कुमार जैन, पवन जैन, संजीव जैन, संजय जैन, राजेश भारती, आदिश जैन, कमल जैन, अतुल जैन, अनिल जैन, वीरसेन जैन, अमित जैन, विवेक जैन, राकेश जैन, नीरज जैन आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपना नाम इमरान (IMRAN) पुत्र आशिक अली निवासी बाहरी बस्ती मौ.मुगलपुरा बागपत उ.प्र. 250609 से बदलकर इमरान खान (IMRAN KHAN) रख लिया। भविष्य में सभी उद्धेश्यों के लिए मुझे इमरान खान के नाम से जाना जाये।

# बेटी होने के बाद पति ने दिया अपनी पत्नि को तीन तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बेटी का जन्म होने पर पति ने पत्नी को तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस अधिकारियों से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि दो बार तलाक के बाद फैसले की बात रखी गई और फैसले में जो शर्तें रखी गई उनको भी ससुराल वालों ने मानने से इनकार कर दिया जिससे वह अब न्याय की मांग को लेकर भटक रही है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पीड़िता ने शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

रटौल कस्बे की रहने वाली युवती का निकाह बसौदा ताजिम के साथ संपन्न हुआ था। महिला के अनुसार उसके परिजनों ने खूब दान दहेज दिया और करीब 10 लख रुपए की कीमत से शादी की थी। शादी के बाद कम दहेज लाने को लेकर उसका उत्पीड़न शुरू हुआ और कुछ ही दिन बाद उसको बेटी पैदा हुई। बेटी पैदा होने के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका उत्पीड़न चालू किया और ससुर के उखाणे के बाद उसके पति ताजिम ने उसकी तीन तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। इसके बाद उसने जब शिकायत की बात कही तो समाज के गणमान्य लोगों द्वारा उसका फैसला किया गया और उसमें 4.5 लख रुपए देने की बात रखी गई, लेकिन पंचायत के फैसले को भी ससुरालयों ने नहीं माना और तय की गई। रकम भी वापस नहीं लौटा इसके बाद एक और बार फैसले की पेशकश की गई, लेकिन उसे फैसले को भी ससुराल वाले लोगों ने मानने से इनकार कर दिया। पीड़िता अब न्याय की मांग को लेकर दर-दर भटक रही है। पीड़िता ने बागपत पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर पति ताजिम ससुर सास व अन्य ससुराल के लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने पूरे मामले में जांच कर कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# शासनादेश बेअसर भुगतान महीनों से पेंडिंग

**हापुड़।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली से शिक्षक वर्ग में भारी रोष है। शिक्षकों का आरोप है कि शासनादेशों के बावजूद उनके वित्तीय प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण नहीं किया जा रहा, जिससे वे मानसिक और आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। शिक्षकों के विभिन्न प्रकार के एरियर महीनों से लंबित हैं। जनवरी 2025 में वार्षिक वेतन वृद्धि एक माह देरी से मिलने वाले शिक्षकों का एरियर अब तक नहीं दिया गया, जबकि उस पर आयकर पहले ही काटा जा चुका है। कार्यालय से संपर्क करने पर बार–बार 10–15 दिन में भुगतान का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। एनपीएस के मामलों में भी गंभीर अनियमितताओं के आरोप हैं। शिक्षकों के वेतन से एनपीएस की कटौती तो हो रही है, लेकिन वह राशि उनके खातों में जमा नहीं की जा रही, जिससे वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के बाद भी कई शिक्षकों के वेतन खाते पूर्व जनपद में ही संचालित हो रहे हैं और खाता परिवर्तन के आवेदन लंबित हैं। तकनीकी कारणों से कई शिक्षकों का पूरा माह का वेतन रोका गया है। हाल ही में वेतन गलत खातों में चले जाने का मामला भी सामने आया, जिसे बाद में ऑफलाइन भुगतान कर निपटाया गया।

# समाजसेवी कृष्णवीर तुगाना को जान से मारने की साजिश!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** तुगाना गांव में समाजसेवी कृष्णवीर तुगाना को जान से मारने की साजिश रचे जाने की सूचना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है। आरोप है कि कुछ बदमाश गांव में आकर खुलेआम कृष्णवीर तुगाना की रेकी कर रहे थे। गांववासियों को जब इस गंभीर साजिश की भनक लगी तो उन्होंने तुरंत कृष्णवीर तुगाना को इसकी जानकारी दी।

इस सूचना से कृष्णवीर तुगाना कुछ समय के लिए स्तब्ध रह गए और तत्काल पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बदमाशों की तलाश शुरू की, लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है, जिसके बाद से गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतनी गंभीर सूचना के बावजूद अब तक न तो किसी आरोपी की पहचान हो सकी है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि क्या पुलिस किसी बड़ी और खूनखराबे की घटना का इंतजार कर रही है? उधर, पीड़ित समाजसेवी कृष्णवीर तुगाना अपनी जान की सुरक्षा को लेकर लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन पुलिस की ओर से मामले को लेकर अब तक कोई ठोस और प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। गांववासियों का आरोप है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। फिलहाल तुगाना गांव में तनाव, डर और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इस मामले मे छपरौली पुलिस का कहना है की पुलिस जांच मे जुटी हुई है जांच कर कार्रवाई कि जाएगी।



# डीलर पर मनमानी कर पूरा राशन नहीं देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत तहसील क्षेत्र के महावतपुर गांव निवासी उत्तम वीर ने जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने गांव के सरकारी राशन डीलर अजय पाल पर लंबे समय से सरकारी राशन की अवैध बिक्री का गंभीर आरोप लगाया है।

उत्तम वीर के अनुसार, राशन डीलर सरकारी राशन की चोरी कर उसे बाजार में बेच रहा है। इस कारण पात्र गरीब और जरूरतमंद कार्डधारकों को पूरा राशन नहीं मिल पा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि राशन वितरण के दौरान घटतौली की जाती है। कुछ कार्डधारकों के नाम पर राशन का उठान तो दिखाया जाता है, लेकिन उन्हें वास्तव में अनाज नहीं दिया जाता। उत्तम वीर का आरोप है कि डीलर सरकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी कर मनमानी कर रहा है। उत्तम वीर ने प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि राशन डीलर के खिलाफ आवाज उठाने पर ग्रामीणों को डराने-धमकाने का प्रयास किया जाता है। गांव के कई लोगों ने पहले भी डीलर से शिकायत की थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी पाए जाने पर राशन डीलर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और उसकी दुकान का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शिकायत को संबंधित विभाग को भेजकर जांच का आश्वासन दिया है। इस संबंध में राशन डीलर अजय पाल ने कहा है कि उच्च अधिकारियों का जो भी निर्णय होगा, वह उन्हें मान्य रहेगा।



# सांसद व डीएम ने किए 65 पात्र लाभार्थियों को कंबल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनकल्याण के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता के अंतर्गत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री राहत एवं आपदा सहायता योजना के तहत सांसद डा.राजकुमार सागवान व जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने 65 पात्र लाभार्थियों को कंबल वितरित किए गए।



इस अवसर पर माननीय सांसद डा. राजकुमार सागवान ने कहा कि शीतलहर के कृष्टिगत जरूरतमंदों को त्वरित राहत प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री राहत एवं आपदा सहायता योजना के माध्यम से असहाय एवं निराश्रित व्यक्तियों को निरंतर सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने जानकारी दी कि सरकार से अब तक कुल 5439 कंबल प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 2857 कंबल शीतलहर से प्रभावित असहाय एवं निराश्रित व्यक्तियों को वितरित किए जा चुके हैं। शेष कंबलों का वितरण भी चिन्हित पात्र लाभार्थियों को शीघ्र सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं लाभार्थी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में जगह-जगह स्थान पर प्रमुख चौराहे तिराहे पर शीतलहर के कृष्टिगत अलाव भी जलाई जा रहे हैं जिससे कि किसी भी चलते राहगीर को किसी तरह की सर्दी ना लगे अलाव का सहारा ले सके प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए की कोई भी बाहर न सोए और किसी को भी सर्दी नहीं लगनी चाहिए। सर्दी से बचाव करना हमारी जिम्मेदारी है जिनके प्रति सरकार पूर्ण रूप से गंभीर है सांसद ने कहा कि बुजुर्ग हमारी पूंजी हैं इनका ध्यान रखें इनका सम्मान करें प्रशासन द्वारा समय-समय पर कम्बल वितरित किए जा रहे हैं। सांसद ने कहा सरकारी जनकल्याणकारी योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहना चाहिए हर व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जाए गरीबों के प्रति सरकार संकल्पित है उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी बेसहारा छूटे ना। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण, डिप्टी कलेक्टर ज्योति शर्मा सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़ौत ( बागपत )

**पत्रांक:** 651 /2025-2026/ मुख्य कार्यालय    **दिनांक**-09.01.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बडौत के पंजीकृत ठेकेदार / आपूर्तिकर्ताओं/ विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका राज्य वित्त आयोग / बोर्ड फण्ड से निम्न कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये दिनाक 19-01-2026 को समय सांय 3:00 बजे तक निविदाये आमंत्रित कि जाती है। दिनाक 20-01-2026 की सांय 4:00 बजे अधोहस्ताक्षर द्वारा निविदाएं खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष महोदया/ अधोहस्ताक्षर में निहीत होगा। निविदा हेतु निर्धारित धरोहर धनराशि (EMD) एवं निविदा मूल्य का शुल्क ऑनलाइन पालिका के निविदा A/C No- 0042000101044060 IFSC CODE-PUNB0004200 में जमा किया जायेगा।उक्त ऑनलाइन ट्रांजैकशन कि सिल्प / प्रमाण पत्र की स्कैन कापी निविदा के साथ कराना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा पर धरोहर राशि (EMD) के बिना विचार नहीं किया जायेगा। किन्ही कारणवंश उक्त तिथि में अवकाश होने पर अगला कार्यदिवस माना जायेगा। निविदा की नियम व शर्ते तथा निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य भी कार्यदिवस में नगर पालिका कार्यलय में देखी जा सकती है:-

| क्र. स. | मद का नाम | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (GST रहित) | धरोहर राशि (10 प्रतिशत) | निविदा मूल्य +18 प्रतिशत जीएसटी सहित | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा.वि.आयो./बोर्ड फण्ड | 90 वाट की एलईडी के लिये 300 नग एलईडी एमसीपीसीबी एंव ड्राईवर की क्रयदारी। | 450000 | 45000 | 450+81 | 07 दिवस |
| 2 | रा.वि.आयो./बोर्ड फण्ड | प्रकाश व्यवस्था हेतु प्रकाश सामाग्री की क्रयदारी। | 388895 | 38889 | 388+69 | 07 दिवस |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बड़ौत**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद बड़ौत**

# गोरखपुर-शामली एक्सप्रेस वे को वाया पीलीभीत किए जाने को मिली मंजूरी

**पीलीभीत।** गोरखपुर–शामली एक्सप्रेस वे का वाया पीलीभीत किये जाने की केन्द्रीय परिवहन एवं सड़क निर्माण मंत्रालय द्वारा मंजूरी किये जाने पर गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार की मेहनत रंगलाई। आज मंगलवार को इसकी सूचना पाकर राज्यमंत्री के जन सहयोग कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई और इसके लिए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया। बहुप्रतिक्षित उक्त एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए पूर्व में वाया बरेली–पीलीभीत होकर निर्माण किये जाने की मंजूरी दी गई थी जिसे बाद में पीलीभीत की उपेक्षा करके उसे बरेली–शाहज.हापुर–लखीमपुर आदि जनपदो से होकर गोरखपुर तक निर्माण किये जाने की संशोधित मंजूरी प्रदान की गई थी। इस पर गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय गंगवार ने 25 अगस्त 2025 को केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर एवं दिल्ली में उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर शामली–गोरखपुर एक्सप्रेस वे को पुनः वाया पीलीभीत किये जाने का अनुरोध किया था। गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के अनुरोध एंव व्यापक पैरवी पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उक्त एक्सप्रेस वे के निर्माण को संशोधित करते हुए पुनः वाया पीलीभीत किये जाने की अधिसू.चना जारी कर दी है, जिससे अब उक्त एक्सप्रेस वे बरेली–नवाबग.ंज से होकर पीलीभीत जनपद की बीसलपुर तहसील के 39 गांवों एंव सदर तहसील के लगभग आधा दर्जन गांवो से होकर गुजरेगा। गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार के लगातार पैरवी किये जाने के फलस्वरूप शामली–गोरखपुर एक्सप्रेस वे को पुनः वाया पीलीभीत किये जाने की खबर से क्षेत्र की जनता एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। ज्ञात रहे कि राज्यमंत्री संजय गंगवार ने 25.08.2025 केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र में कहा था कि पीलीभीत जनपद नेपाल सीमा से सटे तराई क्षेत्र का महत्वपूर्ण जनपद है जहा चीनी उधोग, गेंहू आदि का उत्पादन बहुतायत होता है जो जनपद के विकास में उल्लेखनीय योगदान देता है। इतना ही नही पीलीभीत टाईगर रिजर्व की स्थापना होने से यहा देश विदेश के पर्यटकों का बड़ी संख्या में आवागमन रहता है जो जनपद के विकास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। राज्यमंत्री ने कहा की औधोगिक विकास तेजी हो रहा है एशिया की सबसे बड़ी खमीर फैक्ट्र (ईस्ट) की स्थापना हो रही है।

> **शामली-गोरखपुर** एक्सप्रेसवे के वाया पीलीभीत निर्माण किये जाने की पुनः संशो.धित मंजूरी किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के प्रति हार्दिक आभार जिन्होनें पीलीभीत जनपद वासियों के लिए नये वर्ष में नई सौगात दी है। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से जनपद वासियों के लिए विकास के नये रास्ते खुलेगे और लोगो को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होगे वही क्षेत्र का विकास त्वरित गति से होगा।
>
> **संजय सिंह गंगवार, गन्ना राज्यमंत्री उप्र सरकार**

टिकरी टोल प्लाजा पर मारपीट प्रकरण

# टोल एजेंसी पर 3 लाख जुर्माना 3 कर्मचारी बर्खास्त, नहीं कर सकेंगे किसी भी टोल पर नौकरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर टिकरी टोल प्लाजा पर वाहन चालकों के साथ टोल कर्मियों द्वारा की गई मारपीट और अभद्रता का वीडियो वायरल होने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (छभ्।प्) ने बड़ी कार्रवाई की है। छभ्।प् ने संबंधित टोल एजेंसी पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और मारपीट में शामिल तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया है।

मामला बीते दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो से सामने आया था। वीडियो में टिकरी टोल प्लाजा के कर्मचारी यात्रियों के साथ बदसलूकी और मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे थे। रिपोर्टों के अनुसार, एक मामूली विवाद इतना बढ़ गया कि टोल कर्मियों ने यात्रियों पर हमला कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद छभ्।प् के उच्चाधिकारियों ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया। छभ्।प् की प्राथमिक जांच में पाया गया कि टोल कर्मियों का व्यवहार गैर–पेशेवर था और उन्होंने कानून को अपने हाथ में लेने का प्रयास किया। प्राधिकरण ने नियमों के उल्लंघन और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए टोल संचा.लित करने वाली एजेंसी पर 3 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हिंसा में सीधे तौर पर शामिल तीन टोल कर्मियों की पहचान कर उन्हें सेवा से निष्कासित कर दिया गया है।

## एक नजर

### अनियंत्रित कार खाई में पलटी दो युवकों की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सोमवार देर रात को पूरनपुर–खुटार नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। शादी कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे तीन युवकों की कार कजरी निरंजनपुर के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस भीषण हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर अफरा–तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही गढ़वाखेड़ा चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस नें सभी को अस्पताल भिजवाया। जहाँ डॉक्टरो नें दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव कजरी निरंजनपुर निवासी भाजपा नेता सरवन सिंह लाहौरिया के यहां शादी को लेकर कार्यक्रम आयोजित था। इसमें शामिल होने के लिए पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर मकरंदपुर निवासी जयदीप उर्फ दीपू, घुंघचाई थाना क्षेत्र के नवदिया बंकी स्थित बिजली फार्म निवासी हरमीत सिंह तथा माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव मैनाकोट निवासी लवजीत सिंह कार से पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम में शामिल होने के बाद तीनों युवक रात करीब साढ़े आठ बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान कजरी निरंजनपुर के पास उनकी कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहग.ीर मौके पर पहुंच गए। कार में फंसे युवकों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। एंबुलेंस की सहायता से तीनों घायलों को साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पूरनपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जयदीप उर्फ दीपू और हरमीत सिंह को मृत घोषित कर दिया।

### पूर्ति निरीक्षक व उपभोक्ता की जंग, जांच में खुलेंगे सच्चाई के रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** उपभोक्ता और पूर्ति निरीक्षक की जंग जारी है। दोनों एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगा रहे हैं। जांच पड़ताल में सच्चाई का रंग स्पष्ट हो सकता है, जिसमें उच्च अधिकारी अभी मौन हैं। तहसील क्षेत्र के ग्राम अमरैया कलां निवासी छत्रपाल, रवि शर्मा, जंग.बहादुर, सियाराम, धर्मवीर, हरप्रसाद आदि ने अपात्र उपभोक्ताओं की शिकायत और अपना राशनकार्ड बनवाने के एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसकी जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक बृजेश मिश्रा ने गांव में पहुंचकर जांच की। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने अपात्रों के राशनकार्ड नहीं काटे और न ही अब तक हमारे अन्त्योदय कार्ड बनाए हैं। पूर्ति निरीक्षक की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व मुख्यमंत्री से शिकायत की और पूर्ति निरीक्षक द्वारा जांच व कार्यालय में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि पूर्ति निरीक्षक रूपए लेकर फर्जी जांच करते हैं। कार्ड बनवाने के लिए कार्यालय में भी बसूली होती है जिससे गलत तरीके से काम हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व भी पूर्ति निरीक्षक ने 46 लोगों के फर्जी बयान लिखे थे और 40 हजार रूपए रिश्वत ली थी। वहीं पूर्ति निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी शिकायतकर्ता साधन संपन्न व्यक्ति हैं। शिकायत करके मेरी छवि धूमिल कर रहे हैं और मुझ पर अपने अनुरूप कार्य करने का दबाव बना रहे हैं जोकि गलत है।

### कैंडल मार्च निकाल कांग्रेस ने उठाई सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा नगर क्षेत्र के गांव कफसाल में दलित महिला की नृशंस हत्या के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाल.कर आक्रोश जताया। पिलखुवा नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में निक.ाले गए इस मार्च में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।। कैंडल मार्च कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर जीटी रोड होते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक पहुंचा। वहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर मृतक महिला को श्रद्धांजलि अर्पित की और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई। इस दौरान दलित उत्पीड़न के विरोध में नारेबाजी भी की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राक.ेश त्यागी ने कहा कि दलित समाज की महिला की निर्मम हत्या अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें हर हाल में न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा तो प्रशासन ने उन्हें मिलने से रोक दिया। नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी ने कहा कि प्रदेश में दलित समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। दलित महिलाओं और बेटियों के साथ लगातार हो रही घटनाएं कानून व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। जिला कांग्रेस महासचिव लाल बहादुर ने चेतावनी दी कि जब तक हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें कड़ी सजा नहीं दी जाती, कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा।

### पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर खेत में फेंकी लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने 15 दिन पूर्व गेहूं के खेत में मिली महिला की लाश की गुत्थी सुलझाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड के मुख्य आरोपी पति और उसके सहयोगी को सोमवार रात एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बीती 28 दिसंबर 2025 को रांची बांगर से करनावल रोड पर एक गेहूं के खेत में करीब 40 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के जरिए मृतका की शिनाख्त अनीता पत्नी राकेश (निवासी फतेहपुरा, बलदेव) के रूप में की। जांच में सामने आया कि अनीता की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके पति राकेश ने ही अपने दोस्त ललित उर्फ मंगल के साथ मिलकर की थी। मुखबिर की सूचना पर थाना रिफाइनरी पुलिस ने बरेली हाईवे बाईपास स्थित कोयला अलीपुर कट के पास घेराबंदी की।

# मकर संक्रांति की तिथि पर विराम, महासभा का ऐलान

**हापुड़।** भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा की बैठक श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में आयोजित हुई, जिसमें मकर संक्रांति पर्व की तिथि को लेकर चल रहे भ्रम को समाप्त करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मकर संक्रांति पर्व 14 जनवरी 2026, बुधवार को ही मनाया जाएगा। महासभा ने स्पष्ट किया कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास का समापन 14 जनवरी को अपरान्ह 3 बजकर 04 मिनट पर होगा। महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित के.सी. पाण्डेय काशी वाले ने धर्मशास्त्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि मुहूर्त चिंतामणि और निर्णय सिंधु जैसे ग्रंथों के अनुसार संक्रांति के समय से पूर्व और पश्चात का काल पुण्यकाल माना गया है। शास्त्रसम्मत मान्यताओं के आधार पर 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति का पर्व विधि–विधान से मनाना उचित है। विद्वानों ने बताया कि 14 जनवरी 2026 को कृष्ण पक्ष एकादशी तिथि, अनुराधा नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग और अमृतसिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस दिन की संक्रांति को 'मन्दाकिनी संक्रांति' कहा गया है, जो विशेष रूप से पुण्य फलदायी मानी जाती है। पुण्यकाल प्रातः 8 बजकर 39 मिनट से मान्य रहेगा। महासभा ने स्पष्ट किया कि एकादशी तिथि होने के कारण कच्चे चावल का दान किया जा सकता है, जबकि सायंकाल 5 बजकर 53 मिनट के बाद एकादशी तिथि समाप्त होने पर गृहस्थ परंपरा के अनुसार खिचड़ी भी बनाई जा सकेगी। बैठक में यह भी बताया गया कि मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान, दान, तिल से हवन, शिव मंदिर में तिल के तेल का दीपक जलाना, वस्त्र और अन्न दान का विशेष महत्व है। स्कंद पुराण और कालि.का पुराण के अनुसार इस दिन किए गए स्नान–दान से समस्त पापों का नाश होता है और ग्रह दोष शांत होते हैं। विद्वानों ने बताया कि मकर संक्रांति के दिन गंगासागर स्नान का विशेष विधान है, जिससे दस अश्वमेध यज्ञ और हजार गौदान के समान पुण्य प्राप्त होता है।।महासभा ने यह भी स्पष्ट किया कि भले ही 14 जनवरी को खरमास समाप्त हो जाएगा।

# अवैध प्लॉटिंग पर चला बुलडोजर



**हापुड़।** हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) के उपाध्यक्ष डॉ. नितिन गौड़ ने ग्राम खेड़ा पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय टावरों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर छह टावरों की प्रगति की समीक्षा की और कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ए और बी टावर तीसरी मंजिल तक पूर्ण पाए गए, जबकि अन्य टावरों का निर्माण अपेक्षाकृत धीमा मिला। उपाध्यक्ष ने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि टावर डी और ई को एक सप्ताह के भीतर तथा ब्लॉक एफ को 20 दिनों के अंदर प्लिंथ लेवल तक पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना प्राधिकरण की प्राथमिकता है और निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद डॉ. नितिन गौड़ ने ग्राम लाखन का दौरा किया, जहां बिना मानचित्र स्वीकृति के अवैध प्लाटिंग और सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था।

मौके पर स्थिति देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष के आदेश पर प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। डॉ. गौड़ ने कहा कि बिना स्वीकृत मानचित्र के कोई भी निर्माण या प्लाटिंग पूरी तरह अवैध है और इस तरह के अनियोजित विकास को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्राधिकरण की यह कार्रवाई क्षेत्र में नियोजित और सुरक्षित विकास सुनिश्चित करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

# सीपीआर देकर पुलिस ने रचा मानवता का उदाहरण

**हापुड़।** जनपद हापुड़ पुलिस ने समय पर तत्परता दिखाते हुए मानवता की मिसाल पेश की है। थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र में सोमवार को अचानक सड़क किनारे बेहोश होकर गिरे युवक की यूपी–112 पर तैनात मुख्य आरक्षी ने सीपीआर देकर जान बचा ली।

समय रहते प्राथमिक उपचार मिलने से युवक की स्थिति में सुधार हुआ और उसे सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार गांव चित्तौड़ा निवासी संजय गढ़–स्याना रोड से गुजर रहे थे, तभी वे वेदांत कॉलेज के पास अचानक बेहोश होकर गिर पड़े और उन्हें दौरे पड़ने लगे। सूचना मिलते ही यूपी–112 की पीआरवी संख्या 3971 मौके पर पहुंची।

वाहन पर तैनात मुख्य आरक्षी सुनील कुमार ने देखा कि युवक की हालत गंभीर और मरणासन्न थी। उन्होंने बिना समय गंवाए तत्काल सीप.ीआर देकर प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की और युवक को गढ़मुक्तेश्वर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उपचार मिलने से उसकी जान बच सकी।।घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मुख्य आरक्षी की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की। इस कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुख्य आरक्षी ने सजगता, कर्तव्यनिष्ठा और साहस का परिचय देते हुए अपने दायित्वों का उत्कृष्ट निर्वहन किया है। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने मुख्य आरक्षी सुनील कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मकर संक्रांति पर सुरक्षा को लेकर बृजघाट में डीएम एसपी का पैदल निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मकर संक्रांति पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के ब्रजघाट का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पैदल भ्रमण कर स्नान घाटों, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। इसके बाद नाव से गंगा में उतरकर जल क्षेत्र और घाटों की स्थिति भी देखी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिका.रियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी और गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गंगा स्नान के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए रेस्क्यू टीम, नावों और चिकित्सा सुविधा को अलर्ट मोड पर रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मकर संक्रांति पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रजघाट पहुंचते हैं।

# जिला कारागार में आयोजित हुई चित्र कला प्रतियोगिता

**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा में जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निर्देशानुपालन में बंदियों के बौद्धिक विकास एवं उनके विचार परिवर्तन हेतु कारागार में समय समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता रहता है। उसी क्रम में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के सहयोग से आज बंदियों के मध्य एक चित्र कला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए पहले से कोई विषय निर्धारित नहीं किया गया था। बंदियों ने अपने मन से चित्र के विषय चुने। किसी ने तिरंगा झंडा बनाया तो किसी ने हाथ में लगाई जाने वाली मेंहदी की ड्राइंग बनाई। चित्रकला अपनी अभिव्यक्ति का एक अच्छा माध्यम है। उक्त प्रतियोगिता में 75 पुरुष एवं 14 महिला बंदियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त चित्रकला प्रतियोगिता का अधिकतम अंक 100 रखा गया है। प्रतियोगिता में अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारी कपिल देव शर्मा के साथ साथ कारपाल सुरेंद्र मोहन सिंह , उपकारापाल दुर्गेश प्रताप सिंह एवं हेमराज एवं शिक्षा अध्यापक सुलेंद्र चौधरी की देखरेख में सम्पन्न हुई।प्रतियोगिता में पुरूष एवं महिला वर्ग से प्रत्येक को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।

# संस्कृति विवि में मनाया गया युवा दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मथुरा।** संस्कृति विश्व विद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की छाता इकाई स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्रोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री पश्चिम क्षेत्र एडवोकेट राय सिंह ने छात्र–छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि राय सिंह ने स्वामी विवेक.ानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। उन्होंने यह भी बताया कि एबीवीपी 12 जनवरी को अपना स्थापना दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एड राय सिंह, विशेष उपस्थिति भाजपा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री डॉ रजनीश त्यागी, मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री पुनीत कुमार, जिला सह संयोजक प्रिया राजपूत ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। परिषद के पूर्व कार्यकर्ता और भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री डॉ रजनीश त्यागी ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थिति में विवेकानंद प्रासंगिक हो जाते हैं। दुनिया के कई देशों में जेन जी ने तख्तापलट किए हैं । चूंकि भारत का युवा स्वामी विवेकानंद को अपना आदेश मानता है इसलिए भारत में युवाओं को भड़काने में विदेशी ताकतें कामयाब नहीं हो पाई हैं। स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रप्रेम और भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों को अपनाकर विक.सित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। तभी विवेकानंद का ''नर सेवा, नारायण सेवा'' का उद्देश्य पूरा हो पाएगा। मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री पुनीत कुमार ने कहा देश में युवाओं का अहम योगदान राष्ट्रवाद के भाव को बढ़ावा देना और संगठित छात्र शक्ति की कल्पना को पूर्ण करना है।

# सस्ती प्लेट, महंगी बीमारी का खतरा कंपटीशन ने बढ़ाई लोगों के स्वास्थ्य की चिंता




**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र की मीनाक्षी रोड इन दिनों सस्ते खाने की होड़ का केंद्र बन गई है। यहां खाने–पीने के ठेले लगाने वालों के बीच ऐसा तीखा कंपटीशन चल रहा है कि बाजार में 50 रुपये में मिलने वाली एक पाव बिरयानी अब 10 रुपये में बेची जा रही है। इसी तरह 100 रुपये की छोले–भटूरे की प्लेट 20 रुपये में और 80 रुपये की टिक्की की प्लेट महज 20 रुपये में उपलब्ध कराई जा रही है। सस्ते दामों पर मिलने वाले इस खाने ने जहां लोगों की भीड़ बढ़ा दी है, वहीं इसकी गुणवत्ता और स्वच्छता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि 10 रुपये में मिलने वाली बिरयानी में चावल के साथ मसाले, चटनी, अचार, सलाद और सोयाबीन तक परोसी जा रही है। इतनी कम कीमत में स्वाद और गुणवत्ता दोनों बनाए रखना नामुमकिन प्रतीत होता है। ऐसे में यह आशंका गहराने लगी है कि ठेले वाले खराब या सस्ते कच्चे माल का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। मीनाक्षी रोड पर सुबह से लाउडस्पीकरों से तेज तेज आवा.जें सुनाई देने लगती है कि बिरयानी दस रुपए पाव, भटूरे 20 रुपए प्लेट और ठेलों पर भारी भीड़ उमड़ने लगती है।

# सेवा केवल कार्य नहीं बल्कि साधना है: पीपाधीश्वरचार्य

**मथुरा।** सेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि साधना है। जिस प्रकार साधना में अनुशासन, संयम और निरंतरता आवश्यक होती है, उसी प्रकार सेवा में भी मन, वचन और कर्म–तीनों की शुद्धता अनिवार्य है। सेवा करते समय यदि मन में राग–द्वेष, तुलना या किसी प्रकार की अपेक्षा आ जाए, तो सेवा की पवित्रता नष्ट हो जाती है। सेवा का अर्थ केवल दान देना ही नहीं हैय बल्कि किसी के दुःख को समझना, समय देना, स्नेह देना और आवश्यकता पड़ने पर मौन रहना भी सेवा के ही रूप हैं।

यह विचार श्रीमद् जगद्गुरु पीपाधीश्वराचार्य बलरामदास देवाचार्य महाराज द्वारा व्यक्त किए गए। ये विचार स्वर्गीय श्रीराम बाबू जी अग्रवाल एवं स्वर्गीय श्रीमती प्रेमवती अग्रवाल की पुण्य स्मृति में, बृजवासी परिवार के सौजन्य से, कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर के अवसर पर प्रस्तुत किए गए। यह शिविर कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ एडीएम नमामि गंगे राकेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शरीर में हर अंग का अपना–अपना महत्व होता है।

जिस प्रकार अकेले व्यक्ति से परिवार नहीं बनता, उसी प्रकार शरीर के किसी एक अंग में भी दिक्कत आ जाए तो पूरा शरीर प्रभावित हो जाता है। सभी अंगों के आपसी सहयोग से ही शरीर स्वस्थ और सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि यहाँ नेत्र चिकित्सा एवं पुनर्वास के माध्यम से शरीर को संपूर्ण बनाने का कार्य किया जाता है। दृष्टि केवल देखने का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्मसम्मान और जीवन की गुणवत्ता से जुड़ी हुई है। जब किसी व्यक्ति की दृष्टि बाधित होती है, तो उसका प्रभाव केवल उसकी आँखों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे जीवन पर पड़ता है कल्याण दास अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रवण कुमार की प्रेरक कथा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार श्रवण कुमार ने अपने नेत्रहीन माता–पिता की सेवा को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था, उसी प्रकार जो भी लोग आँखों के ऑपरेशन कर रहे हैं, रोगियों की निःस्वार्थ सेवा में लगे हैं अथवा इस पुनीत कार्य में किसी भी रूप में सहयोग कर रहे हैं, वे सभी आज के समय के श्रवण कुमार हैं। उन्होंने कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान केवल नेत्र रोगों का उपचार ही नहीं कर रहा, बल्कि मानवीय मूल्यों, संवेदना और संस्कारों को भी समाज में जीवंत बनाए हुए है। ऐसे सेवा कार्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और जन–जन को सेवा व करुणा की भावना से प्रेरित करते हैं। नीता सिंह, प्रधानाचार्य, रतन लाल फूल कटोरी देवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर, गोवर्धन रोड, मथुरा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पति की जमानत का झांसा देकर विवाहिता से सामुहिक दुष्कर्म

## तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। पति की जमानत कराने का झांसा देकर एक विवाहिता के साथ दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पंजाब में फैक्ट्री में नौकरी के दौरान महिला की दोस्ती सहकर्मी से हुई, जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसे विश्वास में लिया और वारदात को अंजाम दिया। महिला के गर्भवती होने के बाद पूरे घटनाक्रम का खुलासा हुआ। दंपति की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक लगभग एक साल से एक मामले में जेल में बंद था। उसकी पत्नी पंजाब के जिला मोहाली के कस्बा जीरकपुर स्थित में एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। वहां पर उसकी मुलाकात संभल जिले के गांव सहसवान के रहने वाले आमिर से हुई थी। वह भी उसी फैक्ट्री में काम करता है। आरोप है कि आमिर ने महिला से दोस्ती कर ली। झांसा दिया कि वह उसके पति की जमानत करा देगा। आमिर ने जीरकपुर निवासी अपने दोस्त सोनू को भी साथ ले लिया तथा दोनों ने विवाहिता के साथ कई बार दुष्कर्म किया। सात सितंबर 2025 को आमिर व सोनू महिला को लेकर जोया के एक गेस्ट हाउस में पहुंचे तथा दोनों ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा निवासी अपने दोस्त इमरान को भी बुला लिया। कहा कि इमरान की जिला न्यायालय में अच्छी पहचान है, वह जमानत करा देगा। आरोप है कि तीनों ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। हालांकि पति की जमानत हो गई तथा 23 सितंबर को वह जेल से छूट गया था। लेकिन महिला दो महीना की गर्भवती हो गई थी। पति को जब इसका पता चला तो उसने पत्नी से पूछताछ की। पत्नी ने सारा घटनाक्रम बता दिया। मामले की शिकायत दंपति ने डीआइजी से की थी। प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में आमिर, सोनू व इमरान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# पेशकार की हत्या में एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सड़क हादसे के बाद उपजे विवाद में गांव हुसैनपुर के लोगों ने कार सवार जिला न्यायालय में पेशकार राशिद हुसैन की हत्या में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी समेत तीन नामजद अभी फरार हैं। एसपी ने मुख्य आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

शहर के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी राशिद हुसैन जिला जजी में पेशकार थे। रविवार दोपहर वह पत्नी रुखसार, भतीजे सलमान और तीन बच्चों को लेकर कार से रिश्तेदारी में मुरादाबाद जा रहे थे। जोया-बंबूगढ़ बाईपास से गुजरते समय गांव हुसैनपुर के पास वहीं के रहने वाले नफीस की बाइक की राशिद हुसैन की कार से टक्कर हो गई थी। इसके बाद गांव

## मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार का ईनाम



हुसैनपुर के लोगों ने राशिद हुसैन का पीछा कर उन्हें संभल चौराहे से थोड़ा आगे गांव हरियाना के पास घेर लिया था। हमलावरों ने कार से खींच कर उनके साथ मारपीट की थी। इस दौरान हार्टअटैक से राशिद हुसैन की मौत हो गई थी। मामले में डिडौली पुलिस ने मृतक के भतीजे सलमान की तहरीर पर बाइक सवार नफीस के बेटे शान तथा परिवार के ही कलीम, कसीम व नसीम के अलावा तीन अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी शान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन, नामजद तीन आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। मुख्य आरोपी कलीम को बताया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लियर पुलिस लगातार दबिश दे रही है। आरोपियों के परिजन भी गांव से फरार हैं। घरों पर ताले लगे हैं। एसपी अमित कुमार आनंद ने मुख्य आरोपी कलीम पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। मुख्य आरोपी कलीम पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया गया है। आरोपियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# किसान के घर से तीन लाख की चोरी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बेखौफ चोरों ने किसान के घर से 62 हजार रुपये की नकदी, सोना-चांदी के जेवरात समेत लगभग तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह को हुई। पीड़ित किसान ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

घटना अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव जलीलपुर बक्काल की है। यहां पर किसान रामधन सिंह का परिवार रहता है। सोमवार रात को रामधन सिंह परिजनों के साथ एक कमरे में सोए हुए थे। रात में किसी समय चोर मेन गेट की कुंडी खोल कर घर में दाखिल हो गए। दूसरे कमरे का गेट भी खोल लिया तथा अलमारी में रखे 60 हजार रुपये व सोना-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। यह पैसे रामधन सिंह को भैंस बेचकर मिले थे। मंगलवार सुबह जब वह सोकर उठे तो घटना की जानकारी हुई। कमरे का दरवाजा खुला हुआ था तथा अलमारी से पैसे व जेवरात गायब थे। पीड़ित ने बताया कि उनके घर से नकदी व जेवरात समेत लगभग तीन लाख रुपये का सामान चोरी हुआ है। रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है।

# जमीन पर कब्जा करने वालों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो ढवारसी** न्यायालय के आदेश पर जमीन पर अवैध कब्जा करने के विरोध करने पर मारपीट कर घायल करने,जान से मारने की धमकी देने तथा जातिसूचक शब्दों को प्रयोग करने की धाराओं में आदमपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आदमपुर थाना क्षेत्र के गारवपुर गांव निवासी विक्की पुत्र मुनेश ने न्यायालय में प्रार्थना दिया था उसमें आरोप लगाया था कि 11 नवम्बर 2025 को लगभग साढ़े आठ बजे सैदनगली थाना क्षेत्र के खरसौली गांव निवासी योगेश पुत्र कोमल,कोमल पुत्र सुल्ली,लोकेश पुत्र हेम सिंह हमारी जमीन पर अवैध कब्जा करके दुकानों का निर्माण कर रहे थे। मुनेश को जब कब्जा करने की सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंच गया तथा निर्माण कार्य का विरोध किया जिसपर उपरोक्त तीनों लोगों ने मुनेश पर लाठी डंडों व तवल से हमला कर दिया। न्यायालय के आदेश पर आदमपुर पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हाइवे पर ट्रक ने क्रेटा में मारी टक्कर

## चालक घायल, अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। मुरादाबाद से जोया आते समय डिडौली कस्बे में हाईवे पर जंगली जानवर को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई क्रेटा कार की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में कार स्वर युवक के अलावा ट्रक का चालक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया।

हादसा सोमवार सुबह हुआ। डिडौली क्षेत्र के गांव सरकड़ा कमाल निवासी प्रदीप कुमार मुरादाबाद से जोया लौटा रहे थे। अचानक उनकी क्रेटा के सामने जंगली जानवर आ गया। जिससे बचने के फेर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते होते हुए दूसरी साइड से गुजर रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में प्रदीप कुमार के अलावा ट्रक चालक बरेली निवासी जीशान गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलने पर डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को जोया सीएचसी में भर्ती कराया। इसके बाद पुलिस ने क्रेन के माध्यम से कार को साइड में खड़ा कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने तहरीर मिलने पर मामले में जांच व कार्रवाई की बात कही।

# जरूरतमंद परिवारों को राशन कार्ड दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शहर में आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के लिए नए राशन कार्ड बनाए जाने तथा बिना सूचना कटे यूनिट पुन: बढ़ाने की मांग को लेकर एप्पल क्लब फाउंडेशन ने एसडीएम सदर को संबोधित ज्ञापन नायब तहसील को सौंपा।

फाउंडेशन ने मांग की कि शहरी क्षेत्र में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है। अधिकांश परिवारों में सदस्यों की संख्या अधिक है, जबकि आय का साधन केवल एक व्यक्ति तक सीमित है। बावजूद इसके कई पात्र परिवारों के पास आज तक राशन कार्ड नहीं है, जिससे वे सरकारी खाद्यान्न और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। फाउंडेशन ने यह भी आरोप लगाया कि कई परिवारों के राशन कार्ड में यूनिट बिना किसी पूर्व सूचना के कम कर दिए गए हैं, जिससे उन्हें पर्याप्त राशन नहीं मिल पा रहा है। संस्था ने प्रशासन से जनहित में ऐसे सभी पात्र परिवारों के नए राशन

## एप्पल क्लब ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



कार्ड शीघ्र बनवाने और जिन परिवारों के यूनिट घटाए गए हैं, उन्हें पुन: बढ़ाने की मांग की। संस्था ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर जरूरतमंद परिवारों को राहत देने की अपील की है। इस दौरान एप्पल क्लब फाउंडेशन अमरोहा के अध्यक्ष कमर नकवी, अशरफ अली, खुर्शीद अनवर, मंसूर अहमद एडवोकेट, वारिस अली, सैफ सिद्दीकी एडवोकेट, गुफरान सिद्दीकी, शहजाद अहमद, वसीम हसन, जफर शाह खां, अनीस अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अधूरा ओवरहैड टैंक दे रहा हादसों का दावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बछरायूं**। ग्राम मलेशिया में जल जीवन मिशन के तहत बनाए जा रहे ओवरहेड वाटर टैंक का निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। अधूरी सैटरिंग हवा में झूलती नजर आ रही है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही से गांव में डर और आक्रोश का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार टैंक निर्माण बीच में ही रोक दिया गया, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए। ऊंचाई पर लगी सैटरिंग से कई बार बांस और लकड़ी नीचे गिर चुके हैं। हाल ही में गिरते बांस-लकड़ी की चपेट में आने से कुछ बच्चे घायल भी हो गए, जिससे ग्रामीणों में चिंता और गुस्सा दोनों बढ़ गया है। मंगलवार सुबह आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण स्थल पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि टैंक स्थल के आसपास न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई चेता. वनी बोर्ड लगाया गया है, जबकि इसी रास्ते से बच्चे और राहगीर रोजाना गुजरते हैं। हादसे की आशंका हर समय

## जलजीवन मिशन बना जानलेवा



बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि या तो निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराकर पूरा कराया जाए या फिर सैटरिंग हटाकर पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रदर्शन के दौरान पंत सैनी, डाल चंद, नोबहार सिंह, कलबा सैनी, चेतराम, महावीर सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# तमंचे संग रील बनाने में युवक गिरफ्तार

## इंस्टाग्राम पर अपलोड की थी वीडियो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। युवक ने तमंचा संग रील बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। हरकत में आई पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

मामला सोमवार शाम का है। कई व्हाट्सऐप ग्रुप व इंस्टाग्राम पर तमंचा हाथ में लिए एक युवक की रील वायरल हुई थी। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी। आरोपी की पहचान तुषार निवासी गांव भटपुरा माफी के रूप में हुई। सोमवार रात पुलिस ने आरोपी तुषार को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर तमंचा व एक जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि आरा. पी को तमंचा समेत गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया था, रिमांड मंजूर होने पर उसे जेल भेज दिया गया है।

# आर्यन एकेडमी ने मुरादाबाद को 183 रन से हराया




**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। दा आर्यन क्रिकेट अकादमी में चल रहे लेट श्री जसवंत सिंह (साहब) अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में दा आर्यन क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ड धोनी क्रिकेट अकादमी मुरादाबाद को 183 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दा आर्यन क्रिकेट अकादमी ने 30 ओवर में 310 रन बनाए। टीम की ओर से मोहम्मद अलहद ने 63, उजैफ सिद्दीकी ने 58, सात्विक ने 52 और उजैर ने 51 रन बनाए। जवाब में ड धोनी क्रिकेट अकादमी की टीम निर्धारित लक्ष्य से काफी पीछे रह गई। उनकी ओर से सोहित ने 75 रन बनाए। दा आर्यन क्रिकेट अकादमी की गेंदबाजी में शरीक ने 3 विकेट लिए। उजैफ सिद्दीकी को मैन ऑफ द मैच और सोहित को मैच ऑफ द फाइटर का पुरस्कार दिया गया। मैच के अंपायर साने आलम और सौरभ रहे, जबकि स्कोरिंग विवेक चौहान ने की।

# गणतंत्र दिवस को भव्य रूप से मनाने की तैयारी

## 24 से 26 जनवरी तक मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश दिवस, विकसित यूपी-विकसित भारत होगी थीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अमरोहा। जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 24 से 26 जनवरी तक जिले में उत्तर प्रदेश दिवस एवं गणतंत्र दिवस को भव्य रूप से मनाने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस वर्ष 2018 से निरंतर मनाया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन की मुख्य थीम "विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत" रखी गई है।

जिलाधिकारी ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार और लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। निवेश व रोजगार, एमएसएमई, स्वयं सहायता समूह, कृषि, स्वास्थ्य, उद्यान, पशुपालन सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों और प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी



कुमार मिश्र ने बताया कि यूपी दिवस के अवसर पर हस्तशिल्पियों, किसानों, उद्यमियों, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, खेलकूद विजेताओं, महिलाओं और विश्वकर्मा श्रम सम्मान व माटी कला बोर्ड से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत शिल्पकारों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों को भी भव्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीपीआरओ और अधिशासी अधिकारियों को महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, सजावट व माल्यार्पण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी कार्यालयों को सजाने और लाइटिंग करने को कहा। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री बृजपाल सिंह, मसीहा नजम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बीएसडीए एकेडमी में धूमधाम से मनी लोहड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मंडी धनौरा**। बीएसडी एकेडमी में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर लोकपर्व की खुशबू और बच्चों की खिलखिलाहट से गुलजार रहा। इस अवसर पर छात्रों के बीच रेवड़ी, मूंगफली, तिल के लड्डू सहित पारंपरिक प्रसाद का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक नितिन धारीवाल एवं विद्यालय की निर्देशिका सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सामाजिक मूल्यों, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के

## रेवड़ी-मूंगफली व तिल के लड्डू बांटे



साथ-साथ सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का विकास भी प्राथमिकता है, ताकि छात्र संस्कारवान नागरिक बन सकें। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं और प्रसन्नचित्त माहौल में पर्व का आनंद लिया।

# शाहनवाज राणा को जिताने को वकीलों की सभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल में सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे शाहनवाज राणा एडवोकेट के समर्थन में वकीलों द्वारा सभा कर उन्हें चुनाव जिताने की अपील की गई।

मंगलवार को नगर के कमाल पैलेस में तहसील बार एवं मुंसिफ कोर्ट बार के अधिवक्ताओं द्वारा सभा का आयोजन किया गया। वकीलों ने कहा कि बार काउंसिल में पश्चिम उत्तर प्रदेश की आवाज उठाने के लिए शाहनवाज राना एडवोकेट को क्रम संख्या 266 पर वोट करना है। उन्होंने कहा कि शाहनवाज राणा मजबूत प्रत्याशी हैं। और उन्हें उम्मीद है कि वह चुनाव जीतने के बाद पश्चिम उत्तर प्रदेश

## कमाल पैलेस में जुटे अधिवक्ता



के वकीलों की आवाज बुलंद करने का काम करेंगे। इस अवसर पर गंगा सरन एडवोकेट, महिपाल सिंह, आरिफ खान, नासिर अली, वकील अहमद, नुसरत सैफी, दीनदयाल, पंकज कुमार, कुलभूषण सक्सेना, महिपाल सिंह, गुड्डू चौधरी, सद्दाम सैफी, नौशाद अहमद, जावेद जरताब, मुस्तजाब अहमद, इनाम खान, अली रजा खान, बसंत लाल खड़गवंशी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# माता कालोनी में नाले की दीवार तोड़ी

**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा**। माता कॉलोनी (गांधीनगर) में सार्वजनिक नाले की दीवार तोड़े जाने और लोगों को धमकाने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (महिला संगठन) की पदाधिकारियों व स्थानीय निवासियों ने थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार से शिकायत की। आरोप है कि कॉलोनी का ही एक व्यक्ति तीन बार नाले की दीवार तोड़ चुका है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है और गंदगी फैल रही है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। भाकियू महिला संगठन की रीना रानी, ममता देवी व राजबीर सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन पर थाना प्रभारी ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# लर्निंग लैब आंगनवाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो मंडी धनौरा**। खंड विकास अधिकारी नरेंद्र गंगवार ने एडीओ पंचायत योगेंद्र सिंह के साथ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत अमहेड़ा स्थित लर्निंग लैब आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर बनी आकर्षक पेंटिंग की जमकर सराहना की और कहा कि इन चित्रों के माध्यम से बच्चों को ज्ञानवर्धक संदेश दिया जा रहा है, जो शिक्षा के साथ संस्कार भी सिखा रहे हैं। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि भीषण सर्दी के कारण फिलहाल अवकाश चल रहा है, लेकिन जल्द ही छुट्टियां समाप्त होने वाली हैं। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों के पुन: खुलने से पहले व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना जरूरी है।

# अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग अभियान में 1189 वाहनों की जांच, सात वाहनों का एआरटीओ ने काटा चालान

## जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर जिला प्रशासन की कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जनपद में अवैध उप-खनिज खनन, अनधिकृत परिवहन और ओवरलोडिंग पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निरंतर सघन निगरानी और कठोर कार्रवाई जारी है।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार प्रशासन ने 12 जनवरी 2026 को जनपद की समस्त तहसीलों के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान में कुल 10 चेक प्वाइंट स्थापित किए गए और रात्रि 08:00 बजे से प्रातः 07:00 बजे तक प्रशासन, पुलिस एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा कुल 1189 वाहनों की जांच की गई।

जांच के दौरान अवैध खनन एवं ओवरलोडिंग में लिप्त पाए गए 07 वाहनों पर एआरटीओ द्वारा चालान की कार्यवाही की गई।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन, अनधिकृत परिवहन और ओवरलोडिंग जैसी किसी भी अवैध गतिविधि को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी बताया कि ऐसे विशेष जांच अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेंगे ताकि जनपद में कानून और व्यवस्था बनाए रखी जा सके और खनिज संसाधनों का अनधिकृत दोहन रोका जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी वाहन या व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रशासन जनपद में नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति कोई भी ढिलाई नहीं बरतेगा।



# सैफनी पुलिस की कार्रवाईः शांति भंग में युवक पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शांति भंग की आशंका में एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है।पुलिस ने शमशेर पुत्र करमशेर, निवासी ग्राम बिसौली तालाब थाना सैफनी जनपद रामपुर, उम्र करीब 21 वर्ष के विरुद्ध धारा 170/126/135बीएनएसएस धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उसे पाबंद किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त युवक के कारण क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा का कहना है कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते हालात पर काबू पाया जा सके।



# सीडीओ की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आईजीआरएस से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद में विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त शिकायतों, लंबित प्रकरणों तथा उनके निस्तारण की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए कि आईजीआरएस पर प्राप्त प्रत्एक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता न होकर समस्या के वास्तविक समाधान पर आधारित होना चाहिए, ताकि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के उपरांत समुचित एवं तथ्यपरक आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए तथा शिकायतकर्ता से संपर्क कर फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी कहा कि बार-बार एक ही प्रकार की शिकायतें प्राप्त होना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है, जिसे गंभीरता से लिया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने चेतावनी दी कि आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब, गलत आख्या अथवा लाप. रवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जन शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वऋ संदीप कुमार वर्मा, प्रभारी अधिकारी आईजीआरएस अनुराग सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# डीएम ने दैवीय आपदा में मृतक के परिजनों को प्रदान की चार लाख की आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में मृतक की माता सुरजीत सिंह को दैवीय आपदा अनुदान के अंतर्गत रूपये चार लाख का चेक प्रदान किया।

तहसील मिलक के ग्राम खुटिया निवासी जर्मन सिंह पुत्र सुरजीत सिंह की दैवीय आपदा में हुई मृत्यु के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा शासनादेश के अनुरूप समस्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की गई।

22 अगस्त 2025 को प्रातः लगभग 07:00 बजे, तवाघाट से धारचूला की ओर जाते समय स्थान ऐलागाड में अतिवृष्टि के कारण पहाड़ी क्षेत्र से पत्थर गिरने की घटना हुई। पत्थर गिरने से वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया, जिससे जर्मन सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के परीक्षण उपरांत यह प्राकृतिक कारणों से हुई दैवीय आपदा की श्रेणी में पाई गई।

घटना के परीक्षण एवं शासनादेश के अनुपालन में जिला प्रशासन द्वारा मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दैवीय आपदा में प्रभावित परिवारों को त्वरित एवं पारदर्शी सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वऋ संदीप कुमार वर्मा उपस्थित रहे।



# उ.प्र.स्थापना दिवस पर जन सहभागिता के साथ त्रिदिवसीय आयोजन

**■ प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत को संजोने का संकल्प**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** उ.प्र. दिवस की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को बनाए रखने तथा प्रदेश की गौरवशाली परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत एवं विकासात्मक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद में 24 से 26 जनवरी 2026 तक त्रिदिवसीय उ.प्र.दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद स्तर पर उ.प्र. दिवस का मुख्य कार्यक्रम दिनांक 24 जनवरी को विकास भवन प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, उद्योग विभाग, लीड बैंक मैनेजर, कृषि, समाज कल्याण, खादी ग्रामोद्योग, यूपी नेडा, बाल विकास एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण, बेसिक एवं उच्च शिक्षा, श्रम विभाग, रामपुर विकास प्राधिकरण, चिकित्सा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों से संबंधित स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिनके माध्यम से आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यटन विभाग को नोडल विभाग नामित करते हुए अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से कृषि, उद्योग, उद्यमिता, खेलकूद, चिकित्सा, विज्ञान एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों, उद्यमियों, खिलाड़ियों, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किए जाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2026 को पर्यटन विभाग एवं निर्वाचक कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही युवा एवं प्रादे. शिक विकास दल विभागध्खेलकूद विभाग द्वारा विभिन्न पारम्परिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। नगर विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा उ.प्र.दिवस के अवसर पर विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद की समस्त तहसीलों एवं समस्त विकास खण्डों में संबंधित उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी द्वारा उ.प्र. दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रमों का व्यापक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में सभी जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# जनता दर्शन में डीएम ने जरूरतमंदों को कंबल एवं आयुष्मान कार्ड किए प्रदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी द्धवित्त एवं राजस्वऋ संदीप कुमार वर्मा ने ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद एवं असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने कंबल प्राप्त कर राहत अनुभव की और जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी ढोलसार शाहबाद निवासी नन्नूकी को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इस योजना के माध्यम से पात्र परिवारों को देशभर के सूचीबद्ध अस्पतालों में प्रति वर्ष रूपये 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार प्रदान किया जाता है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिका. रियों को निर्देशित किया कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

जिला प्रशासन जनकल्याण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को सु.ढ़ करने के उद्देश्य से जरूरतमंदों को ठंड के मौसम में राहत, स्वास्थ्य सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो।



# सैफनी बैंक ऑफ बड़ौदा पर पार्किंग व्यवस्था न होने से लगा रहता है लंबा जाम राहगीरों को परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** नगर में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने बेहिसाब खड़े दुपहिया वाहनों के खड़े होने से लोगो का निकलना हुआ दूभर राहगीर खड़े वाहनों से हुए परेशान जबकि बैंक के समीप पार्किंग व्यवस्था होना अति आवश्यक है क्योंकि खातेदार वाहन सड़क पर पार्किंग करते है इससे यातायात व्यवस्था गड़बड़ा रही है।

सड़क पर जाम के हालात बन जाते है क्योंकि किसान ऋण जमा व कराने बैंक में आते जाते रहते है क्योंकि बैंक सड़क के किनारे स्थित होने के कारण इससे लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर चले जाते है जिससे चलते राहगीरों व वाहनों को भारी समस्या हो रही है लोगो का कहना है कि बैंक अधिकारियों को पार्किंग की व्यवस्था जल्द से जल्द करनी चाहिए ताकि लोगों को जाम की स्थिति को सुधारा जा सके।





# 80 वर्ष के बाबा गिरी का हुआ निधन, श्रद्धालुओं में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** ग्राम चकरपुर कदीम में शिव मंदिर पर रह रहे बाबा गिरी का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाबा गिरी पिछले एक दो सप्ताह से बीमार चल रहे थे जिसके चलते उनका मंगलवार सुबह में निधन हो गया। बाबागिरी बरखेड़ा और चकरपुर कदीम के शिव मंदिर पर शंकर भगवान की पिछले 25-30 सालों से सेवा कर रहे थे और वहीं पर रहकर पूजा पाठ किया करते थे। बाबा गिरी को साधु संतों व गांव के ग्रामीणों ने चकरपुर कदीम शिव मंदिर पर समा. धि देकर पंचतत्व में विलीन किया। उनके अंतिम संस्कार में गांव के तमाम लोग आसपास के क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे और साधु संत भी मौजूद रहे।

# लखनऊ में बना सयुक्त मोर्चा कार्यकत्रियों की समस्याओं को उठाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** नगर के पटेल पार्क में आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश गंगवार ने किया। जिसमें मिथलेश चौधरी ने ब्लॉक से जुड़ी सभी सम्मानित आंगनबाड़ी बहनों को बताया कि 9 जनवरी 2026 को लखनऊ में एक बैठक आहुति की गई जिसमें प्रदेश के चार बड़े संगठनों ने मिलकर एक संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें रामपुर से मिथिलेश चौधरी भी संयुक्त मोर्चा में सम्मिलित थी। संयुक्त मोर्चा का मकसद सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए एक साथ आंदोलन करने का निर्णय दिया गया क्योंकि इससे उसके कारण बहने मानसिक तनाव से गुजर रही है। ऐसी स्थिति में संयुक्त मोर्चा ने प्रत्एक जिले में 29 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को मांग पत्र देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में रामपुर की बहने भी अंबेडकर पार्क में एक सभा करके जिलाधिकारी को अपना मांग पत्र सौंपेगी। साथ ही संगीता रस्तोगी राजो देवी आशा शर्मा ने सभी बहनों से 29 जनवरी को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक में नेहा गंगवार, शमा परवीन, पुष्पा रानी, रूपवती, राजवती, ललिता, सुषमा, सुनीता, राजबाला, तारा देवी, उर्मिला देवी, हुमा, इलियास, इंदिरा कुमारी, उषा कुमारी, कमलेश गंगवार आदि उपस्थित रही।



# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैंप लगाकर बनाए आयुष्मान कार्ड



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** प्रदेश के नागरिकों को निरूशुल्क स्वास्थ्य लाभ देने के लिए बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर बनाए जा रहे हैं। मंगलवार के दिन मोहल्ला हाकीमान, मोहल्ला जिलेदारान और मोहल्ला वेदान में कैंप लगाकर लगभग 60 पुरुष एवं महिलाओं के आयुष्मान कार्ड का रजिस्ट्रेशन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम में लैब टेक्नीशियन फईम , संजय कुमार और मोहम्मद आतिफ रहे।

# गुरु नानक एकेडमी में हर्षोल्लास से मना लोहड़ी पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** गुरु नानक एकेडमी मिलक में मंगलवार को लोहड़ी पर्व पूरे हर्षोल्लास उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान, एमडी मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना एवं उप-प्रधानाचार्य अमित गंगवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर लोकगीतों और पारंपरिक नृत्यों से गूंज उठा।

छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने लोहड़ी के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने अग्नि के चारों ओर परिक्रमा कर मूंगफली, रेवड़ी, तिल और गुड़ अर्पित किए तथा सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर विद्यालय की एमडी एवं प्रधानाचार्या ने लोहड़ी पर्व के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे त्योहार हमारी भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहे. जने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं से जुड़े रहने का संद. ेश दिया।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रसाद वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। लोहड़ी समारोह ने पूरे विद्यालय परिसर को आनंद, उमंग और सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




# सीनियर बार चुनाव में तीन सचिव चार कोषाध्यक्ष के लिए बिके पर्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया में तेजी शुरू हो गई है। मंगलवार तक 3 नामांकन पत्र सचिव पद और 4 नामांकन पत्र कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों द्वारा खरीदे जा चुके हैं।

मंगलवार को चुनाव अधिकारी महबूव अली एडवोकेट ने प्रेस नॉट जारी कर मीडिया को बताया कि सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन मे अध्यक्ष पद छोड़कर शेष अन्य सभी पदों पर नामांकन पत्र दाखिल कराए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है जारी कार्यक्रम के तहत दिनांक 14ध्1ध्26 तक नामांकन बिक्री जारी रहेगी। वहीं दिनांक 15ध्1ध्26 को जांच तथा वापसी का कार्य चलेगा। और दिनांक 19ध्1ध्26 को जरूरत पड़ने पर वोटिंग कराई जाकर उसी दिन परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।



# लखनऊ से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और रख रखाव के लिए डॉक्टर बासित अली को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक।** बीती रात्रि 11:00 बजे स्वास्थ्य विभाग लखनऊ की टीम के द्वारा नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग लखनऊ की टीम ने एमरजैंसी रूम पैथोलॉजी लैब नवजात शिशु इकाई फार्मेसी रूम ब्लड स्टोरेज रूम लेबर रूम जनरेटर रूम आदि का निरीक्षण किया गया। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई तथा बेहतर व्यवस्थाओं को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग लखनऊ की टीम ने सी एच एसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ। बासित अली सहित समस्त स्टाफ की तारीफ की अच्छी सेवाओं देने के लिए डॉक्टरों की सराहना की जनपद रामपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सीएचसी मिलक आया प्रथम नंबर पर। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम लखनऊ के द्वारा चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बासित अली को इस संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की मंनसा के रूप मरीज को बेहतर सेवाएं दें। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बासित अली ने लखनऊ से आई स्वास्थ्य विभाग टीम को उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर बासित अली, डॉ अंजू सिंह, डॉक्टर हसीन मियां, डॉ मोहित सक्सेना, डॉ सरिता, चीफ फार्मासिस्ट घनश्याम पटेल, वीसीपीएम इरफान आदि मौजूद रहे।



# ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक की मौत









## अनियंत्रित होकर खाई में गिरे ट्रैक्टर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** ट्रैक्टर खरीदकर ला रहे एक युवक की हरेवली बैराज रोड पर अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने व ट्रैक्टर में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत फायर बिग्रेड को बुलाकर ट्रैक्टर में लगी आग को बुझवाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुरी निवासी हीरा सिंह (34 वर्ष) जनपद हापुड़ से महिंद्रा ट्रैक्टर खरीद कर ला रहे थे, जिसे वह स्वयं चला रहे थे। देर रात्रि हरेवली बैराज रोड पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा और ट्रैक्टर में आग लग गई, जिसमे हीरा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सीओ अफजलगढ़ व थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और तुरंत फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी देने पर कुछ देर बाद फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल हीरा सिंह को सीएचसी धामपुर भेजा। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

## हाईवे किनारे शव मिलने से सनसनी

**नजीबाबाद।** कोतवाली मार्ग पर ग्राम फजलपुर तबेला स्थित हाइवे के किनारे राहगीरों व आसपास के लोगों ने मृत अवस्था में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा, जिसके बाद आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने इसकी सूचना थाना नजीबाबाद पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतक की शिनाख्त जॉनीराम पुत्र बन्ते सिंह निवासी थाना शेरकोट के रूप में हुई।

इस संबंध में सीओ नितेश प्रताप सिंह ने बताया कि हाईवे पर सड़क किनारे शव मिला था, जिसमें मृतक व्यक्ति की मौत प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना में हुई माना जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एक नजर

### फादरसन में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा के दौरान सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्व और यातायात नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क पर सुरक्षित व्यवहार की समझ विकसित करना तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक नागरिक तैयार करना है। कार्यक्रम के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग, यातायात संकेतों का पालन, जेब्रा क्रॉसिंग का सही उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाने और मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

### प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन मनाया



**स्योहारा।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा का जन्मदिन कुरी हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े उत्साह जोश और संगठनात्मक एकजुटता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रियंका गांधी वाड्रा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व प्रदेश महासचिव नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि प्रियंका गांधी ने हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाया है। वह केवल एक नेता नहीं, बल्कि जनांदोलन की प्रतीक बन चुकी हैं। नासिर उर्फ आदिल चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में देश को प्रियंका गांधी वाड्रा जैसे निर्भीक ईमानदार और जनसरोकारों से जुड़े नेतृत्व की सबसे अधिक आवश्यकता है। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फहीम उर रहमान, आरटीआई विभाग के जिला चेयरमैन रिफाकत चौधरी, विश्वदीप शर्मा, अशोक चौधरी, जावेद अंसारी, प्रशांत कुमार, नजाकत चौधरी, अकील अंसारी, शिवम त्यागी तथा डॉ. यज्ञदत्त गौड आदि मौजूद रहे।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई




**चांदपुर।** श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय फीना में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सहित समस्त स्टाफ ने स्वामी जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए। कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवी छात्रों से स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुषों के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का संपूर्ण जीवन समाज के लिए प्रेरणाप्रद रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने कहा कि युवा अपने नैतिक मूल्यों का संरक्षण करें। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा ने स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा पर शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आजकल कुछ युवा दिग्भ्रमित होकर सड़कों पर अनेक तरह के स्टंट कर रहे हैं। स्वयंसेवी छात्र ऐसे युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र की रीढ़ है। बिना युवाओं के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दलीप कुमार, डॉ. शिवाली राजपूत, डॉ, आरपी सिंह, विवेक कुमार, प्रदीप राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### जनगणना को सफल बनाना सुनिश्चित करें



**बिजनौर।** जनगणना प्रभारी जयप्रकाश यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु रूप से सम्पन्न करने के संबंध में बैठक आयोजित हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनगणना कार्य को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर जनगणना सेल की स्थापना करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर टीमों का गठन करें तथा टीम में एक टेक्निकल सदस्य को अनिवार्य रूप से शामिल करें, जिससे कि डाटा फीडिंग के कार्य में कोई दिक्कत न होने पाए। उन्होंने नागरिकों से समन्वय बनाए रखना, सही एवं पूर्ण जानकारी का संकलन करना तथा डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने जनगणना रजिस्टर को भी मेंटेन रखें। बैठक के दौरान जनगणना प्रभारी ने जनगणना 2027 की तैयारियों, कार्ययोजना, मानव संसाधन की उपलब्धता, प्रशिक्षण व्यवस्था, तकनीकी सहयोग तथा फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही जनगणना से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनगणना 2027 को सफल बनाना सुनिश्चित करें।

### विवेकानंद जयंती पर युवा संगोष्ठी

**स्योहारा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मेरठ प्रांत की जिला धामपुर इकाई स्योहारा द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण की भावना को जागृत करना रह॥ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनीत देवरा एवं कुलदीप कुमार उपस्थित रहे। वहीं कॉलेज प्रबंधक गजेन्द्र पाल सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संगोष्ठी में जिला संयोजक धामपुर अनुज राजपूत, तहसील संयोजक शानू शेख, नगर मंत्री लक्षित राठी सहित एबीवीपी के अनेक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक एवं तहसील संयोजक शानू शेख ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं को राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। उन्होंने युवाओं को आत्मनिर्भर, निडर एवं समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। शानू शेख ने कहा कि आज का युवा यदि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में उतार ले तो राष्ट्र को मजबूत और आत्मनिर्भर बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति ने युवाओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष सौरव मालपानी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक व संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा संस्था के युवा रत्न सुगम जैन, सौरभ मालपानी, ऋषभ मित्तल, नवनीत धनौरिया, रवि चौहान आदि को युवा रत्न सम्मान से सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुगम जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सार्थक रस्तौगी व लक्ष्य सैनी की सुंदर प्रस्तुति सुंदर गीत जिनके ओजस्वी वचनों से गूंज उठा था विश्व गगन से सभी युवाओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में अंत में सुगम जैन द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

## चयन वेतनमान न मिलने से आक्रोश

### शिक्षकों का खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का चयन वेतनमान कई माह से लंबित रहने को लेकर शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय धामपुर पर धरना-प्रदर्शन किया।

धरने को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष नवनीत चौहान ने आरोप लगाया कि धामपुर ब्लॉक में तैनात वरिष्ठ लिपिक की मनमानी और लापरवाही के कारण शिक्षकों का चयन वेतनमान अब तक नहीं लग पाया है। उन्होंने कहा कि चयन वेतनमान से संबंधित फाइलें खंड शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ लिपिक द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बिजनौर को प्रेषित नहीं की गई, जबकि जनपद के अन्य ब्लॉकों के शिक्षकों का चयन वेतनमान पहले ही स्वीकृत हो चुका है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि ब्लॉक संसाधन केंद्र पर बिना सुविधा कोई भी कार्य नहीं होता, जिससे शिक्षक लगातार परेशान हैं। उन्होंने कहा अगर धामपुर ब्लॉक के शिक्षकों का चयन वेतनमान नहीं लगाया गया तो संघ जिला कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समस्या के समाधान की अपील की।

इस दौरान अमित कुमार, अवनीश कुमार, संजय सिसोदिया, जागेश कुमार, विकास राणा, प्रमोद कुमार, ममता, हेमंत, निर्देश, शालू, दीपारीक्षा, दीपक कुमार, रामराज सिंह उपस्थित रहे।

## पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई लोहड़ी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पब्लिक स्कूल में लोहड़ी पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता द्वारा अग्नि में रेवड़ीयां और मुंगफलियां डालकर किया गया।

इस अवसर पर शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर में प्रतीकात्मक लोहड़ी अग्नि प्रज्वलित की गई। जिसके चारों ओर सभी ने मूंगफली, रेवड़ी एवं पॉपकॉर्न अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। विद्यार्थियों ने लोहड़ी पर्व के महत्व पर अपने विचार साझा किए तथा छोटी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिससे सभी में भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ी।

इस अवसर पर शुभारंभम स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती बबीता गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि लोहड़ी हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, परिश्रम के महत्व और आपसी एकता का संदेश देती है। ऐसे पर्व विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी को पारंपरिक लोहड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग की सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकगण कंचन, रवीता, हिमानी, वंदना, पुलकित, मोतिन, पंकज कुमार, दीपक कुमार, सविता, हिमानी कौशिक, कुसुम, यशिका, अंशु पाल, दिव्या, रीना, प्रिया, आंचल, नसीरीना, ईशा, लक्षिका, अंजु, लक्ष्मी, तरन्नुम एवं सुरभी का विशेष योगदान रहा।

## 20 साल जेल में रहेगा दुष्कर्मी जगराम

**बिजनौर।** बिजनौर के एक कॉलेज के पास उधार के 20 हजार रुपए लौटाने के बहाने ले जाकर महिला से गैंगरेप करने के मामले में एफटीसी प्रथम के अपर जिला जज अशोक भारतेन्दु ने शिवाला कलां क्षेत्र के जगराम सिंह को दोषी पाकर 20 साल की कठोर सजा का फैसला सुनाया। दोषी पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। एडीजीसी मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि शिवालाकलां थाना क्षेत्र की एक महिला ने अदालत के माध्यम से रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि वह जगराम सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह पीड़िता के पति ने घटना से छह माह पहले 20 हजार रुपए उधार लिए थे। उसके पति द्वारा उधार दिए गए पैसे मांगने पर आरोपी ने पैसे देने से मना कर दिया और उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट की। जिसकी शिकायत महिला ने शिवाला कलां थाने पर की थी। कोई कार्यवाही नहीं होने पर 26 सितम्बर 2014 को महिला एसपी बिजनौर के पास शिकायत करने जा रही थी। आरोपी व उसके अन्य साथियों ने महिला को बस स्टैंड बिजनौर पर रोककर 20 हजार रुपए देने का भरोसा दिलाकर उसे मारूति वैन में बैठा लिया। आरोपी, महिला को बिजनौर के एक कॉलेज के पास सुनसान जंगल में ले गए, जहां जगराम सिंह व उसके तीनों साथियों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। बदहवासी की हालत में महिला को जंगल में छोड़कर चले गए। अदालत ने जगराम सिंह को दोषी पाते हुए 20 वर्ष की कठोर सजा का फरमान सुनाया।

## एक नजर

### नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**चांदपुर।** भारत की कम्युनिष्ट पार्टी मार्क्सवादी व किसान सभा ब्रांच चांदपुर कार्यकर्ताओं ने देश में बढ़ती मंहगाई सहित अपनी कई अन्य महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में एक मांग पत्र राष्ट्रपति के नाम नायब तहस. ीलदार को सौंपा। भाकपा व किसान सभा कार्यकर्ताओं ने मांग पत्र के माध्यम से कहा कि बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या व भारतीय किसानों की समस्याओं को भारत सरकार अनदेखी कर रही है। साथ ही कहा गया कि अमेरिका द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति व उनकी पत्नी का अपहरण किया गया है, उसमें शीघ्र ही हस्तक्षेप किया जाने और उन्हें तुरंत रिहा करने सहित कई अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वामी नाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करे और किसान की आयु 60 वर्ष होने पर उसे पांच हजार रू. प्रति माह पेंशन दी जाये। नलकूपों के मीटर पर अपनी बात रखते हुए किसान नेता दयाराम सिंह, मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि नलकूपों पर मीटर नहीं लगाये जाये और आम उपभोक्ताओं पर विद्युत दर न बढ़ाई जाये। नायब तहसीलदार को सौंपे गये मांग पत्र पर तुलाराम सिंह, दयाराम सिंह, हरपाल सिंह, मांगेराम सिंह, बाबू सिंह, अमित कुतार, कृष्ण कुमार, रवेन्द्र त्यागी, कालू टिकैत, अमर सिंह आदि सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इससे पहले बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता का. अमर सिंह ने की जबकि संचालन बाबू सिंह ने किया।

### केक काटकर मनाया जन्मदिन



**नजीबाबाद।** नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद की ओर से हरिद्वार रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने प्रियंका गांधी की लम्बी आयु की कामना की। नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा प्रियंका गांधी एक महान विद्वान महिला नेता के रूप में देश को मिली है, जो हर मुद्दे पर सरकार से आंख में आंख डालकर सवाल करती है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, मंडल अध्यक्ष सिताब खान, वार्ड अध्यक्ष मौहम्मद मुशर्रफ, मौहम्मद आसिफ, डॉ. इकबाल खान, डॉ. सलीम सैफी, हसीब अहमद, परवेज अली, वसीम आदि मौजूद रहे।

## टीका उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. जयनारायण सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय साप्ताहिक रिव्यू बीडब्ल्यूआर एवं डेटा वैलिडेशन बैठक आयोजित की गई।

बैठक में टीका उत्सव कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए बताया गया कि इसकी अवधि 31 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। डॉ. जयनारायण सिंह ने निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे और जीरो डोजर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी आशा कार्यकर्ताओं को सर्वे व डयू लिस्ट समय से अपडेट करने के निर्देश दिए गए अन्यथा विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई। ईंट भट्टों, क्रेशर व कोल्हुओं पर आए परिवारों की लाइन लिस्ट तत्काल जमा कराने को कहा गया, जिससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण हो सके। बैठक में बताया गया कि सहसपुर सहित कुछ क्षेत्रों में खसरा के मामले सामने आए हैं। खसरा सर्विलांस को मजबूत करने और दोनों खुराक का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। टीका उत्सव के तहत प्रत्येक बुधवार व शनिवार को एएनएम को प्रात: 9 बजे तक सत्र स्थलों पर पहुंचकर टीकाकरण एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने को कहा गया।

जेएसआईआई जिला समन्वयक अमित कुमार ने सहसपुर, जमालपुर, देहरा बुलंदी अफगान, मोहल्ला रैनी, मंडोरी और मंसूर सराय मौहल्लों में शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने पर जोर दिया।

सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने बताया कि स्योहारा ब्लॉक में रिपोर्टिंग के अनुसार टीकाकरण कवरेज 97 प्रतिशत है जबकि डब्ल्यूएचओ मॉनिटरिंग में यह 84 प्रतिशत है। शेष लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए बीआरटी टीम को भी सक्रिय किया जा रहा है। बैठक में डॉ. राकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संगम में डुबकी लगाने से व्यक्ति की आध्यात्मिक शुद्धि होती है : शास्त्री

**नजीबाबाद।** नगर के गीता भवन मंदिर में माघ मास में चल रही माघ महात्म्य गौ कथा में कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माघ मास में संगम में डुबकी लगाने से व्यक्ति की आध्यात्मिक शुद्धि होती है, नकारात्मकता का अंत होता है। कथा में उन्होंने पृथ्वी द्वारा गाय रूप में श्री कृष्ण को पुकाने की कथा सुनाई। कथा के दौरान कथावाचक पंडित भोले शंकर शास्त्री ने गौ माता की सेवा के महत्व पर जोर दिया। आरती के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कथा में नीरा भारद्वाज, राखी प्रजापति, रजनी, नीलम हांडा, लक्ष्मी, सृष्टि, प्रिया, नंदनी, किरन, सुनैना, कर्ण प्रिया, कन्नू, अंजलि, पीहु, दर्शिका, अंशु, पूर्वी, पायल, शालू, भाग्या, कनक धारा, सोनिया आदि मौजूद रहे।

## हुमा वारसी का जलवा म्यूजिक इंडस्ट्री में छाया

### पैनोरमा म्यूजिक पर भव्य लॉन्चिंग, वारसी परिवार का बढ़ा मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर की प्रतिभा और वारसी परिवार की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए प्रोडयूसर हुमा वारसी द्वारा निर्मित म्यूजिक वीडियो जलवा ने रिलीज होते ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना ली है। पैनोरमा म्यूजिक के बैनर तले रिलीज हुए इस धमाकेदार गाने की भव्य लॉन्चिंग मुरादाबाद में आयोजित की गई, जिसमें फिल्म मीडिया और सामाजिक जगत से जुड़ी कई नामचीन हस्तियों ने शिरकत की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्योहारा नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी की बहन और प्रोडयूसर हुमा वारसी का बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो जलवा पैनोरमा म्यूजिक पर आधिकारिक रूप से रिलीज कर दिया गया। इस खास मौके पर मुरादाबाद के बुद्धि विहार स्थित होटल हाइप में एक भव्य लॉन्चिंग पार्टी का आयोजन किया गया, जहां वीडियो की स्पेशल स्क्रीनिंग बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखाई गई। लॉन्च कार्यक्रम के दौरान मौजूद दर्शकों और मेहमानों ने वीडियो की प्रस्तुति, संगीत और कोरियोग्राफी की जमकर सराहना की।

प्रेस वार्ता में हुमा वारसी ने बताया कि जलवा को दर्शकों के टेस्ट को ध्यान में रखते हुए भव्य स्तर पर तैयार किया गया है और टीम की मेहनत साफ तौर पर स्क्रीन पर दिखाई देती है। म्यूजिक वीडियो की स्टार कास्ट में सोशल मीडिया पर लोकप्रिय वसीम अहमद, राउंड टू हेल फेम सना सुल्तान अला गर्ल और जाने माने बॉलीवुड अभिनेता अली खान शामिल हैं। वीडियो का निर्देशन शाहनवाज बख्श ने किया है जबकि प्रोडक्शन की जिम्मेदारी हुमा वारसी फैसल वारसी और वकार वारसी ने संयुक्त रूप से निभाई है। गाने को अपनी सुरीली आवाज से सजाया है मशहूर बॉलीवुड सिंगर जावेद अली और गुल सक्सेना ने।

वहीं शानदार डांस स्टेप्स की कोरियोग्राफी इमरान माल गुलकार द्वारा की गई है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्रमोशन की कमान उमर त्यागी, फाउंडर त्यागी मीडिया DMA ने संभाली है।

लॉन्चिंग कार्यक्रम में प्रोडयूसर हुमा वारसी, डायरेक्टर शाहनवाज बख्श, उमर त्यागी, शोएब अंसारी, हाजी सरफराज, चौधरी हुसैन अहमद, तानिया सैफी, आमिर केडी बॉयज राउंड टू हेल टीम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और म्यूजिक प्रेमी मौजूद रहे।

# भारत की नजरें कीवियों से सीरीज जीतने पर



● न्यूजीलैंड के खिलाफ आज होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगी भारतीय टीम

**राजकोट, वार्ता।** भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे में सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेगा। बस ऐसे ही, न्यूजीलैंड की नौ मैचों की जीत का सिलसिला रुक गया है। हालात का असर ऐसा था कि यह पसंदीदा नतीजा था, भले ही उनके विरोधी, भारत, अपने पिछले छह मैचों में 3-3 पर थे। हालांकि, न्यूजीलैंड इस बात से हौसला ले सकता है कि टॉस हारने के बावजूद उन्होंने भारत को मैच के 99वें ओवर तक खींच लिया। उन्हें लगेगा कि अगर वे ऐसा ही कर सकते हैं और कहीं से 20 और रन बना लेते हैं तो वे अपनी अनुभवहीन टीम के साथ भी पूरी ताकत वाली भारतीय टीम को चौंका सकते हैं। दूसरी ओर, भारत को पता होगा कि वे बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन न करने के बावजूद जीत गए। उन्होंने न्यूजीलैंड को 300 रन पर रोकने के लिए काफी हद तक अच्छी गें. दबाजी की, लेकिन विराट कोहली के आउट होने के बाद की मुश्किल से खुश नहीं होंगे।

उन्हें चुपचाप विश्वास होगा कि अगर वे अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब पहुंच सकते हैं तो वे सीरीज जीत सकते हैं, भले ही वे टॉस हार जाएं और फिर आखिरी वनडे में प्रयोग करने की उम्मीद करें। टॉस की बात करें तो इस नए राजकोट स्टेडियम में चार वनडे का छोटा सा सैंपल साइज है, लेकिन अभी तक किसी भी टीम ने वहां सफलतापूर्वक पीछा नहीं किया है। हालांकि, फॉर्मूला वही रहा है। अगर आप पहले बल्लेबाजी कर रहे हैं तो विरोधी टीम को 350 रन के अंदर ढेर कर दें। कोहली और डेरिल मिशेल इस समय अपनी-अपनी टीमों के सर्वश्रेष्ठ और फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। वे दोनों पहले वनडे में शतक के करीब पहुंच गए थे। हालांकि, कोहली पर टीम का बोझ कम है, जिसकी वजह से वह अपने करियर के आखिरी दौर में खुलकर खेल रहे हैं। न्यूजीलैंड को मुकाबले में बने रहने के लिए मिशेल को और ज्यादा मेहनत करनी होगी।

घायल वाशिगटन सुंदर की जगह टीम में आयुष बडोनी को शामिल किया गया है, जिसका मुख्य कारण हाल के दिनों में उनकी पार्ट-टाइम गेंदबाजी में मिली सफलता है।

हालांकि, नीतीश कुमार रेड्डी पहले से ही टीम में हैं। हालात तय करेंगे कि बडोनी को डेब्यू का मौका मिलेगा या नहीं। साथ ही अर्शदीप सिंह प्रसिद्ध कृष्णा की जगह ले सकते हैं।

**भारत (संभावित):** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी/आयुष बडोनी, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज

न्यूजीलैंड (संभावित): डेवोन कॉनवे, हेनरी निकोल्स, विल यंग, डेरिल मिशेल, मिशेल हे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिश्चियन क्लार्क, काइल जैमीसन, जैक फाउल्क्स, आदित्य अशोक/जेडेन लेनोक्स

वडोदरा की तरह राजकोट में भी मौसम सुहावना है। वडोदरा में इतनी ओस नहीं थी कि गेंद पकड़ने में मुश्किल हो, लेकिन ठंडे तापमान में पिच थोड़ी तेज हो गई थी। अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पारी को अधिकतम करते हैं, तो राजकोट में टॉस इतना बड़ा फैक्टर नहीं होना चाहिए क्योंकि टीमें अब मध्यम मात्रा में ओस से निपटने की आदी हो गई हैं।

# बांग्लादेश से अपने रुख पर फिर से विचार करे: आईसीसी



यह घटनाक्रम कल दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान हुआ

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को घोषणा की कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उनसे आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में उनकी भागीदारी पर अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है।

यह घटनाक्रम दोपहर में बीसीबी और आईसीसी के बीच हुई एक वीडियो कॉन्फेंस के दौरान हुआ। बांग्लादेश की भागीदारी पर सवाल बना हुआ है क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अपने वेन्यू को भारत से सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहा था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में बीसीबी का प्रतिनिधित्व उसके अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, उपाध्यक्ष शकावत हुसैन और फारूक अहमद के साथ-साथ निदेशक और क्रिकेट संचालन समिति के अध्यक्ष नजमुल आबेदीन और सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी ने किया। बीसीबी ने एक बयान में कहा कि चर्चाओं के दौरान, बीसीबी ने सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत न जाने के फैसले के संबंध में अपनी स्थिति की पुष्टि की। बोर्ड ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैचों को भारत के बाहर स्थानांतरित करने पर विचार करने का भी अनुरोध दोहराया। इसमें कहा गया है कि जबकि आईसीसी ने इस बात पर जोर दिया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पहले ही घोषित किया जा चुका है और बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है, बोर्ड की स्थिति अपरिवर्तित है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि संभावित समाधान खोजने के लिए चर्चा जारी रहेगी।

खेल विशेष

## बल्लेबाजी क्रम में बदलाव का फैसला काम नहीं आया: नायर

**नवी मुंबई।** यूपी वॉरियर्ज (यूपीडब्ल्यू) के कोच अभिषेक नायर ने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव को विपक्षी टीम के आधार पर बनाई गई रणनीति बताया और माना कि हरलीन देओल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ ओपनिग कराने का फैसला ग़लत था। उन्होंने इस फैसले की पूरी जिम्मेदारी खुद पर ली। इस मैच में किरण नवगिरे को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, जबकि उन्होंने पहले मैच में ओप. निग की थी। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में नायर ने सोमवार को कहा कि हमें लगा कि उस वक्त स्विग करती हुई गेंद के साथ हरलीन पावरप्ले में कुछ वैल्यू जोड़ सकती हैं। इस मैच में यूपीडब्ल्यू, डब्ल्यूपीएल 2026 में अपना लगातार दूसरा मैच हार गई। नायर ने कहा कि हरलीन तकनीकी तौर पर बहुत मजबूत है, लेकिन आज यह रणनीति काम नहीं की और यह एक ग़लत फैसला साबित हुआ। मैं इसकी पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। लेकिन इसके पीछे सोच यह थी कि टीम को ऊपर कुछ मजबूती मिले और जैसे-जैसे पिच बेहतर हो, तो बाद में हमें नवगिरे का पावर भी मिले। हमने शुरुआत में थोड़ी स्विग की उम्मीद की थी। मुझे लगा कि मध्य क्रम में किरण नवगिरे के लिए ए मैच-अप काम करेगा। आज काम नहीं किया। इसलिए मैं थोड़ा सा नासमझ भी लग सकता हूं। जीटी के खिलाफ यूपीडब्ल्यू के पहले मैच में नवगिरे चार गेंद पर एक रन बनाकर आउट हुई थीं, जबकि देओल दो गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन में थीं। हालांकि फीबी की 78 और निचले क्रम की उपयोगी पारियों ने यूपीडब्ल्यू को 200 के ऊपर के लक्ष्य से काफी क़रीब पहुंचा दिया था और टीम सिर्फ दस रन से हारी थी। इन्हीं उपयोगी पारियों में से एक पारी श्वेता की भी थी, जिन्होंने 17 गेंद पर 25 रन बनाए।

# प्रभसिमरन, गेंदबाजों ने पंजाब को सेमीफाइनल में पहुंचाया



**बेंगलुरु, वार्ता।** कप्तान प्रभसिमरन सिंह की 88 रन की शानदार पारी और गेंदबाजों के सधे प्रदर्शन से पंजाब ने मध्य प्रदेश को मंगलवार को 183 रन के बड़े अंतर से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

पंजाब ने 50 ओवर में छह विकेट पर 345 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद मध्य प्रदेश को 31-2 ओवर में 162 रन पर निपटा दिया। प्रभसिमरन को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। प्रभसिमरन ने 86 गेंदों पर 88 रन की पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। हरनूर सिंह ने 51 और अनमोलप्रीत सिंह ने 70 रन का योगदान दिया। नेहाल वढेरा ने 38 गेंदों में आठ चौकों और एक छक्के की मदद से तूफानी 56 रन बनाए। मध्य प्रदेश की तरफ से त्रिपुरेश सिंह और वेंकटेश अय्यर ने दो-दो विकेट लिए। मध्य प्रदेश की तरफ से रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 38 और त्रिपुरेश सिंह ने 31 रन बनाए। पंजाब की तरफ से सनवीर सिंह ने तीन और गुरनूर बरार, कृष भगत तथा रमनदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# नॉर्वे शतरंज 2026 से ओस्लो में शिफ्ट होगा



● टूर्नामेंट, नॉर्वे शतरंज महिला के साथ 25 मई से 5 जून तक आयोजित किया जाएगा

**ओस्लो, वार्ता।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में से एक, नॉर्वे शतरंज, 2026 से एक नए दौर में प्रवेश करेगा, क्योंकि यह इवेंट 13 साल बाद स्टावेंजर से ओस्लो में शिफ्ट हो रहा है, जैसा कि नॉर्वे शतरंज द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है।

यह टूर्नामेंट, नॉर्वे शतरंज महिला के साथ, 25 मई से 5 जून तक नॉर्वे की राजधानी में डाइकमैन ब्योर्विका में आयोजित किया जाएगा। 2013 में अपनी शुरुआत के बाद से, स्टावेंजर नॉर्वे शतरंज का स्थाई घर रहा है, जिसने इसे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज कैलेंडर पर एक प्रमुख स्थान बनाने में मदद की है। आयोजकों ने टूर्नामेंट की पहचान को आकार देने में शहर की भूमिका को स्वीकार किया, विशेष रूप से नॉर्वे शतरंज महिला के लॉन्च का समर्थन करने में, जो समान पुरस्कार राशि और खेलने की स्थिति प्रदान करता है। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और सीईओ केजेल मैडलैंड ने कहा कि नॉर्वे शतरंज आज जो इवेंट है, वह स्टावेंजर में हमें मिले क्रॉस-पार्टी राजनीतिक समर्थन और उदार स्वागत के बिना संभव नहीं होता। हम स्टावेंजर शहर को तहे दिल से धन्यवाद देना चाहते हैं, जो हर कदम पर हमारे साथ खड़ा रहा, खासकर नॉर्वे शतरंज महिला के विकास में, जो समान पुरस्कार शर्तों वाला एक अग्रणी महिला टूर्नामेंट है। हम अपने स्थानीय प्रायोजकों और अविश्वसनीय स्वयंसेवकों को भी धन्यवाद देना चाहते हैं। आप सभी ने मिलकर नॉर्वेजियन खेल इतिहास का एक अध्याय लिखा है। नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे वेस्ट्रे स्कोगा कि हम देश की राजधानी में नॉर्वे शतरंज स्थापित करने में बड़े अवसर देखते हैं। ओस्लो एक अंतर्राष्ट्रीय मिलन स्थल है और यह हमें दर्शकों, भागीदारों और शतरंज के प्रति उत्साही नई पीढ़ियों के बीच और भी व्यापक दर्शकों तक पहुंचने का एक अनूठा अवसर देता है। ओस्लो के ऐतिहासिक सार्वजनिक स्थानों में से एक, डाइकमैन ब्योर्विका, पुरुषों और महिलाओं दोनों के आयोजनों के लिए मुख्य स्थल के रूप में काम करेगा। पुस्तकालय के प्रबंधन ने इस फैसले का स्वागत किया, और एक सांस्कृतिक स्थल के रूप में अपनी भूमिका पर प्रकाश डाला जो विविध गतिविधियों और दर्शकों को एक साथ लाता है।

विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने 2026 संस्करण में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, और उस टूर्नामेंट के साथ अपना जुड़ाव जारी रखा है।

# जोकोविच ने राओनिक के रिटायरमेंट पर दी भावुक प्रतिक्रिया



● नोवाक जोकोविच ने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी

**मेलबर्न, वार्ता।** मिलोस राओ. निक ने रविवार को सोशल मीडिया के जरिए प्रोफेशनल टेनिस से रिटायरमेंट की घोषणा की।

इस खबर के बाद, नोवाक जो. कोविच ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक दिल को छू लेने वाला मैसेज शेयर किया, जिसमें उन्होंने राओनिक को उनके यादगार करियर के लिए बधाई दी। जोको. विच ने लिखा कि एक शानदार करियर के लिए बधाई। फेलिक्स ऑगर-एलियासिम, जिन्होंने 2024 पेरिस ओलंपिक में डबल्स में राओनिकके साथ पार्टनरशिप की थी, उन्होंने भी इंस्टाग्राम पर एक मैसेज शेयर किया। उन्होंने लिखा कि अब तक के सबसे महान कनाडाई। आपने कनाडाई टेनिस में जो कुछ भी योगदान दिया, उसके लिए धन्यवाद और व्यक्तिगत तौर पर इतने सालों तक एक शानदार उदाहरण और मेंटर बनने के लिए धन्यवाद। बियांका एंड्रीस्कू, स्टीव नैश, जोस बॉतिस्ता, वेरा वैंग, जॉन इस्नर और जजि़ू बर्ग्स उन सितारों में से थे जिन्होंने इंस्टाग्राम पर राओनिक की रिटायरमेंट पोस्ट पर कमेंट्स में अपने मैसेज शेयर किए। एंड्रीस्कू ने कमेंट किया कि कनाडाई लेजेंड।

# विंडीज ने अफगानिस्तार सीरीज के लिए घोषित की टी-20 टीम



● वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज, 19 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है, वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 16 सदस्ईय टीम की घोषणा की है, जो 19 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप की गैरमौजूदगी में ब्रैंडन किंग टीम की कप्तानी करेंगे, जो अपने एस ए 20 कमिटमेंट्स के कारण उपलब्ध नहीं हैं। होप उन चार खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस कारण से सीरीज से बाहर हैं, उनके साथ रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151-57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है। अल्जारी जोसेफ, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण भारत में टेस्ट सीरीज से बाहर थे, उन्हें रिहैबिलिटेशन में प्रगति के बावजूद टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि यह फैसला मेडिकल जांच के बाद एहतियात के तौर पर लिया गया है, तेज गेंदबाज को टी-20 विश्व कप के लिए संभावित चयन से पहले निगरानी में रखा जाएगा। वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत रोवमैन पॉवेल को जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड के साथ सीरीज से आराम दिया गया है। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि अफगानिस्तान सीरीज भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# भारत के खिलाफ सीरीज के बाद संन्यास लेंगे हीली

ऐलिसा हीली को 2023 के अंत तक में मेग लेनिग की जगह टीम की कमान दी थी

अब वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलगी, डे नाइट टेस्ट के साथ करियर का अंत करेंगी



**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान और आठ विश्व कप खिताब जीतने वाली दुनिया की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक एलिसा हीली, फरवरी-मार्च 2026 में भारत के खिलाफ होने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगी।

हीली को 2023 के अंत में मेग लेनिग की जगह ऑस्ट्रेलिया का पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया था। वह भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज नहीं खेलेंगी, लेकिन वनडे और फिर 6-9 मार्च को वाका में होने वाले डे-नाइट टेस्ट के साथ अपने करियर का अंत करेंगी। हीली ने विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा कि यह निर्णय काफी समय से मेरे जेहन में था। पिछले कुछ साल मानसिक रूप से बहुत ज्यादा मुश्किल रहे। कुछ चोटें भी रहीं। मुझे हर बार अपने भीतर जाकर ऊर्जा ढूंढनी पड़ती थी और वापस लौटना मुश्किल हो रहा था। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा जीतना चाहती हूं, मैदान पर खुद को चुनौती देना चाहती हूं। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी है, वह धार कुछ कम हुई है। पूरी नहीं गई है, लेकिन थोड़ी कम हुई है। पिछला डब्ल्यूपीएल मेरे लिए एक तरह से अलर्ट था। तब मैं सुबह उठकर सोचती थी, 'आज एक और मैच' खेलना है। यह बात मुझे हैरान कर गई, क्योंकि मैं हमेशा सोचा करती थी कि मुझे यह खेल बहुत पसंद है। हालांकि संन्यास का विचार उनके मन में आने लगा था, लेकिन घोषणा कुछ देर से हुई। यह भी तय हो गया कि वह 2026 में इंग्लैंड में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप तक नहीं खेलेंगी। हीली ने कहा कि उस टूर्नामेंट तक खिचते रहना ष्टीम-साथियों के साथ ठीक नहीं होता। हीली ने कहा कि भारत के खिलाफ यह सीरीज हमारे कैलेंडर की सबसे बड़ी सीरीज में से एक है। घर पर टीम की कप्तानी करते हुए टीम-साथियों और परिवार के बीच करियर समाप्त करना मेरे लिए बहुत खास होगा। भारत में विश्व कप में समाप्त करना भी अच्छा होता, लेकिन घर पर खत्म करना बहुत खास होता है। उन्होंने कहा कि जदिगी सिर्फ क्रिकेट नहीं है, इससे बहुत आगे भी है। मैं इसी नजरिए की वजह से खुद को भाग्यशाली मानती हूं। संन्यास लेना डरावना हो सकता है, लेकिन मैं भविष्य के लिए उत्साहित हूं। मार्च के बाद की जदिगी भी उतनी ही रोमांचक होगी। हीली ने ऑस्ट्रेलिया के लिए फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में डेब्यू किया था और उन्होंने वनडे में 3500 से अधिक रन बनाए हैं। टी-20 में वह 3054 रन के साथ करियर समाप्त करेंगी, जिसमें नाबाद 148 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। यह पूर्णकालिक देशों में सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी सबसे ज्यादा टी-20 खेलने वाली खिलाड़ी हैं और विकेट के पीछे से सबसे ज्यादा टी-20 शिकार का विश्व रिकॉर्ड भी उनके नाम है। उन्होंने 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला टी-20, जबकि 2013 और 2022 में वनडे विश्व कप जीता। वह 2018 और 2019 में आईसीसी की टी-20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी रहीं। हीली भारत सीरीज की तैयारी के लिए आने वाले हफ्तों में न्यू साउथ वेल्स के लिए डब्ल्यूएनसीएल खेलेंगी, लेकिन डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी सिक्सर्स के लिए उनका आखिरी मैच भी हो चुका है।

# टोबी रैडफोर्ड अफगानिस्तान के बैटिंग कोच नियुक्त



**काबुल, वार्ता।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने टोबी रैडफोर्ड को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए बैटिंग कोच नियुक्त किया है। रैडफोर्ड बैटिग कोच के तौर पर एंड्रयू पुटिक की जगह लेंगे और उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी 20 सीरीज से पहले टीम में शामिल होंगे। एसीबी ने रॉबर्ट को नया स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिग ट्रेनर भी नियुक्त किया है और वह भी भारत व श्रीलंका में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप से पहले टीम की आखिरी टी-20 सीरीज से पूर्व टीम में शामिल होंगे। दोनों को एक साल की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। अफगानिस्तान वेस्टइंडीज के साथ तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा, जिसके मैच 19, 21 और 22 जनवरी को दुबई में होने हैं। रैडफोर्ड एक जाने-माने वेल्श क्रिकेट कोच और पूर्व फर्स्ट-क्लास क्रिकेटर हैं, जिन्होंने मिडलसेक्स और ससेक्स के लिए खेला है और उन्हें ईसीबी लेवल 4 सर्टिफाइड कोच के तौर पर अपनी विशेषज्ञता के लिए व्यापक रूप से पहचाना जाता है और वह इस भूमिका में एक व्यापक कोचिग पोर्टफोलियो लेकर आए हैं। रैडफोर्ड, जो वर्तमान में ढाका कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे हैं, ने पीसीबी के हाई परफॉर्मेंस सेंटर (2022-2024) के लिए बैटिग कोच के रूप में काम किया और इससे पहले बीसीबी (2020-2022) के लिए हाई परफॉर्मेंस के प्रमुख के रूप में काम किया।

# सफलता, धैर्य और वर्षो के अनदेखे प्रयास पर बनती है: अमन



● अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एकदिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई में परंपरा और आधुनिक खेल महत्वाकांक्षा का एक शक्तिशाली संगम देखने को मिला, जब ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 12 जनवरी को शहर भर में एक दिवसीय युवा और अखाड़ा कनेक्ट दौरे का समापन किया।

इवेंट के बाद अब सारा ध्यान प्रो रेसलिंग लीग पर है, जो 16 जनवरी से शुरू होने वाली है, जिसमें एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की स्पोर्ट्स शाखा एस्पेक्ट स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली और एपीसीओ इंफ्राटेक के साथ साझेदारी में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल (टीओएमडी) अपना बहुप्रतीक्षित डेब्यू करेगी। पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के पदक विजेता, सहरावत ने मुंबई भर के कॉलेज छात्रों और जमीनी स्तर के पहलवानों के साथ बातचीत की, और पारंपरिक अखाड़ा प्रशिक्षण से लेकर दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच तक की अपनी यात्रा साझा की। मुंबई में सुबह-सुबह ट्रेनिग सेशन के साथ अपने दिन की शुरुआत करते हुए, सहरावत ने बाद में बांद्रा में एक कॉलेज मीट-एंड-ग्रीट के दौरान छात्रों के साथ बातचीत की, जहां उन्होंने युवा एथलीटों और खेल प्रेमियों को संबोधित किया, और इस विचार को मजबूत किया कि कुलीन सफलता अनुशासन, धैर्य और वर्षों के अनदेखे प्रयास पर बनती है। एस्पेक्ट ग्लोबल वेंचर्स की कार्यकारी अध्यक्ष और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल की मालिक, अक्ष कंबोज ने कहा कि एक नई फ्रेंचाइजी के तौर पर, हमारे लिए सही संदेश के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। अमन उस चीज का प्रतीक हैं जिसके लिए हम टीओएमडी को खड़ा करना चाहते हैं, जो कि जमीनी स्तर की ताकत, अनुशासन और प्रक्रिया में विश्वास है। यह दौरा सिर्फ प्रो रेसलिंग लीग में हमारे आगमन की घोषणा करने के बारे में नहीं था, यह यह दिखाने के बारे में था कि हम किस तरह की टीम बना रहे हैं। इस दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक सहरावत का माटुंगा अखाड़े का दौरा था, जहां उन्होंने प्रशिक्षण मुकाबलों को देखा, युवा पहलवानों के साथ करीब से बात. चीत की, और उस प्रशिक्षण माहौल में कदम रखा जो भारतीय कुश्ती की जमीनी संस्कृति को परिभाषित करता है। एक ओलंपिक पदक विजेता की उसी मिट्टी पर खड़े होने की तस्वीर, जहां भविष्य के पहलवान प्रशिक्षण लेते हैं, ने खेल की भावना और टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल जिस लोकाचार का निर्माण कर रहे हैं, उसे दर्शाया। टाइगर्स इस सीजन में एक नई फेंचाइजी के रूप में स्पष्ट इरादे के साथ प्रो रेसलिग लीग में प्रवेश कर रहे हैं, उन्होंने 2026 की नीलामी में सहरावत को 51 लाख रुपये में हासिल किया है, जिससे वह लीग में सबसे अधिक भुगतान पाने वाले भारतीय पहलवानों में से एक बन गए हैं और टीम के डेब्यू अभियान की आधारशिला हैं। सहरावत कहा कि प्रो रेसलिंग लीग के पहले सीजन में टाइगर्स ऑफ मुंबई दंगल को रिप्रेजेंट करना रोमांचक है, और मैं चाहता हूं कि युवा पहलवान यह विश्वास करें कि उनका रोजाना का संघर्ष मायने रखता है। प्रो रेसलिंग लीग 16 जनवरी को शुरू होने वाली है, और सहरावत के मुंबई टूर ने टीओएमडी के पहले सीजन के लिए मंच तैयार करने में मदद की है, जिससे शुरुआती चर्चा हुई है और फेंचाइजी को एक ऐसी फ्रेंचाइजी के रूप में रेखांकित किया गया है जो परंपरा में निहित है, फिर भी प्रतिस्पर्धी उत्कृष्टता पर दृढ़ता से केंद्रित है।

## बोनस-पॉइंट जीत से प्रिटोरिया कैपिटल्स टॉप पर

**सेंचुरियन, वार्ता।** प्रिटोरिया कैपिटल्स एमआई केप टाउन पर 53 रन की बोनस-पॉइंट जीत के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई, यह उनकी लगातार तीसरी जीत थी। इस हार से एमआई सीटी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे आ गई और प्लेऑफ में पहुंचने की सभी उम्मीदें खत्म हो गईं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कैपिटल्स ने अच्छी शुरुआत के बावजूद पावरप्ले में सिर्फ 41 रन बनाए।

कॉनर एस्टरहुइजन ने ट्रेंट बोल्ट के दूसरे ओवर में तीन चौके लगाकर शुरुआत की, जबकि शाई होप ने तीसरे ओवर में लिडे की गेंद पर छक्का लगाया। हालांकि, बाएं हाथ के स्पिनर ने तुरंत वापसी करते हुए अगली ही गेंद पर होप को आउट कर दिया। एस्टरहुइजन अपनी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए और पांचवें ओवर में कगिसो रबाडा की गेंद पर बोल्ड हो गए।

# सेना प्रमुख की सफाई

भारतीय सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने सेना दिवस से पहले अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण सवालों के जवाब दिए। कई मामलों पर उन्होंने चेताया भी साथ ही देश को पूरी तरह आश्वस्त भी किया कि देश सुरक्षित हाथों में है और सुरक्षा को लेकर कोई बड़ी चिंता करने की बात नहीं है। उन्होंने जहां ऑपरेशन सिंदूर को पूरी तरह सफल बताया और कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह भारत की योजन के अनुसार चला और जो भारत के लक्ष्य थे, उनको केवल 22 मिनट के भीतर ही पूरा कर लिया गया, लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अभी पाक की तरफ से नापाक हरकतें कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं। उनका कहना था कि नियंत्रण रेखा के पास अभी भी आठ से दस आतंकवादी शिविर सक्रिय हैं, जिनमें 100 से 150 आतंकवादी हैं। उनके अनुसार संतोष की बात यह है कि आतंकवादियों की भर्ती पिछले काफी समय से नहीं हो रही है। हालांकि उन्होंने माना कि जम्मू कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। चीन के संबंध में भी उन्होंने बेबाकी से सवालों के जवाब दिए। सेना प्रमुख के अनुसार उत्तरी सीमा से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति नियत बनी हुई है, लेकिन सतर्कता की निरंतर जरूरत है। शक्सगाम पाक के कब्जे वाले कश्मीर में है। चीन वहां निर्माण कर रहा है। द्विवेदी ने इस पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि चीन व पाक के बीच 1963 के समझौतों को भारत कभी नहीं मानेगा और यह गैर कानूनी है। अच्छी बात यह है कि भारत और चीन के बीच बातचीत का दौर जारी है। मतलब साफ है कि भारत की सीमाओं पर मिली जुली प्रतिक्रिया देखने में आ रही है और उसका लब्बोलुबाब यही है कि भारत को अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की आवश्यकता है और वह भारत बरतता भी दिखाई दे रहा है। द्विवेदी ने जिस तरह भारतीय सेना की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया, उससे भी बात समझ में आती है कि भारतीय सेनाएं भलीभांति जानती हैं कि क्षेत्र के स्तर पर उनके सामने किस तरह की चुनौतियां हैं और उसी चुनौतियों के अनुसार वह अपनी ओर से तैयारी भी कर रही है। जैसीकि द्विवेदी ने कहा भी कि ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के समय दस मई की सुबह तीनों सेनाओं को शीर्ष स्तर पर दिए गए कुछ निर्देशों के बाद पाक को समझ में आ गया कि अब युद्ध रोकने का समय आ गया है। उनके अनुसार भारतीय सेना उस समय पूर्ण जमीनी ऑपरेशन के लिए तैयार थी पर पाक को इसकी भनक भी लग गई थी। जैसाकि हम जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर चार दिन चला था। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर समय-समय पर कुछ विवादित बातें भी सामने आती रही हैं लेकिन भारतीय सेना प्रमुख की टिप्पणी से अब यह साफ हो गया है कि उन विरोधाभासी बातों में कोई दम नहीं है।

## मनरेगा बचाओ संग्राम को व्यापक समर्थन



सरकार के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा को खत्म करने के खिलाफ पार्टी के दस जनवरी से शुरू हुए मनरेगा बचाओ संग्राम को पूरे देश में व्यापक समर्थन मिल रहा है और कर्नाटक, केरल सहित कई राज्यों में इस अभियान को गति देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए, ऐतिहासिक मनरेगा के स्थान पर वीबी-जी राम जी कानून लाने के केंद्र के विनाशकारी फैसले के खिलाफ राष्ट्रव्यापी मनरेगा बचाओ संग्राम के हिस्से के रूप में केरल कांग्रेस के दिन-रात के धरने की शुरुआत की, देश के हर हिस्से की तरह केरल में भी केंद्र के इस कदम को व्यापक रूप से खारिज किया गया है और लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक सरकार मनरेगा कानून को वापस नहीं लेती है।

**-केसी वेणुगोपाल, महासचिव, कांग्रेस**

# गंभीर बीमारियों का खतरा दूर करने के लिए रागी और आंवला को अपनाएं





रागी एक सर्वश्रेष्ठ अनाज है जो सुनहरे या काले रंग में आता है। यह सरसों के बीज जैसा होता है। एक समय था जब रागी का सेवन मुख्य रूप से ग्रामीणों और गरीब समुदायों द्वारा किया जाता था, लेकिन जैसे-जैसे इसके स्वास्थ्य लाभों को बारे में लोगों को पता चला है तो इसे अमीर लोगों के आहार में भी अपनी जगह बना ली। हालांकि, अब केंद्र सरकार द्वारा बाजरा को बढ़ावा देने के साथ, रागी लगातार महंगी हो गई है, कभी-कभी इसकी कीमत सौ रूपए की हो जाती है।

**रागी में मौजूद हैं कई पोषक तत्व**

रागी कैल्शियम, विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर है और हृदय रोग, डायबिटीज और मांसपेशियों के स्वास्थ्य जैसी स्थितियों के लिए फायदेमंद है। अमेरिकन नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन (एनसीबीआई) का शोध कैंसर के खतरों को कम करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला है। आइए आपको रागी के फायदे बताते है।

**रागी के फायदे**

**हड्डियों को मजबूत बनाता है**

रागी में कैल्शियम, जिंक और फास्फोरस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से हड्डियां मजबूत होती हैं और इसके अलावा जीवन में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम हो सकता है।

**डायबिटीज को मैनेज करता**

रागी ग्लूटन-फ्री होता है और इस आहार में फाइबर अधिक मात्रा में होती है। जिससे यह कम ग्लाइसेमिक भोजन बनाता है। एक शोध के मुताबिक रागी के सेवन से ब्लड शुगर लेवल को कम करने में मदद करता है। रागी में 0.38 प्रतिशत कैल्शियम, 18 प्रतिशत फाइबर और 3 प्रतिशत फेनोलिक यौगिक होते हैं, जो इसे डायबिटीज विरोधी और ट्यूमर विरोधी बनाते हैं।

**कैंसर का खतरा कम होता है**

एनसीबीआई के शोध के अनुसार, रागी में कैंसर से लड़ने गुण होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद करता है। अध्ययन में पता चला है कि रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक पेट के कैंसर से लड़ने में मदद करता है। इतना ही नहीं, राागी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व कोशिकाओं से मुक्त कणों को भी कम करता है, इससे ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है, इससे कैंसर कोशिकाओं का बढ़ना मुश्किल हो जाता है।

**हार्ट को हेल्दी रखता**

हेल्थलाइन के मुताबिक, रागी में मौजूद फाइबर पेट में एक चिपचिपे पदार्थ में बदल जाता है, जो फैट्स के जमाव से जुड़ जाता है। इसके सेवन से बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल का खतरा कम होता जाता है। अध्ययन के मुताबिक रागी के सेवन से ट्राइग्लिसराइड के स्तर को कम करने में मदद करता है।

**एजिंग को दूर करता है**

शोध के मुताबिक, रागी में मौजूद फेनोलिक यौगिक त्वचा को चमकदार बनाता है। इसके अलावा शारीरिक कार्यों को भी तेज करता है। रागी के खाने से उम्र बढ़ने के प्रभावों को भी कम करता है।

डिस्क्लेमर: इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## पाचन की समस्याओं को दूर करने के लिए घर पर बनाएं आंवले की गोली

आंवला एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर होता है। आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करने में कारगर साबित हो सकता है। आंवले के सेवन से हेल्थ ठीक रहती है। आंवले का जूस पीने से शरीर हेल्दी है। आंवले को डाइट में शामिल करने से पाचन संबंधी समस्याओं में लाभदायक होता है। आप भी अपने घर पर बेहद आसान तरीके से डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां बनाएं। इसे बच्चे से लेकर बड़े भी खूब खाना पसंद करेंगे।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने के लिए सामग्री**

500 ग्राम आंवला, एक कप गुड़, सेंधा नमक स्वादानुसार, काला नमक एक चम्मच, काली मिर्च पाउडर एक चम्मच, भुना जीरा 1 चम्मच, आधा कप पिसी चीनी, एक चौथाई चम्मच हींग, नींबू का रस।

**आंवले की खट्टी-मीठी गोली बनाने की विधि**

इसके लिए आप आंवले को अच्छे से धो लें। इसके बाद कूकर में उबाल लें। उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएं तो आवले की गुठली को निकाल दें। अब आप आंवलों को मिक्सी में डालकर पीस लें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बारीक पीसा हुआ। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल करें। इसके बाद पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। इसके साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी जरुर डालें। धीरे-धीरे मिक्स करते हुए आप इसे भूनें। गैस को धीमा ही रखें फिर अब इसमें सारे मसाले डाल दें। भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डाल दें, फिर इसे अच्छे से भूनें। आप इसे जब तक चलाएं कि ए गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा हो जाए तो इकट्ठा तो गैस को बंद कर दें और इसे ठंडा होने दें। प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें। तैयार है आंवले की गोली।

# बजट है कम और चाहते हैं घूमना तो यहां जरूर जाएं

**सोलन हिमाचल प्रदेश में स्थित एक छोटा और सबसे खूबसूरत हिल स्टेशन है। पर्यटकों के लिए यह जगह जन्नत से कम नहीं है। चौल में एक जगह है साधुपुल। इस जगह की खास बात है कि यहां आप छोटी सी नदी के बीच में टेबल लगाकर नाश्ता कर सकता हूं। जरा सोचिए, बीच नदी में चाय नाश्ता का आनंद ले सकते हैं। परवाणु- हिमाचल प्रदेश का परवाणु गर्मियों में घूमने के लिए अच्छी जगह है। यहां पर काफी शांति मिल जाएगी आपको। देखा जाए तो 760 मीटर की ऊंचाई पर बसा परवाणु हिमालय का प्रवेश द्वार है। यहां आकर आप टिम्बर ट्रेल, फलों के बाग, गुरुद्वारा नाडा साहिब, पिंजोर गार्डन, मंसा देवी मंदिर और कैक्टस गार्डन को देखना बिल्कुल भी मत भूलना। परवाणु जाने के लिए नजदीकी एयरपोर्ट चंडीगढ़ एयरपोर्ट है। वहीं अगर आप ट्रेन से जाना चाहते हैं तो कालका से यहां के लिए आपको ट्रेन मिल सकती है।**

अगर आप भी कम बजट में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो काठमांडू आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह नेपाल के खूबसूरत शहरों की लिस्ट में शामिल है। काठमांडू घूमना अन्य विदेशी लोकेशन के मुकाबले काफी सस्ता है। नेपाल में काठमांडू एक ऐसी जगह है, जहां पर पर्यटकों की भारी भीड़ लगी रहती है। यहां की फेमस जगहों पर घूमने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं। बता दें कि यह जगह इतनी ज्यादा सुंदर है कि आपका यहां पर घंटों रुकने का मन करेगा।

**गार्डन ऑफ ड्रीम्स**

गार्डन ऑफ ड्रीम्स को एक्सप्लोर कर आपको लगेगा कि आप सपनों के बगीचे में पहुंच गए हैं। क्योंकि यहां की खूबसूरती आपका मन मोह लोगी। यह काठमांडू का फेमस पर्यटन स्थल है। अगर आप घूमने के बाद थक गए हैं, तो आपको गार्डन ऑफ ड्रीम्स जरूर जाना चाहिए। यहां की ताजगी आपको तनाव से राहत देने का काम करेगी। बता दें कि इस गार्डन को 1920 के दशक में बनाया गया था।

आप जैसे ही इस उद्यान में प्रवेश करेंगे, तो आपको हरी घास, फव्वारे और रंग-बिरंगे फूलों का नजारा देखने को मिलेगा। जो आपके मन को खुश कर देगा। बता दें कि काठमांडू एक व्यस्त शहर है। ऐसे में आप शांति और सुकून की तलाश में यहां आ सकते हैं।

**तौदाहा झील**

आपको बता दें कि काठमांडू से लगभग 6 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में तौदाहा झील है। यह शांत और मीठे पानी की झील है। यहां की दलदली भूमि और हरी-भरी पहाड़ियां पर्यटकों को खासी पसंद आती हैं। वहीं अगर आप प्रकृति प्रेमी हैं और फोटोग्राफी आदि का शौक रखते हैं, तो आपको यह जगह जरूर पसंद आएगी।



**पशुपतिनाथ मंदिर**

बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर पूरी दुनिया में फेमस है। यह मंदिर काठमांडू शहर के केंद्र से लगभग 5 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। पशुपतिनाथ मंदिर तक आने के लिए आपको टैक्सी, बस या निजी वाहन लेना पड़ेगा। इसके अलावा आप यहां पर स्वयंभू मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह काठमांडू शहर से करीब 2 किमी दूर वेस्ट में स्थित है। इस मंदिर को लोग बंदर मंदिर के नाम से भी जानते हैं। स्वयंभू मंदिर काठमांडू घाटी के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित है। आप बौद्धनाथ मंदिर के भी दर्शन कर सकते हैं। यह नेपाल के सबसे बड़े स्तूपों में से एक है।

## हरियाणा के पिंजौर से एकदम नजदीक हैं ये पांच हिल स्टेशन

इस समय देश के ज्यादातर हिस्सें में गर्मी का कहर बरपा रही है। ऐसे में लोग हिल स्टेशन पर छुट्टियां बिताते हैं। यहां गर्मी से राहत तो मिलती है, साथ ही सुकूं भी बहुत मिलता है। वैसे तो भारत में कई हिल स्टेशन हैं, जहां हर साल लोग घूमने जाते हैं। लेकिन आज हम आपको हरियाणा के पिंजोर के आसपास स्थित हिल स्टेशनों के बारे में बताने जा रहे हैं। यह हिल स्टेशन ऑफबीट हिल स्टेशन की कैटेगरी में आते हैं। बता दें कि पिंजोर हिमाचल प्रदेश के काफी करीब है, यह जगह एक्सप्लोर करना किसी जन्नत से कम नहीं है। पिंजोर से 29 किमी दूर कसौली एक बहुत ही सुंदर जगह है और हिमाचल प्रदेश के सोलन में पड़ती है। ऊंचे पहाड़, घास के मैदान लोगों को भीड़ से दूर सुकून के कुछ पल देते हैं। यहां आप एडवेंचर राइडिंग और रोप वे ट्रेकिंग का मजा ले सकते हैं। इसके अलावा क्राइस्ट चर्च, सनसेट और मंकी पॉइंट देखने लायक जगह यहां एक हनुमान मंदिर भी है, जिसके बारे में कहा जाता है कि संजीवनी बूटी लाने के लिए हनुमान ने यहां अपना पैर रखा था।

**सोलन**-अगर आप भी पहाड़ घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप एक बार सोलन नहीं घूमा, तो इस बार यहां का टूर प्लान जरुर करें। प्राकृतिक नजारों से भरपूर है सोलन। यहां पर एक प्राचीन मंदिर है और कई पर्यटक स्थल है। पिंजोर से 48 किमी दूरी पर बसा सोलन मार्च से नवंबर तक घूमने लायक होता है। यहां पर बॉन मठ, क्राइस्ट चर्च, डगशाई जेल म्यूजियम, कुथार का किला और गिलबर्ट ट्रेल पॉपुलर ट्रेवल डेस्टिनेशन हैं।

# भविष्य की चिंता: क्या यादों को मिटने से टाला जा सकेगा

हमारी याद्दाश्त एकदम पक्की हो, यह तो हम सभी की इच्छा होती है। लेकिन फिर भी हमारे दिमाग से कई बातें बिसर जाती हैं। बिसरना, स्मृति का दूसरा पहलू है जो जीवों को बदलते पर्यावरण के अनुरूप ढलने में मदद करता है। इसलिए स्मृति को पूरी तरह से समझने के लिए उनके बनने के साथ-साथ उनके बिसरने को भी समझने की जरूरत है, जिसके प्रयास वैज्ञानिक करते आए हैं। ऐसे ही एक प्रयास में, तेल अवीव यूनिवर्सिटी के अनुवांशिकीविद ओदेद रेचावी और उनकी एक छात्रा डैना लैंडशाफ्ट बर्लिनर ने गोलकृमि (Caenorhabditis elegans) की अल्पकालिक याद्दाश्त बढ़ाने का प्रयास किया। दरअसल, CA elegans कोई भी नई जानकारी सीखने के दो-तीन घंटे बाद ही उसे भूल जाते हैं। तो, पहले तो शोधकर्ताओं ने कृमियों को उनकी एक पसंदीदा गंध को नापसंद करने के लिए प्रशिक्षित किया।

इसके लिए उन्होंने इस गंध को कृमियों को तब सुंघाया जब वे बहुत देर के भूखे थे। गंध नापसंद करना सीखने के दो घंटे बाद कृमि गंध के साथ बने इस नकारात्मक सम्बंध को भूल जाते थे और गंध की ओर फिर खिंचे चले जाते थे। यानी यदि वे गंध की ओर जाने लगें तो माना गया कि वे नापसंदगी को भूल गए हैं। फिर शोधकर्ताओं ने कृमियों को बर्फ में रखा। पाया कि कम से कम 16 घंटे तक ठंडे में रखने पर कृमियों की गंध सम्बंधी स्मृति बनी रहीं। लेकिन, जैसे ही उन्हें बर्फ से हटाया गया तो उनके स्मृति लोप की घड़ी चालू हो गई और तीन घंटे बाद वे गंध के प्रति अपनी घृणा को भूल गए। एक अन्य प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कृमियों को पहले रात भर बर्फ में रखा ताकि वे ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित हो जाएं और फिर उन्हें गंध प्रशिक्षण दिया। और इसके बाद उनकी स्मृति बने रहने का समय मापा। वे हमेशा की तरह जल्दी ही गंध को भूल गए थे। एक और प्रयोग में उन्होंने कृमियों के एक समूह को लीथियम औषधि (दरअसल लीथियम का लवण) दी और एक को कंट्रोल के तौर पर रखा। फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है।



उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है, जो ठंड के कारण बढ़ जाती है। जिन कृमियों की कोशिका झिल्ली सामान्य कृमियों की कोशिका झिल्ली से अधिक सख्त थी, उनकी भूलने की दर सामान्य कृमियों की तुलना में धीमी थी, यहां तक कि सामान्य तापमान पर भी। इससे लगता है कि झिल्ली का सख्त होना भूलने को टालता है। ये नतीजे बायोआर्काइव प्रीप्रिंट में प्रकाशित हुए हैं और समकक्ष समीक्षा के मुंतजिर है। स्मृति बनने-बिगड़ने के महत्व के मद्देनजर शोधकर्ता अन्य जीवों पर भी प्रयोग कर रहे हैं।

**-साभार**

**फिर उन्होंने कृमियों में गंध से नापसंद का सम्बंध बैठाया। उन्होंने पाया कि लीथियम ने सामान्य तापमान पर भी उनकी स्मृति 5 घंटे बरकरार रखी थी, लेकिन ठंडे वातावरण के प्रति अनुकूलित कृमियों में लीथियम देने से उनकी स्मृति पर कोई असर नहीं पड़ा थाय उनकी स्मृति उसी रफ्तार से मिटी जितनी रफ्तार से गैर-लीथियम समूह की मिटी थी। शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें डायएसाइलग्लिसरॉल नामक एक संकेतक अणु की भूमिका लगती है। CA elegansesa यह अणु स्मृति और सीखने से सम्बंधित कोशिकीय प्रक्रिया को घटाने-बढ़ाने का काम करता है और गंध-स्मृति के लिए अहम होता है। उनके इस निष्कर्ष का आधार यह है कि जब बर्फ एवं लीथियम से स्मृति लंबे समय तक बनी रही थी, तब उनमें डायएसाइलग्लिसरॉल के स्तर में कमी देखी गई थी। यह इसलिए भी उचित लगता है कि लीथियम उस एंजाइम को बाधित करने के लिए जाना जाता है जो डायएसाइलग्लिसरॉल का जनक है। बायपोलर समस्या-ग्रस्त व्यक्तियों में लीथियम की उपयोगिता का आधार शायद यही प्रक्रिया है। यह भी दिखा कि स्मृति का बने रहना कोशिका झिल्ली की कठोरता से भी जुड़ा है।**



अनंतनाग। गडोल कोकरनाग इलाके में चल रहे तलाशी अभियान के दौरान पहरा देते सुरक्षाकर्मी।

## अमेरिकी आपातकालीन सेवाओ को फर्जी कॉल करने के आरोप में किशोर गिरफ्तार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के एक किशोर को अमेरिका में आपातकालीन सेवाओं को कई फर्जी (स्वैटिंग) कॉल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस (एएफपी) ने कहा कि उसने अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) से एक ऑनलाइन आपराधिक नेटवर्क के ऑस्ट्रेलियाई सदस्य के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद जांच शुरू की, जिस पर प्रमुख संस्थानों की स्वैटिंग से जुड़े होने का संदेह था। जांच के परिणामस्वरूप 18 दिसम्बर, 2025 को एनएसडब्लयू के एक घर में तलाशी वारंट जारी किया गया और कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और एक प्रतिबंधित हथियार जब्त किया गया।

# अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

## अमेरिका को 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, 300 सालों से यह डेनमार्क का हिस्सा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन ने ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड एक्ट नाम से एक बिल पेश किया है। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद रैंडी फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसके बाद संसद को राज्य बनने के लिए जरूरी सुधारों की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी, अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा। हालांकि, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है इसे हाउस और सीनेट दोनों में पास होना है। कई एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ग्रीनलैंड पर पिछले 300 सालों से डेनमार्क का कंट्रोल है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने बिल पेश करने के बाद सोशल मीडिया पर यह पोस्टर शेयर किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि ग्रीनलैंड अमेरिकी रक्षा के लिए जरूरी है। उन्होंने हाल ही में कहा था कि अमेरिका को ग्रीनलैंड की जरूरत है और वे इस दिशा में कदम उठा रहे हैं, चाहे दूसरे देश इसे पसंद करें या नहीं। ट्रम्प प्रशासन ने ग्रीनलैंड के लोगों को अमेरिका में शामिल होने के लिए पैसे देने जैसे तरीकों पर भी चर्चा की है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों ने ट्रम्प के इस तरीके की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे अपमानजनक बताया। वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लगभग एक साल पहले पदभार संभालने के बाद से अब तक एक लाख से अधिक वीजा रद्द किए जा चुके हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी है। विभाग ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि रद्द किए गए वीजा में लगभग 8000 छात्रों के वीजा और 2500 स्पेशल वीजा उन लोगों के शामिल हैं जिनका आपराधिक गतिविधि लिप्त होने पर अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सामना हुआ था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अमेरिका को सुरक्षित रखने के लिए इन गुंडों को निर्वासित करते रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, ज्यादातर वीजा उन व्यापार और पर्यटक यात्रियों के रद्द किए गए जिन्होंने अपने वीजा की अवधि से ज्यादा समय तक देश में बिताया था। रद्द किए गए वीजा में से लगभग 8000 छात्रों के वीजा है, क्योंकि प्रशासन ने हाल के महीनों में छात्र वीजा की जांच बढ़ा दी है। मंत्रालय ने कहा कि इससे पहले 2025 में अमेरिकी सरकार ने कुछ सोशल मीडिया स्क्रीनिंग की शर्तें लागू की थीं, जिनका मुख्य उद्देश्य उन छात्रों को वापस भेजना था जिन्होंने गाजा में इजरायल की कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया है। विभाग ने मई के आखिर में दुनिया भर में अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावास विभाग को छात्र वीजा आवेदकों के लिए नए साक्षात्कार रोकने का आदेश दिया। जून में, विभाग ने अपने राजनयिक मिशनों को छात्र वीजा के लिए आवेदन करने वाले सभी विदेशियों के सोशल मीडिया और ऑनलाइन मौजूदगी की जांच करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि विस्तारित आव्रजन प्रवर्तन केवल छात्र वीजा तक सीमित नहीं है। अगस्त में, अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा था कि वह 5.5 करोड़ से अधिक अमेरिकी वीजा धारकों के रिकॉर्ड की समीक्षा कर रहा है, ताकि निर्वासन योग्य किसी भी उल्लंघनकर्ता की पहचान की जा सके।



- यह बहुत मुश्किल से पास होगा, क्योंकि यह अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है: एक्सपर्ट्स
- यह कदम रूस-चीन के प्रभाव को रोकने के लिए बहुत जरूरी है, यह बिल अभी सिर्फ पेश हुआ है

## संक्षिप्त समाचार

### रोड्रिगेज ने ईयू, स्विस ब्रिटेन के राजयनिकों से मुलाकात की

**काराकास।** वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड और ब्रिटेन के राजनयिकों से मुलाकात की है। विदेश मंत्री इवान गिल ने यह जानकारी दी है। गिल ने बातचीत को 'स्पष्ट' बताते हुए कहा कि हिस्सा लेने वालों ने आपसी रिश्तों की स्थिति की समीक्षा की और एक अच्छे रिश्ते को आगे बढ़ाने और गहरी बातचीत की अहमियत पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि रोड्रिगेज का संदेश साफ था, जिसमें उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देशों के सम्मान और बराबरी के फ्रेमवर्क के अंदर हम लोगों की भलाई के लिए एक नया एजेंडा आगे बढ़ाने को तैयार हैं।

### जॉर्जिया के पूर्व पीएम को धनशोधन मामले में पांच साल की सजा

**त्बिलिसी।** जॉर्जिया के पूर्व प्रधानमंत्री इराकली गैरीबाशविली को धनशोधन के आरोप में पांच साल जेल और दस लाख जॉर्जियन लारी (लगभग 370000 अमेरिकी डॉलर) जुर्माने की सजा दी गई है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। जॉर्जिया के लोक अभियोजक कार्यालय ने कहा कि गैरीबाशविली ने आरोपों को स्वीकार कर लिया है और समझौते की शर्तों पर सहमत हो गए, जिन्हें बाद में अदालत ने बरकरार रखा। उनकी आपराधिक गतिविधियों और उनके घर की तलाशी के दौरान जब्त किए गए धन को सरकारी खजाने में जमा करा दिया जाएगा।

### सोमालिया ने अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता खत्म किया

**मोगादिशु।** सोमालिया ने संयुक्त अरब अमीरात के साथ सैन्य सहयोग समझौता समाप्त कर दिया है। सोमालिया समाचार पोर्टल 'द अखबार' ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। पिछले सप्ताह यमन में सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात ने 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' के पूर्व नेता ऐदारस अल-जुबैदी को सोमालिया के रास्ते यमन से भागने में मदद की थी। इस घटना की जानकारी सोमालिया को नहीं दी गई थी।

### मध्य फिलीपींस में लैंडफिल ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के मध्य शहर सेबू में एक विशाल मलबा ढेर (लैंडफिल) ढहने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है, जबकि बचावकर्मी मंगलवार को लापता अन्य 25 श्रमिकों की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सेबू शहर के मेयर नेस्टर आर्चीवल ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि सभी 18 जीवित बचे लोग घायल हैं और अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है।

# ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर अमेरिका ने लगाया 40% शुल्क

## ट्रम्प ने दोहराया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा, कहा: यह आदेश अंतिम और निर्णायक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को ईरान के साथ कारोबार जारी रखने वाले देशों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। राष्ट्रपति ट्रम्प ने यह घोषणा ऐसे समय में की जब ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शन जारी हैं।

ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर एक पोस्ट में दोहराया कि यह फैसला 'तत्काल प्रभाव से' लागू होगा और इस बात पर जोर दिया कि यह 'आदेश अंतिम और निर्णायक है। उन्होंने कहा कि कोई भी देश जो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के साथ व्यापार कर रहा है उस देश पर यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू होगा। अमेरिका के साथ किए जाने वाले किसी भी और सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत शुल्क देना होगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। ट्रम्प लगातार चेतावनी देते रहे हैं कि यदि देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहे तो अमेरिका को ईरान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। इस बीच उन्होंने यह भी खुलासा किया कि तेहरान ने बातचीत के लिए अमेरिका से संपर्क किया है। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान बातचीत चाहता है, तो ट्रम्प ने कहा कि हां, वे चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने कल बातचीत के लिए फोन किया। ईरान के नेताओं ने फोन किया। वे बातचीत करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि वे अमेरिका से थक चुके हैं। ईरान बातचीत चाहता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि हालांकि एक बैठक की व्यवस्था की जा रही है लेकिन जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं। इस बीच, रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की और इसे ईरान के नेतृत्व को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की दिशा में 'बेहद प्रभावशाली' कदम बताया। ग्राहम ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ट्रम्प, आज आपके कदमों के जरिए इस शासन को आर्थिक रूप से अलग-थलग करने में आपका निर्णायक नेतृत्व बेहद प्रभावशाली है। प्रदर्शनकारियों के समर्थन और इस शासन को यह स्पष्ट संदेश देने का आपका वादा कि आप हत्याओं को बर्दाश्त नहीं करेंगे, ने इस कट्टर शासन की स्थापना के बाद से सबसे बड़े जन-आंदोलन को जन्म दिया है। मेरा मानना है कि ईरानी शासन सभी सीमाएं पार करते हुए बड़ी संख्या में अपने ही लोगों को मार रहे हैं और आपके नेतृत्व का धत्ता दिया जा रहा है। अब निर्णायक सैन्य कार्रवाई का समय है। राष्ट्रपति ट्रम्प के इस फैसले का भारत पर भी बड़ा असर पड़ सकता है, क्योंकि भारत ईरान के साथ निर्यात और आयात दोनों के माध्यम से महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बनाए हुए है। भारत पहले से ही अमेरिका को अपने निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क का सामना कर रहा है, जिसमें से 25 प्रतिशत शुल्क को अमेरिका भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से जोड़ता है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस के यूक्रेन युद्ध को वित्तीय मदद मिलती है। गौरतलब है कि भारत और ईरान प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं और हाल के वर्षों में भारत, ईरान के पांच सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल रहा है। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका की ईरान के साथ व्यापार करने वाले देशों पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 646 हो गई है।



- कहा: जमीनी हालात अमेरिका को बातचीत से पहले ही कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर सकते हैं
- रिपब्लिकन सीनेटर लिडसे ग्राहम ने 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले की सराहना की

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से तत्काल ईरान छोड़ने का किया आह्वान

**वॉशिंगटन।** ईरान में अमेरिका के ऑनलाइन दूतावास ने अपने नागरिकों से ईरान से तुरंत बाहर निकलने का आग्रह किया है। पूरे ईरान में इस समय विरोध प्रदर्शन बढ़ने और उनके हिसक रूप लेने पर यह चेतावनी जारी की गई हैं। ऑनलाइन दूतावास ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा कि दूतावास ने प्रदर्शनों के कारण गिरफ्तारियां, सड़क अवरोध, परिवहन में बाधा और इंटरनेट सेवा बंद होने की आशंका जताई है। दूतावास ने अमरीकी नागरिकों को आर्मेनिया और तुर्की के रास्ते सड़क मार्ग से ईरान छोड़ने को कहा है। साथ ही बयान में यह भी कहा गया कि अमेरिकी-ईरानी दोहरी राष्ट्रीयता वाले नागरिकों को ईरानी पासपोर्ट का उपयोग करके ईरान छोड़ना होगा, क्योंकि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देती। बयान में चेतावनी दी गई कि कि अमेरिकी नागरिक ईरान में पूछताछ, गिरफ्तार और हिरासत में लिए जाने के गंभीर जोखिम में हैं। एयरलाइनों ने ईरान के लिए या वहां से आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, और कई सेवाओं को शुक्रवार तक निलंबित कर दिया गया है।

## ब्रिटेन सुरक्षा नहीं दे सका, तो लंदन से वापस बुला लेंगे अपने राजनयिक: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अगर ब्रिटेन ईरान के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहता है तो ईरान को लंदन में अपने दूतावास के कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अराघची ने सोमवार को एक्स पर कहा कि आज शाम ब्रिटेन के विदेश सचिव के साथ फोन पर बातचीत में मैंने यह साफ कर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनी दायित्वों के तहत, ब्रिटेन ईरान के लंदन दूतावास और वाणिज्य दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है। अगर ब्रिटेन राजनयिक मिशनों की रक्षा करने का अपना कर्तव्य नहीं निभा सकता है, तो ईरान के पास अपने कर्मचारियों को निकालने पर विचार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि मैंने ब्रिटेन से ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का भी आग्रह किया, जिसमें न्यूज संगठनों के रूप में काम कर रहे इजरायली समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई न करना शामिल है।

## दावा: ईरान में अब तक 12 हजार लोगों की हत्या

- ज्यादातर की उम्र 30 साल से कम, जर्मनी बोला: ईरान में सरकार का खेल खत्म

**वाशिंगटन।** ईरान में 12 हजार प्रदर्शनकारियों की हत्या का दावा किया जा रहा है। ईरान से जुड़े मामलों को कवर करने वाली ब्रिटिश वेबसाइट ईरान इंटरनेशनल ने दावा किया है कि ये हत्याएं पिछले 17 दिनों में हुई हैं। वेबसाइट ने इसे ईरान के आधुनिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा हत्याकांड बताया है।

वहीं रायटर्स न्यूज एजेंसी ने ईरानी अधिकारियों के हवाले से मरने वालों की संख्या 2000 बताई है। वेबसाइट का कहना है कि यह जानकारी कई सोर्सज पर आधारित है। इस डेटा की कई लेवल पर जांच की गई और सख्त प्रोफेशनल स्टैंडर्ड के मुताबिक पुष्टि के बाद ही इसे जारी किया गया। ज्यादातर मारे गए लोग 30 साल से कम उम्र के थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ज्यादातर हत्याएं 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' और 'बसीज फोर्स' ने गोली मारकर की है और ये सब सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के आदेश पर हुआ। दावा किया गया है कि अधिकतर हत्याएं 8 और 9 जनवरी की रात को हुई। सरकार इंटरनेट और कम्युनिकेशन को ठप कर अपने अपराध दुनिया से छुपा रही है। वहीं भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज ने मंगलवार को कहा कि ईरान में सरकार का खेल खत्म हो चुका है।

## बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

### 28 साल के आटो ड्राइवर को धर लौटते वक्त मारा चाकू, 23 दिन में 7 हिंदुओं का मर्डर

**ढाका।** बांग्लादेश के दक्षिणी हिस्से चटगांव डिवीजन के फेनी जिला स्थित दागनभुइयां में रविवार रात अज्ञात बदमाशों ने 28 साल के हिंदू युवक समीर कुमार दास की पीट-पीटकर और चाकू मारकर हत्या कर दी।

उसका आटोरिक्शा भी लूट लिया गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, समीर रविवार शाम करीब 7 बजे आटोरिक्शा लेकर घर से निकला था। देर रात तक जब वह नहीं लौटा तो परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब 2 बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला। दागनभुइयां थाने के एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, समीर की हत्या में देसी हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। प्राथमिक जांच में लग रहा है कि हत्या पहले से प्लानिंग के तहत की गई थी। जांच जारी है और अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बांग्लादेश में 23 दिनों के दौरान हिंदू की हत्या की ये 7वीं घटना है। इससे पहले 5 जनवरी को बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में एक हिंदू दुकानदार की धारदार हथियारों से हत्या कर दी गई थी। मृतक 40 साल का शरत चक्रवर्ती मणि था। बांग्लादेश के मादारीपुर में मंगलवार को एक हिंदू टीचर पर स्कूल में घुसते समय हमला किया गया। शिक्षक का नाम अनादी बिस्वास है। उन पर हथौड़े से वार किया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। 35 साल के अनादी बिस्वास को तुरंत गंभीर हालत में मादारीपुर के जिला अस्पताल ले जाया गया। हमले के विरोध में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे स्कूल के शिक्षक और छात्रों ने ह्यूमन चेन बनाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मांग की कि हमले में शामिल दोनों युवकों को जल्द गिरफ्तार कर सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। अस्पताल के डाक्टर अखिल सरकार ने बताया कि अनादी बिस्वास के सिर में गंभीर चोट आई है और उन्हें 6 टांके लगे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है और वे खतरे से बाहर नहीं हैं। सिर के अलावा शरीर में कोई और बड़ी चोट नहीं मिली है।



- रात करीब दो बजे जगतपुर गांव के एक खेत में स्थानीय लोगों को उसका शव मिला

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के दस मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसैनिकों ने मंगलवार सुबह समुद्र में मछली पकड़ते समय तमिलनाडु के 10 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया। मत्स्य पालन विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विभाग के सूत्रों के अनुसार, जब रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम द्वीप के मछुआरे नेदुनतीवू के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करने के आरोप में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने उनकी नाव जब्त कर ली और आगे की कार्रवाई के लिए सभी मछुआरों को श्रीलंका के जाफना ले गई। मछुआरों की गिरफ्तारियों से तटीय जिलों के मछुआरा समुदाय में काफी नाराजगी है। इसका सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ता है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने मछुआरों की रिहाई के लिए राजनयिक स्तर पर कदम उठाने के लिए कई बार केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। उन्होंने इस जटिल समस्या का स्थाई समाधान खोजने के लिए दोनों देशों के मछुआरों के 'संयुक्त कार्य समूह' की बैठक बुलाने की भी मांग की है। इसके बावजूद गिरफ्तारियां जारी रहने से राज्य के मछुआरा समाज में गहरी चिंता पैदा कर दी है। विभिन्न मछुआरा संघों ने मछुआरों की गिरफ्तारी की बार-बार होने वाली घटनाओं की निंदा की है।

# सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 32 की मौत

## चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है

**खार्तूम।** मध्य और दक्षिण सूडान में सोमवार को रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के ड्रोन हमलों में 32 लोग मारे गए एवं 86 अन्य घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

सिन्नार के एक सरकारी सूत्र ने बताया कि मध्य सूडान के सिन्नार राज्य के सिन्जा शहर में एक सैन्य शिविर पर आरएसएफ के ड्रोन हमले में कम से कम 27 लोग मारे गए और 73 अन्य घायल हो गए एवं चोटों की गंभीरता के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एक चश्मदीद ने कहा कि हमले में सूडानी सेना के 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय और पास की बिजली और पानी की सुविधाओं को निशाना बनाया गया था। उन्होंने कहा कि शहर में एक साथ और जोरदार धमाके हुए, साथ ही सूडानी सेना के एंटी-एयरक्राफ्ट फायर की आवाज भी आई और बताया कि घायलों को राज्य के कई अस्पतालों में ले जाया गया। जानकार सूत्रों ने लक्षित की गई जगह की पुष्टि की और कहा कि हमला एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक के दौरान हुआ, जिसमें सिन्नार, व्हाइट नाइल और ब्लू नाइल राज्यों के गवर्नर के साथ ही सैन्य और सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए थे। हमला सीधा बैठक हॉल पर हुआ। सिन्नार राज्य सरकार ने भी एक बयान जारी कर कहा कि सिजा को सोमवार दोपहर आरएसएफ के एक रणनीतिक ड्रोन ने निशाना साधा था और सूडानी सेना के वायु रक्षा प्रणाली ने ड्रोन को घेर लिया। बयान में आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई। इस बीच, आरएसएफ कमांडर के सलाहकार एल बाशा ताबिग ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि 17वें इन्फैंट्री डिवीजन मुख्यालय पर हमले कोई अलग घटना नहीं है। उन्होंने कहा कि जो हुआ वह सैन्य नेतृत्व और युद्ध जारी रखने का समर्थन करने वालों को एक सीधा संदेश देता है और आने वाले समय में और बढ़ने की धमकी दी। इस बीच, स्वयंसेवी डॉक्टरों और चश्मदीदों ने कहा कि सोमवार को सूडान के दक्षिणी कोर्डोफन राज्य के एक बाजार में ड्रोन हमले में पांच नागरिक लोग मारे गए और 13 अन्य घायल हो गए। एक स्वयंसेवी समूह, सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि सुबह का हमला अल-जिबल अल-सिट्टा (सिक्स माउंटेन्स) इलाके में करतला बाजार को लक्ष्य करके किया गया था।



- सिन्नार राज्य सरकार ने आम लोगों के हताहत होने की बात मानी, लेकिन सही संख्या नहीं बताई

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के शिकार रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर